वाराणसी, मंगलवार 28 जनवरी, 2025
माघ, कृष्ण पक्ष 14, वर्ष 13, अंक 350, पृष्ठ 12, मूल्य : 5.00



परख सच की
# जनसंदेश टाइम्स
वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

अन्दर : लोकतंत्र और संविधान का अवमूल्यन



अन्दर : भविष्य के धार्मिक स्थलों का स्वरूप क्या होगा ?

नगर संस्करण
E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
(प्रा0लि0)
सोने, चॉंदी, हीरे, प्लेटिनम एवं कुंदन के आभूषण
• 916 हॉलमार्क ज्वेलरी •
रथयात्रा : 8303173010
अर्दली बाजार : 9696470424
ठठेरी बाजार : 8318650589
SUNDAY OPEN
•रथयात्रा•अर्दली बाजार•चौक(ठठेरी बाजार) वाराणसी
•पार्किंग की सुविधा उपलब्ध•

## संक्षेप

### चैंपियन को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**हरिद्वार।** खानपुर पूर्व विधायक कुंवर प्रणव सिंह चैंपियन को सीजेएम कोर्ट से 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस आदेश के बाद चैंपियन समर्थकों ने कलेक्ट्रेट चौराहे पर हंगामा शुरू कर दिया है। वे उमेश कुमार को बर्खास्त करने की मांग कर रहे हैं। मामला खानपुर विधायक शर्मा के ऑफिस पर फायरिंग का है। रविवार को पूर्व विधायक चैंपियन ने उमेश कुमार के कार्यालय पर पहुंचकर फायरिंग की थी। इसके वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। बता दें कि चैंपियन और कुमार के बीच अपशब्द कहने को लेकर विवाद हो गया था।

### सुरेश जालान ने खरीदा 90 करोड़ का प्राइवेट जेट

**गिरिडीह।** सुरेश जालान ने एक प्राइवेट जेट खरीदा है। झारखंड के सबसे बड़े कार्बन रिसोर्स कंपनी के मालिक सुरेश जालान ने 10 सीटों वाले विमान का 90 करोड़ रुपए में सौदा किया है। दरअसल, देश के अमीर कारोबारियों में 299वां स्थान रखने वाले गिरिडीह के मशहूर उद्योगपति सुरेश जालान ने 90 करोड़ रुपए की लागत से एक प्राइवेट जेट खरीदा है। 10 सीटों वाले इस विमान ने स्विट्जरलैंड से उड़कर गिरिडीह हवाई अड्डा यानी बोरो एयरोड्रम पर अपनी पहली लैंडिंग की।

### मानेसर पुलिस ने तीन बांग्लादेशियों को पकड़ा

**गुरुग्राम।** गुरग्राम के मानेसर थाना पुलिस ने तीन बांग्लादेशियों को पकड़ा है। उनके पास से बंगाल के आधार कार्ड बरामद हुए हैं। पूछताछ में पता चला कि इन्होंने 8000 रुपये में फर्जी आधार कार्ड बनवाए थे। तीनों भाई-बहन हैं।

# वक्फ संशोधन विधेयक को जेपीसी की मंजूरी

**विपक्ष के सारे सुझाव नकारे**

**14 बदलाव किए गए इसमें**

**बोर्ड में 2 गैर-मुस्लिम मेंबर्स का नियम भी**

**नई दिल्ली।** वक्फ बिल में बदलावों को संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) ने सोमवार को मंजूरी दे दी। जेपीसी के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने कहा कि इस अंतिम बैठक में सभी 44 संशोधनों पर चर्चा की गई। इनमें एनडीए सांसद के 14 सुझावों को मंजूरी दे दी गई है। विपक्षी सदस्यों ने भी कुछ प्रस्ताव रखे, लेकिन वोटिंग के दौरान इन्हें नकार दिया गया।

वक्फ (संशोधन) विधेयक पर जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी बजट सत्र के दौरान अपनी रिपोर्ट पेश करेगी। संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान समिति का कार्यकाल बढ़ा दिया गया था। वक्फ संपत्तियों को रेगुलराइज करने के लिए बने वक्फ एक्ट 1995 की मिस-मैनेजमेंट, भ्रष्टाचार और अतिक्रमण जैसे मुद्दों के लिए आलोचना की जाती



रही है। जेपीसी के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने बैठक के बाद कहा कि समिति द्वारा अपनाए गए संशोधन कानून को बेहतर और अधिक प्रभावी बनाएंगे। हालांकि विपक्षी सांसदों ने बैठक की कार्यवाही की निंदा की और पाल पर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को नष्ट करने का आरोप लगाया। टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा कि बैठकों का यह दौर हास्यास्पद था। हमारी बात नहीं सुनी गई। पाल ने तानाशाही तरीके से काम किया है। इस पर जगदंबिका पाल ने कहा कि पूरी प्रक्रिया लोकतांत्रिक थी और बहुमत की राय को प्राथमिकता दी गई।

जेपीसी में हंगामे के बाद निलंबित हुए थे 10 मेंबर्सः जेपीसी की 24 जनवरी को दिल्ली में हुई बैठक में विपक्षी सदस्यों ने हंगामा किया था। उन्होंने दावा किया कि उन्हें ड्राफ्ट में प्रस्तावित बदलावों पर रिसर्च के लिए पर्याप्त समय नहीं दिया गया। आरोप लगाया कि भाजपा दिल्ली चुनावों के कारण ध्यान में रखते हुए वक्फ संशोधन विधेयक पर रिपोर्ट को संसद में जल्दी पेश करने पर जोर दे रही है। टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा कि समिति की कार्यवाही एक तमाशा बन गई है। समिति ने बनर्जी-ओवैसी सहित 10 विपक्षी सांसदों को एक दिन के लिए सस्पेंड कर दिया।

# यूसीसी लागू करने वाला पहला राज्य बना उत्तराखंड

## हलाला, एक से ज्यादा शादियां, तीन तलाक पर पूरी तरह रोक लगेगी

**देहरादून।** उत्तराखंड में यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) सोमवार से लागू हो गया है। मुख्यमंत्री आवास में सीएम पुष्कर सिंह धामी ने इसका ऐलान किया। यह कार्यक्रम सीएम आवास के मुख्य सेवक सदन में आयोजित किया गया। सीएम धामी ने कहा कि हमने तीन साल पहले जनता से किए गए वादे को पूरा किया। यूसीसी किसी धर्म या वर्ग के खिलाफ नहीं है। इसका उद्देश्य किसी को टारगेट करना नहीं है। सभी को समान अधिकार देना है।

27 जनवरी का दिन समान नागरिकता दिवस के रूप में मनाया जाएगा। धामी ने कहा कि यूसीसी लागू होने से हलाला, बहु विवाह, तीन तलाक पर पूरी तरह रोक लगेगी। इस दौरान धामी ने समान नागरिक संहिता उत्तराखंड- 2024 को लागू किए जाने पर नियमावली और पोर्टल का लोकार्पण किया। यह पोर्टल आम जनता के लिए खोल दिया गया है। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने रिमोट से बटन दबाकर वउउ पोर्टल का उद्घाटन किया। उत्तराखंड यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है।

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि समान नागरिक संहिता लागू होने से समाज में एकरूपता आएगी। राज्य में सभी नागरिकों के लिए समान अधिकार होंगे और दायित्व भी सुनिश्चित हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड स्वतंत्र भारत का पहला राज्य बन चुका है, जहां यह कानून प्रभावी हो गया है। उत्तराखंड के डीजीपी दीपम सेठ ने कहा कि हम नए कानून यूसीसी को लागू करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। हमने पहले ही तैयारी कर ली थी।



### यूनिफॉर्म सिविल कोड से इनमें होगा बदलाव

**समान संपत्ति अधिकार** : बेटे और बेटी दोनों को संपत्ति में समान अधिकार मिलेगा। इससे फर्क नहीं पड़ेगा कि वह किस कैटेगरी के हैं।

**मौत के बाद संपत्तिः** अगर किसी व्यक्ति की मौत जाती है तो यूनिफॉर्म सिविल कोड उस व्यक्ति की संपत्ति को पति/पत्नी और बच्चों में समान रूप से वितरण का अधिकार देता है। इसके अलावा उस व्यक्ति के माता-पिता को भी संपत्ति में समान अधिकार मिलेगा। पिछले कानून में ये अधिकार केवल मृतक की मां को मिलता था।

**समान कारण पर ही मिलेगा तलाकः** पति-पत्नी को तलाक तभी मिलेगा, जब दोनों के आधार और कारण एक जैसे होंगे। केवल एक पक्ष के कारण देने पर तलाक नहीं मिल सकेगा।

**लिव इन का रजिस्ट्रेशन जरूरी** : उत्तराखंड में रहने वाले कपल अगर लिव इन में रह रहे हैं तो उन्हें इसका रजिस्ट्रेशन कराना होगा। हालांकि ये सेल्फ डिक्लेरेशन जैसा होगा, लेकिन इस नियम से अनुसूचित जनजाति के लोगों को छूट होगी।

**संतान की जिम्मेदारी** : यदि लिव इन रिलेशनशिप से कोई बच्चा पैदा होता है तो उसकी जिम्मेदारी लिव इन में रहने वाले कपल की होगी। दोनों को उस बच्चे को अपना नाम भी देना होगा। इससे राज्य में हर बच्चे को पहचान मिलेगी।

# महाकुंभ से लौट रहे चार लोगों की हादसे में मौत

**दु:खद**

**आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर हुई दुर्घटना, दिल्ली लौट रहा था परिवार**

**आगरा।** लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर फतेहाबाद थाना क्षेत्र में रविवार की देर रात सड़क हादसे में पति-पत्नी और उनके दो बच्चों की सड़क हादसे में मौत हो गयी।

घटना की जानकारी देते हुए पुलिस ने सोमवार को बताया कि मृतकों की पहचान ओमप्रकाश (42), उनकी पत्नी पूर्णिमा सिंह (34), बेटी अहाना (12) और बेटे विनायक (चार) के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक ओमप्रकाश रविवार रात को अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ कुंभ स्नान करके लौट रहे थे। इस बीच आधी रात करीब साढ़े बारह बजे थाना फतेहाबाद इलाके में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर उनकी कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

पुलिस ने बताया कि कार बेकाबू हो गई और डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरी तरफ खड़े डीसीएम कैंटर से टकरा गई। उसने बताया कि इस हादसे में ओमप्रकाश और उनके परिवार के तीन अन्य लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। फतेहाबाद के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) अमरदीप ने बताया कि शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि चालक को झपकी लगने के कारण कार बेकाबू हो गई। मामले की जांच की जा रही है।


## मौनी अमावस्या पर 10 करोड़ के आने का अनुमान

**महाकुंभनगर।** संगम की रेती पर उमड़ रहे जनसैलाब के बीच मेला प्रशासन ने 29 जनवरी को महाकुंभ के तीसरे स्नान पर्व मौनी अमावस्या के लिये चाक चौबंद इंतजाम किये हैं। मौनी अमावस्या के दिन करीब 10 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। मेला प्रशासन और कुम्भ पुलिस की हरसंभव कोशिश है कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मेला प्रशासन और कुम्भ पुलिस ने अमृत स्नान पर्व को देखते हुए व्यापक तैयारियां की हैं। पूरे मेला क्षेत्र को नो व्हीकल जोन घोषित किया गया है। संगम तटों पर बैरिकेडिंग का कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है ताकि भीड़ नियंत्रण में रहे। श्रद्धालुओं की आवाजाही के लिए हर सेक्टर और जोन में विशेष व्यवस्था की गई है। इस दौरान किसी भी तरह का प्रोटोकॉल लागू नहीं होगा।

# अखिलेश ने बेटे संग लगाई महाकुंभ में डुबकी

**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने प्रयागराज महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाई। गंगा स्नान के बाद वह साधु-संतों और धमार्चार्यों से मिलने उनके शिविरों में गए। उन्होंने शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद से मुलाकात की और उनका आशीर्वाद लिया। सोशल मीडिया पर इसकी तस्वीरें वायरल हो रही हैं जिसमें अखिलेश यादव धमार्चार्यों के चरणों में बैठे नजर आ रहे हैं। इस दौरान अखिलेश ने संतों संग प्रसाद ग्रहण किया और उनके शिविर में श्रमदान भी किया। इस पूरे कार्यक्रम में अखिलेश के साथ उनके बेटे अर्जुन भी मौजूद थे।

बता दें कि रविवार दोपहर को महाकुंभ पहुंचे सपा मुखिया ने अपने पिता मुलायम सिंह यादव की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।



उसके बाद गंगा में स्नान किया। फिर किन्नर अखाड़े के महामंडलेश्वर और अन्य साधु संतों से मिले। इस्कॉन मंदिर भी गए। साथ ही संतों के शिविर में जाकर लंगर सेवा में श्रमदान किया। आखिर में बेटे संग प्रसाद ग्रहण कर महाकुंभ से निकल गए। इन सबके बीच अखिलेश यादव की उस तस्वीकर की काफी चर्चा हो रही है, जिसमें वह शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के आश्रम में बैठे दिख रहे हैं। इसमें देखा जा सकता है कि कैसे अखिलेश शंकराचार्य के सामने जमीन पर श्रद्धा भाव से बैठे हैं, उन्होंने दोनों हाथ जोड़े हुए हैं और हंसते-मुस्कुराते हुए शंकराचार्य से बातचीत कर रहे हैं। इस दौरान शंकराचार्य भी काफी खुश नजर आ रहे हैं। उन्होंने अखिलेश को प्रसाद के तौर पर लड्डू दिए। इसको लेकर श्री शंकराचार्य शिविर, ज्योतिर्मठ, बद्रिकाश्रम के प्रभारी मुकुंदानंद ब्रह्मचारी ने बताया कि अखिलेश यादव ने महाराज श्री के दर्शन कर उनसे आशीर्वाद लिया। अखिलेश ने यज्ञशाला की परिक्रमा भी की। मुकुंदानंद ब्रह्मचारी ने कहा कि महाराज श्री ने अखिलेश यादव को देशी गायों के संरक्षण पर जोर दिया।

### निंदा करने वाले आज महाकुंभ में लगा रहे डुबकीः राजभर


**गाजीपुर।** गाजीपुर पहुंचे यूपी के कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने महाकुंभ को लेकर अखिलेश यादव पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कल तक कुंभ की निंदा करने वाले आज महाकुंभ में स्नान कर रहे हैं। राजभर ने तंज भरे अंदाज में विपक्षी दलों पर हमलावर बोला और कहा कि विपक्षी दल पाकिस्तान जाकर पानी पी लिए हैं। मथुरा को लेकर अखिलेश यादव की टिप्पणी के सवाल पर राजभर ने कहा कि उनकी सरकार में मथुरा के लिए क्या किया गया। वह खुद समझदार है, उन्हें खुद मालूम होगा। उनकी सरकार में मथुरा में तांडव हुआ। मंत्री राजभर ने कहा कि अखिलेश विरोध का चश्मा लगाए हुए हैं। वह अपने चश्मे का नम्बर बदल लें, तो सरकार की उपलब्धि उन्हें दिखेगी।

# एंटी-वेनम की कमीः केंद्र व राज्य हल ढूंढें

## सांप के काटने से मौतों का मुद्दा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को देश में सांप के काटने से होने वाली मौतों में वृद्धि और एंटी-वेनम की कमी को लेकर गंभीर चिंता जाहिर की है। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एसवीएन भट्टी की डबल बेंच ने इस मुद्दे पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार से आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। कोर्ट ने कहा कि यह मामला मुकदमेबाजी से हल नहीं हो सकता, बल्कि केंद्र और राज्यों को मिलकर इसका समाधान खोजना होगा।

दायर याचिका में बताया गया कि भारत में हर साल लगभग 58 हजार लोग सांप के काटने से अपनी जान गंवाते हैं। यह आंकड़ा पूरी दुनिया में सबसे अधिक है। याचिकाकर्ता का कहना है, कि एंटी-वेनम की कमी के कारण देश पब्लिक हेल्थ क्राइसिस का





सामना कर रहा है। कोर्ट ने इस पर टिप्पणी करते हुए कहा कि यह समस्या पूरे देश में फैली हुई है, और इसे हल करने के लिए राज्यों के साथ बैठक कर जरूरी उपाय किए जाएं।

केंद्र सरकार की ओर से पेश वकील ने बताया कि सरकार इस मुद्दे को लेकर सक्रिय है और जल्द ही इस दिशा में उठाए गए कदमों की रिपोर्ट कोर्ट में पेश की जाएगी। वहीं, कुछ राज्यों के वकीलों ने कहा कि वे अपना जवाबी हलफनामा दाखिल करेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई 6 सप्ताह बाद तय की है।

### सांप काटने से बचाव और एंटी-वेनम की उपलब्धता पर जोर

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि देशभर में एंटी-वेनम की उपलब्धता सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है, खासकर ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में, जहां सांप के काटने की घटनाएं अधिक होती हैं। कोर्ट ने कहा कि केंद्र सरकार को राज्यों के साथ मिलकर एक समग्र रणनीति बनानी चाहिए ताकि इस समस्या का स्थायी समाधान निकाला जा सके। इस मामले में कोर्ट के निर्देश के बाद अब केंद्र और राज्य सरकारों पर दबाव बढ़ गया है कि वे जल्दी ही इस समस्या का हल निकालें।

## चंडीगढ़ मेयर चुनाव पर्यवेक्षक रहेंगे मौजूद

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ मेयर चुनाव मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई करते हुए कहा कि चंडीगढ़ मेयर पद के लिए निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव सुनिश्चित किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने मेयर चुनाव के लिए चुनावी प्रक्रिया पर्यवेक्षक की मौजूदगी में आयोजित की जाएगी।

सुप्रीम कोर्ट ने मेयर चुनाव की वीडियोग्राफी भी कराने का निर्देश दिए है। इसके लिए चंडीगढ़ यूटी के मुख्य सचिव और नगर आयुक्त को नोटिस दिया गया है। बता दें कि चंडीगढ़ में 30 जनवरी को मेयर का चुनाव होना है। सर्वोच्च न्यायालय ने चंडीगढ़ के मेयर कुलदीप कुमार द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए निर्देश दिया था कि स्वतंत्र पर्यवेक्षक नियुक्त करे, जो पूरी चुनाव प्रक्रिया के दौरान शारीरिक रूप से वहां मौजूद रहेगा।

# बाघ की दहशत में लगाया गया 48 घंटे का कर्फ्यू

**केरल सरकार का निर्णय**

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के वायनाड में आदमखोर बाघ ने एक महिला को मार डाला। घटना के बाद लोग दहशत में हैं, जिसके चलते प्रशासन ने मनंतावडी नगर पालिका के इलाके में 48 घंटे का कर्फ्यू लगा दिया गया है। 27 और 28 जनवरी तक के लिए मनंतावडी में आंगनवाड़ी, मदरसे, स्कूल-कॉलेज बंद कर दिए गए हैं। जो लोग पीएससी परीक्षा या शिक्षण संस्थानों में परीक्षा देने जा रहे हैं, उन्हें प्रशासन को अग्रिम सूचना देकर संपर्क करने का निर्देश दिया गया है।

इसके अलावा ट्यूशन सेंटरों को भी पूरी तरह बंद करने का आदेश दिया है। केरल के वन मंत्री एके ससीन्द्रन ने जिला कलेक्ट्रेट में हाईलेवल बैठक के बाद बाघ को आदमखोर घोषित किया है। अब उसे मारने का रास्ता साफ हो गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में यह पहली बार है कि किसी बाघ को आदमखोर घोषित किया गया है।

बता दें बीते शुक्रवार को मनंतावडी इलाके में रहने वाली राधा (47) प्रियदर्शिनी एस्टेट में कॉफी तोड़ रही थी। तभी बाघ ने उस पर हमला कर दिया। इस हमले में राधा की मौत हो गई। बाघ ने रविवार को वन अधिकारी जयसूर्या पर भी हमला किया था। दो हमलों के बाद सीएम ने वन मंत्री को अधिकारियों से बातचीत करने के निर्देश दिए थे।

## एकीकृत राष्ट्रीय पेंशन योजना का नोटिफिकेशन जारी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली एनपीएस के तहत आने वाले कर्मचारियों के लिए एकीकृत पेंशन योजना यूपीएस का गजट नोटिफिकेशन शनिवार को कर दिया है। 1 अप्रैल 2025 से यह योजना लागू हो जाएगी। इस योजना को एनपीएस के विकल्प के रूप में लाया गया है, जो केंद्रीय कर्मचारी नवीन पेंशन योजना का विकल्प चुनेंगे। उन्हें मूल वेतन की 50 फीसदी गारंटीड पेंशन मिलेगी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 24 अगस्त 2024 को इसकी मंजूरी दे दी थी, जिसकी अधिसूचना अभी जारी की गई है। इस योजना के तहत अब पेंशनधारी को 10000 गारंटीड पेंशन मिलेगी।

# राहुल बोले, गुलाम बनाया जा रहा दलित और पिछड़ों को

**इंदौर/महू।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि मोदी जी जातिगत जनगणना कराने से डरते हैं। वे इसे कभी नहीं कराएंगे, लेकिन 50 फीसदी आरक्षण की दीवार को हम लोकसभा-राज्यसभा में तोड़ देंगे। कोई नहीं रोक सकता। हम पहले कांग्रेस शासित राज्यों में आरक्षण 50 परसेंट से ज्यादा करेंगे। इसके बाद राष्ट्रीय स्तर पर कानून बनाकर इस दीवार को तोड़ेंगे।

महू में आयोजित कांग्रेस की जय भीम, जय बापू, जय संविधान रैली को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले इन्होंने (बीजेपी ने) संविधान को रद्द करने की कोशिश की। इन्होंने कहा कि 400 सीटें आएंगी तो हम संविधान बदल देंगे। उनके सामने हम खड़े हुए और लोकसभा में 400 पार छोड़ो उन्हें सदन में मत्था टेककर घुसना पड़ा। जिस दिन




ये संविधान खत्म हो गया, उस दिन देश के गरीबों के लिए कुछ नहीं बचेगा। दलितों-आदिवासियों-पिछड़ों के लिए देश में कुछ नहीं बचेगा। इनका यही लक्ष्य है।

**खड़गे बोले, भाजपा नेताओं में गंगा स्नान की होड़ः** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने महाकुंभ स्नान को लेकर विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा कि गंगा स्नान से गरीबी दूर नहीं होगी। खड़गे ने कहा कि भाजपा नेताओं में गंगा स्नान की होड़ लगी हुई है। उन्होंने कहा कि लोग कॉम्पटीशन में डुबकी मार रहे हैं। जब तक टीवी में डुबकी अच्छी नहीं आती है तब तक डुबकी मारते रहते हैं। धर्म पर हम सभी की आस्था है। धर्म हम सभी के साथ है, लेकिन धर्म के नाम पर किसी समाज में गरीबों का शोषण होगा तो हम कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे। खड़गे का यह बयान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के प्रयागराज महाकुंभ में डुबकी लगाने के ठीक बाद आया है। गंगा में डुबकी लगाने से युवाओं को रोजगार मिलेगा क्या, गरीबी दूर होगी क्या, पेट को खाना मिलेगा क्या? मैं किसी की आस्था को चोट नहीं लगाना चाहता हूं। देश में बच्चे स्कूल नहीं जा रहे हैं, मजदूरों को मजदूरी नहीं मिल रही है।

**भाजपा पर प्रहार**

**आईआईटी-आईआईएम के स्टूडेंट्स को नौकरी नहीं मिल रही, खड़गे ने कहा- गंगा स्नान से गरीबी दूर नहीं होगी**


### राहुल गांधी पर मामला दर्ज

**कोलकाता।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर एक पोस्ट किया था, जिसे लेकर अब उनके खिलाफ भ्वानीपुर थाने में मामला दर्ज कराया गया है। यह मामला उक्त पोस्ट में नेताजी की मौत की तारीख का जिक्र करने को लेकर किया गया है।

# दोषी को फांसी की सजा नहीं चाहते कोलकाता रेप पीड़िता के माता-पिता

**कोलकाता।** कोलकाता रेप-मर्डर केस में पीड़ित मेडिकल स्टूडेंट के माता-पिता दोषी संजय रॉय को अब फांसी की सजा देने के खिलाफ हैं। पीड़ित के माता-पिता की वकील गार्गी गोस्वामी ने सोमवार को कलकत्ता हाईकोर्ट को बताया कि उनका कहना है कि हमारी बेटी की जान गई, इसका यह मतलब नहीं कि संजय की जान भी जाए।

सियालदह कोर्ट ने संजय रॉय को 20 जनवरी को उम्रकैद (मरते दम तक जेल) की सजा सुनाई थी। पश्चिम बंगाल सरकार और सीबीआई ने सेशन कोर्ट के फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट से फांसी की सजा मांगी है। उसी दिन माता-पिता ने भी कहा था कि वे दोषी संजय रॉय को उम्रकैद की सजा सुनाए जाने के सेशन कोर्ट के फैसले से संतुष्ट



नहीं हैं।

सेशन कोर्ट से फैसले की कॉपी मिलने के बाद हम हाईकोर्ट जाएंगे। कलकत्ता हाईकोर्ट के जस्टिस देबांग्शु बसाक ने सीबीआई और बंगाल सरकार की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है। कोर्ट ने फैसले की तारीख नहीं बताई।

हाईकोर्ट में जस्टिस देबांगशु बसक और जस्टिस मो. शब्बार राशिदी की बेंच के सामने सीबीआई के वकील ने बंगाल सरकार के याचिका दाखिल करने के अधिकार का विरोध किया। सीबीआई के डिप्टी सॉलिसिटर जनरल राजदीप मजूमदार ने कहा कि बंगाल सरकार के पास याचिका दाखिल करने का अधिकार नहीं है।

**नरम रुख**

**बोले- बेटी की जान गई संजय की नहीं जानी चाहिए, पहले उम्रकैद की सजा से संतुष्ट नहीं थे**

# कार से टकराई स्कॉर्पियो, एक की मौत

**छह घायल**

## प्रयागराज से आ रही थी स्कॉर्पियो बेकाबू होकर कार से टकराई

जनसंदेश न्यूज



**मिर्जामुराद।** क्षेत्र के वाराणसी भदोही बार्डर पर गुड़िया गांव के सामने हाइवे पर सोमवार की दोपहर प्रयागराज के तरफ से आ रही स्कार्पियो संख्या (यूपी.61.एई.0707) अनियंत्रित होकर वाराणसी के तरफ से आ रही स्विफ्ट कार संख्या (एमपी.28.जेए. 5872) में हाइवे के दूसरे लेन में जाकर सामने से जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें स्विफ्ट कार सवार मध्य प्रदेश प्रान्त के छिंदवाड़ा जिले के परासिया थाना क्षेत्र निवासी सुनील पाठरे उम्र (52) वर्ष, शिवा विश्वकर्मा उम्र (31) वर्ष, दीपक पवार व कार ड्राइवर अजय चौरसिया उम्र (40) वर्ष गम्भीर रूप से घायल हो गए।वही स्कार्पियो सवार चंदौली जिले के मुगलसराय विकास नगर निवासी स्कार्पियो चालक अमित त्रिपाठी उर्फ गोलू उम्र (30) वर्ष, वर्तिका मिश्रा उम्र (20) वर्ष व तन्मय मिश्रा उम्र (11) वर्ष पुत्र अखिलेश मिश्रा गम्भीर रूप से घायल हो गए।टक्कर इतनी जबरजस्त थी कि दोनों गाड़ियों के परखचे उड़ गए।ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर मिजार्मुराद थाना प्रभारी सुधीर कुमार त्रिपाठी व कछवांरोड चौकी प्रभारी गणेश प्रसाद पटेल व औराई पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज हेतु औराई स्थित एक निजी अस्पताल ले गई जहां डॉक्टरों ने स्विफ्ट कार सवार सुनील पाठरे को मृत घोषित कर दिया वही गम्भीर रूप से घायल अजय चौरसिया व दीपक पवार को बीएचयू ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिये।थाना प्रभारी सुधीर कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दिया गया है।स्विफ्ट कार सवार नेपाल से वापस होकर प्रयागराज कुंभ नहाने जा रहे थे जबकि स्कार्पियो सवार कुंभ से नहाकर वापस घर जा रहे थे।घटना के बाद वाराणसी प्रयागराज मार्ग पर जाम लग गया था पुलिस ने क्रेन की मदद से दोनों वाहनों को हाइवे से हटवाकर चौकी ले आई तब जाकर जाम समाप्त हुआ।

# सिर कूंचकर वृद्ध की हत्या

**दुस्साहस**

### एक महीने में बड़ागांव में दूसरी हत्या

**बड़ागांव।** थाना क्षेत्र के पुआरी कला गांव में 65 वर्षीय वृद्ध रामकुंवर पटेल की सर कुचकर हुई हत्या मौके पर गोमती जोन डीसीपी प्रमोद कुमार, एडीसीपी आकाश पटेल सहित बड़ागांव पुलिस, फोरेंसिक टीम, डाग स्क्वाड पहुंची।

जानकारी के अनुसार रामकुंवर पटेल बनारस बीट्स में नौकरी करते थे रिटायर होने के बाद घर से 200 मीटर की दूरी पर सड़क के किनारे पाही पर दो दुकान बनवाकर उसके पीछे एक रूम व एक टीन सेड बरामदा बनवाकर पत्नी चिराजी देवी के साथ रहते हैं। बीती रात अज्ञात लोगों द्वारा सर के बाएं तरफ पर किसी वजनी चीज से प्रहार कर उनकी हत्या कर दी। मौके से किसी भी तरह की कोई लूट पाठ की सूचना नहीं है। बीती रात राम कुंवर पटेल टीन सेट बरामदे में चौकी पर सोए थे पत्नी बगल के रूम के अंदर सोई थी रामकुवंर जहां सोते हैं वहां बराबर एक बल्ब जलता रहता है लेकिन वह बल्ब भी आज मौके से गायब था। आज सोमवार की सुबह जब रामकुवंर की बहू राधिका देवी पत्नी आनंद कुमार जब सुबह भैंस को चारा देने आई तो चौकी पर बिखरा खून देखकर चिल्लाते हुए भागकर घर के लोगों को सूचना दी परिजन मौके पर पहुंचे तो देखें की रामकुवंर पटेल की मौत हो चुकी है परिजनों ने इसकी सूचना पीआरबी 112 को दी पीआरबी की सूचना पर बड़ागांव इंस्पेक्टर अतुल सिंह मौके पर पहुंचे। और छानबीन करने लगे इस दौरान एसीपी गोमती जोन प्रमोद कुमार व डीसीपी आकाश पटेल मौके पर फॉरेंसिक टीम डॉग स्क्वाट भी पहुंच कर छानबीन की डाग घटनास्थल से निकलकर गांव के बाहर नहर के किनारे तक गया हत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। गांव के लोगों के अनुसार रामकुवंर बेहद मिलनसार और सीधे साधे व्यक्ति थे उनके गांव में किसी भी तरह की किसी का विवाद नहीं था। इसके बाद भी हत्या का पता लगाने के लिए पुलिस विभिन्न पहलुओं पर जांच पड़ताल कर रही है। रामकुवंर पटेल के तीन पुत्र हैं जिस पर संतोष पटेल पीओपी का काम करते हैं। आनंद वर्मा होम्योपैथिक डॉक्टर हैं। तीसरा सुभाष पटेल गुजरात में रहते हैं।

# गैस सिलेंडर व शराब के साथ चार गिरफ्तार

**मिर्जामुराद।** पुलिस ने रविवार की सुबह मुखबिर की सूचना पर बिहड़ा अंडर पास के पास से चोरी के बीस गैंस सिलेंडर व एक पेटी देशी शराब के साथ चार शातिर चोर को गिरफ्तार करते हुए घटना प्रयुक्त एक टाटा मैजिक व एक महिंद्रा पिकअप बरामद कर ली।

रविवार की दोपहर मिजार्मुराद थाना परिसर में राजातालाब (एसीपी) अजय कुमार श्रीवास्तव ने घटना का खुलासा करते हुए बताए कि मिर्जामुराद थाना प्रभारी सुधीर कुमार त्रिपाठी व करधना चौकी प्रभारी रोहित दुबे व एसआई मधुसूदन त्रिपाठी बिहड़ा गांव स्थित फ्लिपकार्ट कंपनी के सामने वाहन चेकिंग कर रहे थे तभी मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि चार शातिर चोर चोरी के सामान के साथ बिहड़ा अंडर पास के पास खड़े है जिसपर थाना प्रभारी अपने टीम के साथ घेराबंदी कर चार शातिर चोर प्रयागराज जिले के झूँसी थाना क्षेत्र के हिनौता गांव निवासी अक्षय कुमार, हंडिया थाना क्षेत्र के हरिपुर गांव निवासी सुनील भारतीय व प्रियांशु भारतीय व सरायममरेज थाना क्षेत्र के नासिरपट्टी निवासी राहुल उर्फ बड़े भारतीय गिरफ्तार कर लिये।पकड़े गए चोरो के पास से पुलिस ने चोरी की 20 खाली गैंस सिलेंडर व एक पेटी देशी शराब 3770 रुपया नगद व घटना प्रयुक्त एक टाटा मैजिक व एक पिकअप बरामद करते हुए सभी चोरों को जेल भेज दी।पुलिस के पूछताछ में चोरों ने बताया कि बीते 1 दिसम्बर 2024 को छतेरी गांव स्थित इण्डेन गैस एजेंसी से अपने अन्य साथियों के साथ 141 गैस सिलेंडर व 24 जनवरी को गौर गांव स्थित देशी शराब ठेके से नकबजनी कर देशी शराब व पैसा चुरा ले गए थे।साहब अन्य गैस सिलेंडर को हम लोग बेचकर आपस में पैसा ले लिए और सिलेंडर को बेचने जा रहा था पकड़ा गया।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में मिजार्मुराद थाना प्रभारी सुधीर कुमार त्रिपाठी, करधना चौकी प्रभारी रोहित दुबे, कछवांरोड चौकी प्रभारी गणेश प्रसाद पटेल, एसआई रामचन्द्र यादव, मधुसूदन त्रिपाठी, कांस्टेबल सर्वेन्द्र कुमार व रितुराज कुमार रहे।

## संक्षेप

### कैंट पुलिस ने शातिर पकड़ा

**वाराणसी।** कैन्ट पुलिस ने अलग अलग दो मामलों में एक पॉक्सो एक्ट व एक अन्य आरोपी को चोरी की तीन स्कूटी के साथ गिरफ्तार किया। पहली घटना में ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत नाबालिग लड़की को बहक फुसला कर भगा ले जाने के मामले में पाक्सो एक्ट में फरार चल रहे आरोपी राजू कुमार निवासी पहलू का पूरा थाना कैन्ट को बाबा बहादुर शहीद मजार के पास से विवेचक उ0 नि0 सत्यम चौरसिया की टीम ने गिरफ्तार किया। एक अन्य मामले में विगत माह कैन्ट क्षेत्र के चौकाघाट, नदेसर व मकबूल आलम रोड स्थित एक मोटरसाइकिल शो रूम के बाहर से कुल तीन स्कूटी अलग अलग तिथियों में चोरी करने वाले आरोपी को सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से पहचान कर गिरफ्तार किया।घटना के बाबत मुखबिर से मिली सूचना पर वांछित अभियुक्त आजाद नगर कालोनी फुलवरिया, कैन्ट निवासी इरफान को डीएम कम्पाउंड से झाड़ी के पास बिना नम्बर की एक चोरी की स्कूटी के साथ उस समय गिरफ्तार किया जब वह उसे बेचने ले जा रहा था। पुलिस टीम ने इरफान की निशानदेही पर दो अन्य स्कूटी भी बरामद की गई जो विगत दिनों आरोपी द्वारा चोरी की गई थी। गिरफ्तार करने वाली टीम में उ0नि0 विकास सिंह, उ0नि0आकाश सिंह, उ0नि0 सत्यम सिंह, हे0का0 पवन कुमार सिंह, का0 सचिन मिश्रा, नागेंद्र कुमार व प्रिंस तिवारी मौजूद थे।

### न्याय की आस में भटक रही पीड़िता

**वाराणसी।** धोखाधड़ी व पुलिस उत्पीड़न की शिकार पटिया, बजरडीहा की रहने वाली पति द्वारा परित्यक्त महिला फरीदुन निशा अपनी तलाकशुदा बेटी सगुफ्ता नाज को लेकर लगातार पुलिस उच्चाधिकारियों के पास न्याय की गुहार लगा रही है, इसके बावजूद बजरडीहा पुलिस चौकी प्रभारी समेत पुलिस के लोग विपक्षीगण की साज़िश में शामिल होकर उन्हें बचाने का प्रयास कर रहे है। इसके साथ ही उक्त पीड़िता को लगातार धमकी देते हुए तरह तरह से प्रताड़ित कर सुलह के लिए दबाव बना रहे है। महिला का यह भी आरोप है कि-चौकी प्रभारी विपक्षीगण को न बुलाकर उनके रिश्तेदार के साथ सुलह करने का दबाव बनाते हुए उससे जबरदस्ती सुलहनामे पर दस्तखत करने को कह रहे थे, उक्त महिला ने इन्कार करते हुए विपक्षीगण के विरुद्ध मुकदमा लिखने की बात कही तो दरोगा जी ने उसे धमकी देते हुए भला बुरा कहा व दुबारा चौकी पर आने से मना करते हुए अपमानित कर उसे वहां से भगा दिया।

### दो दिन बाद पुलिस ने युवती का बैग वापस करवाया

**वाराणसी।** सारनाथ लंका से आशापुर स्थित रिश्तेदारी में जा रही युवती का गायब बैग दो दिन बाद सोमवार को पुलिस ने ऑटो चालक से बरामद कर लिया। इसके बाद बैग उक्त युवती को सौंप दिया गया। आशापुर चौकी प्रभारी अनिल सिंह चंदेल ने बताया कि लंका निवासिनी सुप्रिया मिश्रा आशापुर निवासी रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में शामिल होने के लिए शनिवार को निकली। इसके बाद उन्होंने कैंट से आशापुर का ऑटो पकड़ा। आशापुर चौराहे पर उतरते समय सुप्रिया का एक बैग ऑटो में ही छूट गया। इसके बाद ऑटो चालक बैग लेकर चला गया। बताया कि सुप्रिया ने ऑटो चालक को यूपीआई के माध्यम से किराए का भुगतान किया था। इसके बाद यूपीआई के माध्यम से ऑटो चालक का डिटेल एवं मोबाइल नंबर निकालकर उससे संपर्क कर सुप्रिया को बैग वापस करवाया गया। ऑटो चालक करमपुर, सैदपुर (गाजीपुर) निवासी राजकुमार पाल था। सुप्रिया देहरादून में रहकर बीफार्मा की पढ़ाई करती हैं।

### नील गाय का शिकार करने वाले तीन गिरफ्तार

**चौबेपुर।** स्थानीय पुलिस ने मुखबिर के सूचना पर नीलगाय के शिकार के मामले में तीन आरोपियों को शनिवार देर शाम मुस्तफाबाद से वन्य जीव अधिनियम पशु क्रूरता व आयुध अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।थाना प्रभारी जगदीश कुशवाहा के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों ने बताया की नीलगाय के शिकार करने के लिए हम लोग गंगा इस पर आ गए थे तथा झाड़ी में रस्सी का फंदा पहले से लगाए थे। जिसमें हम लोग नीलगाय को दौडाकर पकड़ लिए तथा मांस के लिए नीलगाय को काट दिए। हम लोग इसको टुकड़े-टुकड़े में काटकर ले जाने के फिराक में थे तभी हम लोग पकड़े गए। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के पास से दो बांका एक जाल तथा मृत नीलगाय का शव बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहम्मद आमिर पुत्र हबीब निवासी मवई कला मुगलसराय इम्तियाज अहमद पुत्र इब्राहिम निवासी लेडूआ सकूराबाद मुगलसराय मोहम्मद वारिस पुत्र पैगंबर बख्श निवासी लेडुआ सकूराबाद मुगलसराय जिला चंदौली के रूप मे हुई है। गिरफ्तार करने वाले टीम में प्रभारी निरीक्षक जगदीश कुशवाहा उपनिरीक्षक जितेंद्र कुमार वर्मा कांस्टेबल विजय प्रताप और कांस्टेबल रवि कुमार मौजूद रहे।

### ग्राम प्रधान के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**रोहनिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अखरी चौकी अंतर्गत अमरा खैरा चक गांव निवासी नट बस्ती के सैकड़ों लोगों ने ग्राम प्रधान महेश प्रजापति पर आरोप लगाया कि शुक्रवार की रात्रि ग्राम प्रधान अपने साथ दर्जनों लोगों को लेकर बस्ती वालों को लाठी डंडा से मारने पीटने लगा जिसमें महिलाओ बच्चों तक को नहीं बख्शा व उनके साथ अभद्र व्यवहार भी किया आरोप है कि जब बस्ती के सभी लोग इकट्ठा हुए तो ग्राम प्रधान अपने साथियों के साथ मिलकर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला शनिवार को पीड़ितों ने रोहनिया थाने पर आयोजित थाना दिवस पर तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पीड़ितों ने बताया कि गांव में कई वर्षों से दो हैंड पाइप है जिससे नहाने धोने योग्य पानी नहीं आ पाता है पीने की तो बात ही अलग है , बस्ती में आने के लिए कच्चे मार्ग भी नहीं है पक्के की बात तो छोड़ ही दीजिए साथ ही साथ सैकड़ो वर्षों से रह रहे पूरी बस्ती को अवैध बताकर खाली करना चाहते हैं ।

### कबीर नगर में चले ईंट-पत्थर, आठ गिरफ्तार

**वाराणासी।** गणतंत्र दिवस पर तिरंगा यात्रा के समापन पर रविवार को कबीरनगर स्थित संजय शिक्षा निकेतन के पास दो पक्ष पुरानी दुश्मनी को लेकर आपस में भिड़ गए। आपसी मारपीट में मौके पर अफरातफरी मच गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्ष के आठ लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक भेलूपुर विजय कुमार मिश्रा ने बताया कि गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में रामनगर से संजय सिंह व आयुष राय पक्ष तिरंगा यात्रा निकाल रहे थे। दोनों पक्ष जुलूस लेकर कबीर नगर स्थित संजय शिक्षा निकेतन तक पहुंचे और पुरानी दुश्मनी के कारण आपस में भिड़ गए। करीब दो दर्जन से ज्यादा लोग सरेआम ईंट -पत्थर चलाने लगे जिससे अफरातफरी मच गई। 200 मीटर की दूरी पर स्थित दुगार्कुंड पुलिस चौकी प्रभारी प्रशांत शिवहरे और एसआई हिमांशु सिंह ने मौके पर पुलिस बल के साथ पहुंचकर आठ लोगों को गिरफ्तार कर लिया। चौकी प्रभारी व थाना प्रभारी विजय नारायण मिश्र के मुताबिक दोनों पक्षों के पास जुलूस निकालने की परमिशन नहीं थी। पुलिस ने आठ लोगों आदित्य राय, हिमांशु राय,सत्यम दुबे,आयुष केशरी, हिमांशु सिंह,आशुतोष मिश्र, हर्ष उपाध्याय व विनय तिवारी को गिरफ्तार कर लिया है। इनके विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 के अंतर्गत 170, 126, 135 के अंतर्गत कार्रवाई की गई है।

### घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**जंसा।** जंसा थाना क्षेत्र के नूनखरा गोराई निवासी राकेश कुमार गुप्ता पुत्र कन्यालाला गुप्ता के घर के बाहर खड़ी ने बाइक बीती रात चोरी हो गई। चोरी की सूचना तत्काल पीड़त ने जंसा पुलिस को दी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर करवाई मे जुटी है।

# प्रशासन से मांग, दुरुस्त करें व्यवस्था

**वाराणसी।** प्रयागराज में चल रहे महाकुम्भ से आने वाले यात्रियों के पलटप्रवाह से वाराणसी में ध्वस्त हो चुकी यातायात व्यवस्था व प्रशासन की ओर से माल वाहनों को शहर में आने से रोक दिये जाने से हो रही परेशानी को लेकर सोमवार को विशेश्वरगंज भैरवनाथ व्यापार मंडल की एक आपात बैठक यायोजित की गयी, जिसकी अध्यक्षता प्रतीक गुप्ता ने किया।

बैठक में व्यापारियों ने ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा कि शहर में महाकुंभ मेला में आए हुए दर्शनार्थियों की वजह से यातायात व्यवस्था पर बहुत बुरा असर पड़ा है और सारे रास्ते बंद कर देने के कारण शहर में माल वाहन के जरिए जो खाद्यान्न,फल,अनाज,दवा इत्यादि की आपूर्ति बाधित हो रही है मंडियों में माल की आवक ना होने के कारण खाने पीने की वस्तुओं की किल्लत की स्थिति बन रही है हम सभी जानते हैं कि इस महाकुंभ में आए हुए श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु भोजन,पानी,चिकित्सा या अन्य सुविधाओं को भरपूर मात्रा में उपलब्ध कराने के लिए पर्याप्त मात्रा में खाने-पीने की जिंसों का होना जरूरी है लेकिन इस तरफ प्रशासन का ध्यान नहीं है जबकि हम सभी जानते हैं जो भी व्यक्ति इस महाकुंभ में प्रयाग में आएगा वह काशी और अयोध्या जरूर जाएगा।

ऐसी स्थिति में उन सभी श्रद्धालुओं के लिए खाद्यान्न आपूर्ति सुचारू ढंग से चलाने के लिए प्रशासन का ध्यान दिया जाना लाजमी है,इस पर अध्यक्ष प्रतीक गुप्ता ने कहा इस संबंध में माननीय जिलाधिकारी, यातायात प्रभारी एवं पुलिस कमिश्नर के बीच आवश्यक समन्वय के साथ खाद्य आपूर्ति पर ध्यान देना चाहिए और इसके लिए माल वाहनों को एक निश्चित समय के अंदर शहर में प्रवेश करके एवं खाद्यान्न आपूर्ति को सुनिश्चित करने हेतु प्रशासन ध्यान दें व खाद्यान्न आपूर्ति के लिए माल वाहनों को निश्चित समय निर्धारित कराकर उनका शहर में प्रवेश कराए जाने की व्यवस्था करें ,जिससे खाद्यान्न आपूर्ति बाधित न हो और महाकुंभ में आए हुए करोड़ों श्रद्धालुओं को खाद्यान्न की किल्लत न हो, कृपया निवेदन है कि इस विषय पर गंभीरता से विचार करके तत्काल निर्णय लें। बैठक में अलखनाथ गोस्वामी, संतोष जायसवाल, शरद केसरी, आलोक सेठ, शशांक साहू, राजेश गुप्ता, पवन गुप्ता, मनोज कपूर, राजकिशोर, सुनील चौरसिया, पंकज अग्रवाल, गणेश सेठ, विनोद केसरी, दिनेश चौरसिया, रोहित केसरी, सूरज गुप्ता, खुर्शीद अख्तर, अरुण गुप्ता, तनवीर अख्तर, सुरेंद्र गुप्ता मुनमुन, कृष्ण कुमार गुप्ता, दीपक गुप्ता, आलोक राय, राकेश तिवारी आदि लोगों ने विचार रखें।

### दीवानी न्यायालय पर फहराया तिरंगा

**वाराणसी।** जिला जज संजीव पाण्डेय ने गणतंत्र दिवस पर दीवानी न्यायालय में ध्वजारोहण किया। इसके बाद बनारस बार एसोसिएशन में अध्यक्ष सतीश तिवारी और सेंट्रल बार में अध्यक्ष मंगलेश दूबे ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान दोनों बार में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला जज रहे है। इस दौरान अपने बनारस बार के महामंत्री शशांक श्रीवास्तव व सेंट्रल बार के महामंत्री राजेश गुप्ता आदि सैकड़ों अधिवक्ता आदि मौजूद रहे।

# हाई एलर्ट है फोटो तो खीचेंगे ही, खुफिया तंत्र भी फेल

**बाबतपुर।** वाराणसी के लालबहादुर शास्त्री अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर इन दिनों हाई एलर्ट जारी है गणतंत्रता दिवस के एक दिन बाद ही सुरक्षा में सेंध मारते हुए एप्रन पर खड़े विमान की फोटो बनाते लोग तगड़ी सुरक्षा में भी कुछ लोगो को ऑपरेशनल क्षेत्र में फोटो खीचने में बड़ा ही आनंद मिलता है।सुरक्षा जवानों और खुफिया तंत्र की निगाह से बचते हुए एप्रन पर खड़े विमान का फोटो तो खीचेंगे ही इन लोगो को सुरक्षा व्यवस्था में सेंधमारी करना बहुत पसंद आता है।

बतादे की गणतंत्रता दिवस को लेकर इन दिनों हवाई अड्डे पर हाई एलर्ट जारी है जो 30 जनवरी तक रहेगा ऐसे में हवाई अड्डे पर कोई परिंदा भी पैर नही मार सकता विजिटर पास सहित हर आने जाने वाले लोगो पर खुफिया सुरक्षा एजेंसियों की पैनी नजर है वही सीआईएसएफ के जवानों की क्यूआरटी दस्ता अत्याधुनिक हथियारों से लैस होकर पूरे हवाई अड्डा परिसर में भ्रमण शील भी रहता है। सुरक्षा व्यवस्था को चकमा दे सोमवार को कुछ लोग वीआईपी द्वार के समीप दीवार पर खुलेआम चढ़कर संवेदन शील क्षेत्र की फोटो व वीडियो बना रहे हैं बड़ी बात तो यह है कि जिस दीवाल पर लोग खड़े हैं वहा से एप्रन की दूरी महज 50 मीटर के लगभग ही है जहा विमान खड़े किए जाते है और वीआईपी आगमन व प्रस्थान भी इसी द्वार से होता है। हाई एलर्ट के बाद भी सुरक्षा को दरकिनार कर अवांछनीय तत्व अक्सर फोटो व वीडियो बना ही लेते हैं।

### ऑटो की बैटरी चोरी

**वाराणसी।** कैंट थाना क्षेत्र के पत्रकारपुरम गेट के बाहर रोज की तरह शनिवार की रात गिलट बाजार निवासी धीरज सोनकर ने अपनी ऑटो खड़ी की। उसी के पास बिरजू सोनकर ने भी अपनी ऑटो रिक्शा खड़ी थी। रविवार की भोर में ऑटो से पहुंचे चोरों ने दोनों ऑटो की बैटरियां खोल ली। और उसी ऑटो से भाग गए। सारी घटना सीसी टीवी कैमरे में कैद हो गई। दोनों पीड़ितो ने कैंट पुलिस को चोरी की लिखित तहरीर दे दी है।

### कुम्भ से बनारस आये यात्री दुर्घटना में घायल

**वाराणसी।** दिल्ली के परिवार कुम्भ से नहाकर बस से वाराणसी आये तथा बस से उतरकर सड़क के दूसरे तरफ जाते समय बस की चपेट में आने से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार रविवार की शाम अशोक नगर दिल्ली निवासी तेजपाल सिंह 58 वर्ष अपने परिवार के साथ दिल्ली से प्रयागराज कुम्भ में स्नान कर वापस वाराणसी रोडवेज की बस से आये और चांदपुर में बस से उतरकर सड़क के दूसरे तरफ शौच के लिए चले गए। शौच के बाद जब वापस लौट रहे थे उसी समय कुम्भ स्पेशल रोडवेज की बस के चपेट में आ गए। सूचना पाकर मौके पर पहुची मंडुवाडीह पुलिस ने घायलवस्था में पास के हॉस्पिटल में ले गए ,जहा से ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया बाद में पहुँचे घायल के स्वजन उन्हें भिखारीपुर स्थित एक निजी हॉस्पिटल में एडमिट कराया।

# कोर्ट से दम्पति को नहीं मिली राहत

**वाराणसी।** धोखाधड़ी कर माल बिक्री का 1.13 करोड़ रुपए हड़पने के मामले में आरोपित दंपति को कोर्ट से राहत नहीं मिली। विशेष न्यायाधीश (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम चतुर्थ) रविन्द्र कुमार श्रीवास्तव की अदालत ने लंका निवासी शरद भार्गव व उसकी पत्नी ऋचा भार्गव की अग्रिम जमानत अर्जी सुनवाई के बाद खारिज कर दी। अदालत में अग्रिम जमानत अर्जी का विरोध वादी के अधिवक्ता अनुज यादव, आनंद तिवारी पंकज व नरेश यादव ने किया।

अभियोजन पक्ष के अनुसार संत रघुवर नगर कालोनी, महमूरगंज निवासी शंकर तोदी ने चेतगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप था कि वह अपने और अपने भाइयों अनिल तोदी व अनूप तोदी के साथ मिलकर कम्प्यूटर, प्रिन्टर, काटेज एवं एसेसरिज का होलसेल सप्लायर है। इस दौरान लंका स्थित विनायका रेजीडेंसी निवासी शरद भार्गव व उसकी पत्नी ऋतु भार्गव ने अपने फर्म रितु कम्प्यूटर एण्ड स्टेशनरी, नरायण कटरा, नीचीबाग एवं इनकी पत्नी रिचा भार्गव अपने एक अलग फर्म दुर्गा ट्रेडिंग कम्पनी के लिए उसकी फर्म से विभिन्न तिथियों पर रितु कम्प्यूटर एण्ड स्टेशनरी के मांग के आधार पर सप्लाई किया जाता रहा। इसी तरह सालभर बीत जाने पर आरोपितों की फर्म रितु कम्प्यूटर एण्ड स्टेशनरी पर क्रेडिट बैलेंस 44,37,291.00 रु शेष रह गया तो प्रार्थी ने इसके भुगतान को कहा। जिसपर आरोपितों ने जल्द भुगतान करने का आश्वासन देकर माल सप्लाई जारी रखने का निवेदन किया। उनके निवेदन पर पुनः वादी ने उन्हें माल भेजना शुरू किया, लेकिन आरोपितों ने पेमेंट नहीं किया और उनके ऊपर कुल 11331917.00 रुपए बकाया हो गया। इसपर जब वादी ने अपने बकाया भुगतान करने को कहा तो वे लोग गलियां देते हुए जान से मरवाने की धमकी देने लगे। इस मामले में पुलिस ने दंपति के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।


## कार्यालय नगर पंचायत खमरिया जनपद-भदोही

संख्या 547/न.प.ख./2024-25 | दिनांक 24-जनवरी 2025

स्वच्छ भारत — एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वच्छ खमरिया | सुन्दर खमरिया

**76वां गणतंत्र दिवस** के अवसर पर नगर पंचायत खमरिया नगरवासियों का हार्दिक अभिनन्दन एवं शुभकामना करते हुयें नगरवासियों से निम्न अपेक्षाए करती है-

1. अपने घरों / दुकानों में डस्टबीन रखें, सफाई के उपरान्त अपने घरों/दूकानों से निकलने वाले कूड़े को सड़क/नाली में न फेकें।
2. शौचालय का प्रयोग करें, खुले में शौच / पेशाब न करें अन्यथा 100 रू० आर्थिक दण्ड देय होगा।
3. प्रतिबन्धित पॉलिथीन का उपयोग न करें।
4. सार्वजनिक सम्पत्ति यथा नाली/सडक/मार्ग प्रकाश को क्षतिग्रस्त न करें।
5. जल ही जीवन है। इसका दुरुपयोग न करें। अपने नलों में टोटी अवश्य लगाये अन्यथा 500 रू० आर्थिक दण्ड देय होगा।
6. गृहकर/ जलमूल्य/दुकान किराया आदि का भुगतान समय से करें।
7. नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने में सहयोग करें एवं पर्यावरण संरक्षण के लिये पौधारोपण करें।
8. मानचित्र स्वीकृति के पश्चात ही भवन का निर्माण करायें।
9. जन्म-मृत्यु पंजीकरण 21 दिन के अन्दर अवश्य करायें।
10. सार्वजनिक रास्ता/नाली पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न करें।







**अधिशासी अधिकारी** नगर पंचायत खमरिया भदोही | **समस्त सदस्य गण** नगर पंचायत खमरिया भदोही | **अध्यक्ष** नगर पंचायत खमरिया भदोही | **जिलाधिकारी** भदोही

## कार्यालय आदर्श नगर पंचायत, बिल्थरा रोड (बलिया)

पत्रांक :-15/ नं०पं०बि०रोड | दिनांक :-24.01.2025

### निविदा आमंत्रण/ई-निविदा,

15वां वित्त आयोग (**Untied Grant**) / 15वां वित्त आयोग (**Tied Grant**) / पं० दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना/02 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क / स्वच्छ भारत मिशन/राज्य वित्त आयोग की प्राप्त धनराशि से नगर पंचायत बिल्थरा रोड के पंजीकृत ठेकेदारों जिनका आयकार/जी०एस०टी० में पंजीकृत हो से प्रतिशत दरों से अधोलिखित विवरण के अनुसार ऑनलाइन ई-निविदा आमंत्रित करती है।

| क्रम सं० | कार्य का विवरण | निविदाओं की ऑन-लाइन उपलब्धता | ऑन-लाईन निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि | मूल अभिलेख (निविदा सूचना के अनुसार) जमा करने की अन्तिम तिथि, समय व स्थान | वित्तीय ई-टेण्डरिंग निविदा खोलने की तिथि व स्थान |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कार्यालय नगर पंचायत बिल्थरारोड के पत्र सं०-14 / न०पं०बि०/वर्ष 2024-25 दिनांक 24.01.2025 से सम्बन्धित ई-निविदा पोर्टल www.etender.up.nic.in पर अपलोडेड कुल 15 अदद लाटों की निविदा । | दिनांक 25.01.2025 से दिनांक 14.02.2025 तक समय अपरान्ह 10.00 बजे से अपरान्ह 06.00 बजे तक। | दिनांक 14.02. 2025 समय 10.00 बजे से अपरान्ह 06.00 बजे तक | दिनांक 15.02.2025 समय 10.00 बजे से अपरान्ह 1.00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत बिल्थरा रोड, बलिया | दिनांक 15.02.2025 अपरान्ह 2.00 बजे कार्यालय नगर पंचायत बिल्थरा रोड, बलिया में खोला जायेगा । |

**www.etender.up.nic.in** पर उक्त निविदाओं की विस्तृत जानकारी हेतु लॉग ऑन करके देखी जा सकती है।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पंचायत बिल्थरा रोड जनपद- बलिया

**अध्यक्ष**
नगर पंचायत बिल्थरा रोड जनपद- बलिया

# वाराणसी

## ‘जनसंदेश’ में लहराया तिरंगा



**वाराणसी।** जनसंदेश टाइम्स में 76वें गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर डायरेक्टर शाश्वत अग्रवाल, सीईओ पीपी सिंह, महाप्रबंधक दिनकर उपाध्याय सहित जनसंदेश परिवार के सभी सदस्य मौजूद रहे।

# पीएम के जनसंपर्क व भाजपा ऑफिस पर फहराया तिरंगा




**गणतंत्र दिवस**

### भारत माता के चित्र पर लोगों ने अर्पित किए पुष्प

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय कार्यालय जवाहर नगर एवं रोहनिया स्थित भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय पर गणतंत्र दिवस के दिन भाजपाजनों ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस दौरान राष्ट्रगान भी हुआ। पीएम के संसदीय कार्यालय पर उपस्थित लोगों ने भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए स्वतंत्रता सेनानियों, संविधान निमार्ताओं एवं देश की एकता व अखंडता के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वालों को नमन किया। क्षेत्रीय कार्यालय पर अध्यक्ष दिलीप पटेल ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने सभी से आत्मनिर्भर और विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि में अपना योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रमों में जिलाध्यक्ष व एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा, विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी, महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय, प्रदेश कोषाध्यक्ष मनीष कपूर, पूर्व विधायक सुरेन्द्र नारायण सिंह औढ़े, पूर्व महापौर मृदुला जायसवाल, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी नवरतन राठी, कार्यालय प्रभारी शिवशरण पाठक, नागेंद्र रघुवंशी, प्रेम कपूर, नवीन कपूर, जगदीश त्रिपाठी, मीना चौबे, अशोक चौरसिया आदि थे।

### पत्रकारपुरम कॉलोनी में राष्ट्रीय ध्वज फहराया



**वाराणसी।** गिलट बाजार स्थित पत्रकारपुरम कॉलोनी में पत्रकारपुरम विकास समिति की तरफ से गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। पार्क में संस्थापक अध्यक्ष डॉ. राजकुमार सिंह के नेतृत्व में कॉलोनीवासियों ने झंडोत्तोलन किया। डॉ. राजकुमार सिंह ने कहा कि सबके प्रयास से पत्रकारपुरम ने एक विकसित कॉलोनी का स्वरूप ले लिया है। सामूहिक प्रयास से कॉलोनी आदर्श स्वरूप को प्रदान करेगी। अध्यक्ष जितेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि कॉलोनी को सुरक्षित बनाने की दिशा में निरंतर काम हुए हैं। उन्होंने कालोनिवासियों को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। पूर्व महामंत्री पुरुषोत्तम चतुर्वेदी ने बताया कि शीघ्र ही पार्क को सुंदर बनाने का काम शुरू होगा। इस दौरान रोलर स्केटिंग के बच्चों ने मोहम्मद सैयद के नेतृत्व में तिरंगे के साथ भारत माता के जयकारे के बीच अद्भुत प्रदर्शन किया। इस अवसर पर केडीएन राय, रमेश राय, अजय राय, डॉ. अरविंद सिंह, शिवप्रकाश सिंह, डॉ. विजय नारायण सिंह, जगधारी, रामदयाल, एसके मेहरा, प्रदीप सिंह, शाहिद राजा आदि थे।

### गणतंत्र दिवस पर 32 लोगों ने किया रक्तदान



वाराणसी। काशी रक्तदान नेत्रदान कुटुम्ब, रॉयल रेजीडेंसी तथा गोवर्धन पूजा समिति के संयुक्त बैनर तले गणतंत्र दिवस पर नमोघाट स्थित गोवर्धन धाम मंदिर में लगाये गये रक्तदान शिविर में 62 लोगों ने पंजीकरण कराया। मेडिकल जांच में महज 32 रक्तदानी ही पास होने पर अपना डोनेशन किया। वंशिका पारिख व विनोद यादव ने अपना पहला रक्तदान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सचिव राजेश गुप्ता, नमित पारिख, डॉ. संदीप सिंह, अमित गुजराती, आशीष केसरी, अभ्ज्योत रॉय, दिनेश यादव, राजेश अहीर, पारस यादव आदि ने योगदान किया।
























































# उमड़ा श्रद्धालुओं का रेला गंगा घाटों, धाम में मेला

**प्रयाग से आगे भक्त**

### महाकुंभ के पलट प्रवाह से खचाखच भरा शहर, सड़क से लेकर गलियां भीड़ से पटीं

### क्राउड मैनेजमेंट की तमाम तैयारियां दिखी नाकाफी अफसरों ने संभाला मोर्चा



**वाराणसी।** काशी में प्रयागराज से श्रद्धालुओं के पलट प्रवाह से पिछले सारे रिकार्ड टूट गए हैं। गणतंत्र दिवस की छुट्टी पर पूरा शहर श्रद्धालुओं की भीड़ से खचाखच भर गया। पिछले दो दिनों से शहर की स्थिति ऐसी हो गयी है कि गंगा घाटों से लेकर श्री काशी विश्वनाथ धाम तक श्रद्धालुओं की भीड़ से लबालब दिखे। सोमवार को भी शहर में कुछ ऐसा ही आलम दिखा। देर रात से ही गंगा घाटों और श्री काशी विश्वनाथ धाम में दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालुओं का रेला उमड़ पड़ा। क्राउड मैनेजमेंट की तमाम तैयारियां क्राउड के प्रेशर के आगे नतमस्तक दिखी। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन व पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी सड़क पर उतरे, लेकिन उनकी कोशिश पर भी भीड़ भारी दिखी। अधिकारियों की मानें तो शहर में 10 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं प्रयागराज में गंगा स्नान कर यहां पहुंचे है। शहर के प्रमुख इलाकों में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रशासन फुल अलर्ट पर रहा। जिलाधिकारी ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बनाए गए कंट्रोल रूम में मिलने वाली सभी शिकायतों के निस्तारण का निर्देश दिया। उन्होंने श्रद्धालुओं के लिए समुचित व्यवस्था कराने में जुटे विभागों को भी मुस्तैद रहने की हिदायत दी। जिलाधिकारी एस राजलिंगम ने नगर निगम, जल कल व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को प्लानिंग के अनुसार अपनी जिम्मेदारियों को निवर्हन करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने तथा गंगा घाटों और श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के आसपास मेडिकल टीम को तैनात करने का निर्देश दिया। उन्होंने श्रद्धालुओं के सहूलियत के लिए सभी समुचित इंतजाम करने और इसमें कोई कोर- कसर न छोड़ने की हिदायत दी। जिलाधिकारी ने प्रशासनिक अफसरों को भी क्षेत्र में भ्रमण कर व्यवस्था की निगरानी करने और इंतजामों में किसी प्रकार की कमी न होने देने का निर्देश दिया। काशी में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए व्यवस्था की जांच को जिलाधिकारी व अपर पुलिस आयुक्त बुधवार को सड़क पर उतरे। अफसरों ने श्रद्धालुओं के गंगा स्नान व श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन- पूजन की व्यवस्था का जायजा लिया। इसके साथ ही भीड़ को नियंत्रित करने तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए किए गए इंतजामों का भी हाल देखा। जिलाधिकारी ने कुछ श्रद्धालुओं से बातचीत कर व्यवस्था का फीडबैक भी लिया। अफसरों ने प्रमुख चौराहों पर सीसीटीवी व ड्रोन कैमरों से निगरानी की व्यवस्था भी देखी। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात सभी अधिकारियों व पुलिसकर्मियों को मुस्तैदी बरतने तथा श्रद्धालुओं से अच्छा बर्ताव करने का निर्देश दिया। उन्होंने दशाश्वमेध घाट, मान मंदिर घाट, त्रिपुरा भैरवी घाट, ललिता घाट, मणिकर्णिका घाट व श्री काशी विश्वनाथ कॉरिडोर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

## बाबा भैरोनाथ के दर्शन के लिए लगी लम्बी लाइन



**वाराणसी।** बाबा भौरोनाथ के दर्शन के लिए सोमवार को भक्तो की लम्बी लाइन लगी रही। कई घंटे परिक्रमा के बाद दर्शनार्थी जहां मंदिर में पहुंचे,वही मथ्था टेक काशी के कोतवाल से कष्ट- बाधा दूर करने और परिवार के लिए सुख-समृद्दि हेतु आर्शीबाद मांगा। प्रशासन ने विशेश्वरगंज चौराहे की सड़क से भक्तो को भौरोनाथ चौराहे से होते हुए दूध सट्टी-वीवीहटिया मार्ग से मंदिर में जाने की व्यवस्था किया था और सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस की तैनाती रही। अलग- अलग प्रदेशो से आए और दूर- दराज से पहुंचे श्रद्वांलुओं को उक्त गलियों में जहां कई घंटे खड़े होना पड़ा,वही बाबा के अद्भुत दर्शन के लिए मार्गो और चबूतरे पर बैठ कर अपने पारी का बेसब्री से इंतजार भी करना पड़ा। इस दौरान बाबा दरबार तेजी से पहुंचने और पहले दर्शन करने की जैसे होड़ सी मची रही। महिला और बुजुर्ग भक्तो एक हर लगी कतारो में देर तक खड़ा होने से काफी दिकत्तो का सामना करना पड़ा। इस दौरान उक्त मार्गो के निवासियों को अपने घरो में जाने में परेशानी हुई जबकि बाइक सवारो को आवागमन से जाम की स्थिति बनी रही।

### पिंडरा के शहीद पार्क में 110 फीट का तिरंगा फहराया

पिंडरा। स्थानीय ब्लॉक के शहीद पार्क में विधायक डॉ. अवधेश सिंह व भाजपा नेता रविशंकर सिंह ने संयुक्त रूप से रिमोट का बटन दबाकर 110 फीट लंबा तिरंगा फहराया। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख धर्मेंद्र विश्वकर्मा, ब्लॉक प्रमुख संरक्षक रविशंकर सिंह ने शहीद के परिजनों को अंगवस्त्रम् व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस मौके पर बीडीओ छोटेलाल तिवारी, एडीओ पंचायत अशोक चौबे, मनीष पाठक, अभिषेक राजपूत, हिटलर सिंह, बृजेश सिंह आदि उपस्थित रहे। जबकि लोकजन सोशलिस्ट पार्टी के केंद्रीय कार्यालय बाबतपुर पर सत्य प्रकाश पटेल ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विरेंद्र विश्वकर्मा, राष्ट्रीय महासचिव राजेश विश्वकर्मा, प्रभारी नरेश विश्वकर्मा, जिलाध्यक्ष सिद्धार्थ विश्वकर्मा आदि थे।



## ऑटो चालक वसूल रहे पर्यटकों से मनमाना किराया

**वाराणसी।** शहर में आटो चालक इन दिनो मनमानी किराया वसूल रहे है। प्रशासन की कड़ाई नही होने से जहां यह पर्यटको और यात्रियों से निर्धारित भाड़ा नही ले रहे है,वही स्थानीय लोगों को ई-रिक्शा और आटो में बैठा भी नही रहे है। यह चालक शहर में नगर निगम की ओर से जगह -जगह लगाए गए निर्धारित रेट बोर्ड को नजरअंजाद कर रहे है। काशी में कुंभ के दौरान दूर- दराज से आए श्रद्वांलुओं से यह अवैध किराया मांग रहे है। ऐसे लोगों पर नही प्रशासन की नजर है और न तो कोई नकेल ही है। जिसके कारण नियम को ताक और कानून को हाथ में रखते यह चालक मापदंड से अधिक सवारियो को वाहनों पर बैठाते है । प्रशासन का नही इन पर न कोई रोक है और न तो कही कोई जांच ही किया जाता है। जिससे कारण इनकी मनमानी से सड़क तो सड़क गलियों के रास्तें भी जाम हो जाया कर रहे है। इसके कारण लोग काफी परेशान है और प्रशासन बेखबर है।













































**जनसंपादकीय**

# भविष्य के धार्मिक स्थलों का स्वरूप क्या होगा?

**संदीप पांडेय**



हवाई अड्डों पर एक प्रार्थना कक्ष होता है। वहां यह नहीं लिखा रहता कि वह किसी खास धर्म का है। हम जिस धर्म को मानते हैं उसके अनुसार वहां प्रार्थना कर सकते हैं। यदि हम विभिन्न धर्मों को मानने वालों के बीच झगड़े खत्म करना चाहते हैं तो हमें भविष्य के धार्मिक स्थलों का यही स्वरूप अपनाना होगा। हाल में हमने देखा कि कई जगहों पर लोगों ने न्यायालय की शरण लेकर यह दावा करना शुरू कर दिया कि उनके इलाके की मस्जिद या दरगााह इतिहास में किसी मंदिर को गिरा कर बनाई गईं हैं। यदि सर्वोच्च न्यायालय ने हस्तक्षेप कर इन कानूनी प्रक्रियाओं पर रोक न लगाई होती तो इन सिलसिलों को कोई अंत नहीं दिखाई पड़ रहा था और अंततः ताज महल जैसे स्मारक भी इसकी चपेट में आ जाते। किंतु यह राहत तात्कालिक ही है। उपासना स्थल अधिनियम की वजह से इस प्रक्रिया पर रोक लगी है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुखिया मोहन भागवत के यह कहने के बावजूद कि अयोध्या तो एक आस्था का मामला था, हमें हरेक मस्जिद के नीचे शिवलिंग नहीं खोजने चाहिए, कुछ लोगों की आस्था अन्य जगहों पर हो सकती है और हमें अभी तक यह समझ लेना चाहिए कि रा.स्वं.सं. व भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी भिन्न भाषाओं में बोलते हैं। रा.स्वं.सं. की पत्रिका ने कह ही दिया है कि विवादित स्थलों का इतिहास जानना सभ्यता के साथ न्याय के लिए जरूरी है। वैसे भाजपा उपासना स्थल अधिनियम को, जैसे उसने जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 प्रभावहीन बना दिया अथवा संविधान के अनुच्छेद 14 की अवहेलना करते हुए खुलेआम भेदभाव करने वाला नागरिकता संशोधन अधिनियम बना दिया, खत्म भी कर सकती है। तब फिर बांध के दरवाजे खुलने जैसी बात हो जाएगी।

अतः इस पेचीदी समस्या का हल निकालना है तो, यह मानते हुए कि ईश्वर को मानने वाले सभी इस बात पर सहमत होंगे कि ईश्वर एक है, हमें सभी धार्मिक स्थलों को सार्वभौमिक धार्मिक स्थल मानना पड़ेगा। यानी किसी भी धार्मिक स्थल में कोई भी धर्म को मानने वाला प्रवेश कर सके और अंदर जाकर अपने तरीके से प्रार्थना, पूजा, आदि कर सके। सैद्धांतिक रूप से हरेक व्यक्ति एक ही छत के नीचे उसी एक ईश्वर की उपासना कर रहा है। बल्कि यह वाकई में एक आध्यात्मिक दृश्य होगा कि अलग अलग लोग अपने अपने तरीके से एक दूसरे के साथ पूरी सद्भावना कायम रखते हुए उपासना कर रहे हैं। अंततः तो सभी धर्मों का यही उद्देश्य है कि धरती पर शांति स्थापित हो जिसमें मानव समाज के अंदर शांति हो और बाहरी दुनिया के साथ भी शांति हो।

लेकिन धीरे धीरे हमें बाबा आम्टे द्वारा महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले की वरोरा नामक जगह पर स्थापित महारोगी सेवा समिति का तरीका ही अपनाना होगा जिसके परिसर पर कोई भी सार्वजनिक धार्मिक स्थल नहीं है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने धर्म के पालन ही छूट है लेकिन अपने घर के अंदर। मृत्यु के बाद हरेक व्यक्ति को, चाहे वह किसी भी धर्म को मानने वाला हो, मिट्टी में दफना दिया जाता है और ऊपर एक पौधा लगा दिया जाता है। समाधि बनाने की अनुमति नहीं है।

फिर सवाल उठेगा कि जो धार्मिक स्थल बने हुए हैं उनका क्या होगा? सभी धार्मिक स्थलों से समाज कल्याण के कार्यक्रम चलाए जाएंगे। गुरूद्वारों से चलने वाले लंगर इसका एक बढ़िया उदाहरण हैं। गुरूद्वारों के लंगर की सबसे अच्छी बात है कि वे सबके लिए खुले होते हैं, सिर्फ सिक्ख धर्म के अनुयायियों के लिए ही नहीं होते। बल्कि सिक्ख धर्म के अनुयायी विशेष प्रयास कर लंगर की सेवा बिना किसी धर्म, नस्ल, जाति या लिंग के भेदभाव के सभी तक पहुंचाने की कोशिश करते हैं। हमने देखा कि इंग्लैण्ड की संस्था खालसा एड ने बंग्लादेश में म्यांमार से आए शरणार्थियों के लिए लंगर चलाए और रूस के हमले के बाद यूक्रेन से पलायन कर रहे लोगों के लिए पोलैण्ड की सीमा पर लंगर चलाए। जबकि बंग्लादेश, म्यांमार, पोलैण्ड या यूक्रेन में सिक्ख कोई बड़ी संख्या में नहीं रहते। मौलिक बात यह है कि जहां लंगर की जरूरत थी वहां लंगर चलाए गए। दिल्ली की सीमा पर किसानों का 13 महीनों तक जो धरना चला उसमें लंगरों की बड़ी भूमिका थी जिसमें पंजाब-हरियाणा के गांव-गांव से खाने-पीने का सामान आ रहा था। गांवों से परिवार के परिवार आकर लंगर की व्यवस्था सम्भाले हुए थे। धर्म की मूल भावना सेवा है और यह हमें सिक्ख धर्म से सीखना चाहिए। इसी तरह सभी धार्मिक स्थलों को सेवा के केन्द्रों में तब्दील हो जाना चाहिए। यह शिक्षा का कार्यक्रम हो सकता है, स्वास्थ्य का हो सकता है, महिला सशक्तिकरण का हो सकता है अथवा लंगर की सेवा हो सकती है। चूंकि धर्म का सार ही सेवा है अतः बने हुए धार्मिक स्थलों का सबसे बढ़िया उपयोग यही है कि वहां से सेवा के कार्यक्रम चलाए जाएं। अयोध्या में एक सर्व धर्म सद्भाव न्यास की स्थापना हुई है जिसमें एक राम जानकी मंदिर के महंथ, एक मुस्लिम सामाजिक कार्यकर्ता, बिहार के एक दलित बुद्धिजीवी, एक ट्रांसजेण्डर व इस लेख के लेखक न्यासी हैं। यह न्यास भविष्य के लिए उपरोक्त किस्म के धार्मिक स्थल बनाना चाहता है। बाराबंकी जिले के असेनी गांव से एक शुरूआत हुई है। एक पुराने मंदिर का जीर्णोद्धार कराकर उसके बाहर लिखवा दिया गया है कि इस मंदिर में किसी भी धर्म को मानने वाले या किसी भी बिरादरी के व्यक्ति का स्वागत है और लोग अपने तरीके से प्रार्थना-पूजा, आदि कर सकते हैं। हम उम्मीद करते हैं कि भविष्य में ऐसे और केन्द्र बनेंगे। यही एक शांतिपूर्ण व मैत्रीपूर्ण दुनिया के लिए एकमात्र उम्मीद है।

**(ए-893, इंदिरा नगर, लखनऊ, सम्पर्कः 0522 2355978)**

(अगर यह स्वतंत्रता और लोकतंत्र न होते तो पिछले पचहत्तर वर्ष में हमने साक्षरता, शिक्षा, जीवन दर, स्वास्थ्य, गरीबी में कमी, साहित्य-कलाओं-विज्ञान, व्यापार, स्वदेशी उत्पाद न आदि में जो प्रगति की है वह सम्भव न होती। स्त्रियों और दलितों को तरह-तरह से भारतीय जीवन में उन्नयन और अपने हक मानने के अवसर न मिले होते। ये स्वतंत्रता-लोकतंत्र भारतव्यापी है, सब धर्मों-जातियों-वर्णों-समुदायों में व्याप्?त हैं। उनकी तुलना में एक पुरानी मसजिद को तोड़कर, जिसके नीचे किसी मन्दिर के होने का कोई सुबूत सुप्रीम कोर्ट को नहीं मिला, एक मन्दिर बनाने को स्वतंत्रता मानना इस शब्द और अवधारणा का कृतघ्न अवमूल्यन है।)

# लोकतंत्र और संविधान का अवमूल्यन

**कभी-कभार**

**अशोक वाजपेयी**



हिन्दुत्व के एक शिखर पुरूष ने इधर ऐसा कोई वक्तव्य दिया है जिसमें कहा गया है कि भारत पिछले वर्ष उस दिन सही मायनों में स्वतंत्र हुआ जब अयोध्या में एक मसजिद को ध्वस्त कर राम मन्दिर बनाया गया और उसमें प्राणप्रतिष्ठा हुई। एक स्तर पर यह वक्तव्य हिन्दुत्व की बढ़ती सफलता पर उल्लास की अतिशयोक्ति है तो दूसरी ओर उसमें हिन्दुत्व की शक्तियों द्वारा भारत के लम्बे-सफल स्वतंत्रता-संग्राम, 1947 में प्राप्त स्वतंत्रता, 1950 में लागू भारतीय संविधान और उससे प्राप्त लोकतंत्र और उसके बाद हुए भारत के विकास का घोर अपमान है- उनका अस्वीकार है। किसी भारतीय नागरिक को ऐसा मत रखने का अधिकार है। उसे व्यक्त करने की स्वतंत्रता भी है। लेकिन यह मत एक राजनैतिक संस्थान के सरसंघ संचालक का है जो इस समय केन्द्र और कई राज्यों में सत्तारूढ़ है और जिसने सत्ता में प्रवेश करने पर संविधान के प्रति निष्ठा की सार्वजनिक लिखित शपथ ली है। इसलिए इस वक्तव्य को अनदेखा नहीं किया जा सकता। कुछ ऐसा स्पष्टीकरण आया है कि 1947 में मिली स्वतंत्रता राजनैतिक स्वतंत्रता थी, असली सांस्कृतिक स्वतंत्रता 2024 में मिली। इसमें सन्देह नहीं कि 1947 में हम ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन से मुक्त हुए। पर हमारा स्वतंत्रता संग्राम इस मामले में अनूठा था कि उसमें राजनैतिक के अलावा सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक सभी तरह की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया गया था। राजनीति के अलावा इन सभी क्षेत्रों में भी हमने तभी स्वतंत्रता पायी। अगर ऐसा न होता तो विभाजन के बावजूद हमने इतनी जल्दी एक भरा-पूरा संविधान न बनाया, न लागू किया होता। इस संविधान में सिर्फ. स्वतंत्रता का अनेक स्तरों पर सत्यापन भर नहीं है उसमें सभी नागरिकों को समान अधिकार, समता और न्याय के मूल्यों की स्थापना, सभी नागरिकों को धर्म-जाति-लिंग आदि से परे कुछ बुनियादी अधिकार, लोकतांत्रिक व्यवस्था आदि के रूप में क्रान्ति की गयी है। यह भी याद आना चाहिये कि भारतीय परम्परा में निजी मुक्ति की, मोक्ष, निर्वाण आदि के रूप में जो धारणाएँ थीं वे व्यक्ति की मुक्ति पर एकाग्र थीं और उसमें किसी सामूहिक, सामाजिक मुक्ति का तत्व नहीं था। महात्मा गांधी ने मुक्ति की इस धारणा को सामूहिक स्वतंत्रता की धारणा में रूपान्तरित किया और हमारा स्वतंत्रता-संग्राम गहरे और अविच्छिन्न रूप से राजनैतिक-सामाजिक स्वतंत्रता का संघर्ष बना।

अगर यह स्वतंत्रता और लोकतंत्र न होते तो पिछले पचहत्तर वर्ष में हमने साक्षरता, शिक्षा, जीवन दर, स्वास्थ्य, गरीबी में कमी, साहित्य-कलाओं-विज्ञान, व्यापार, स्वदेशी उत्पाद न आदि में जो प्रगति की है वह सम्भव न होती। स्त्रियों और दलितों को तरह-तरह से भारतीय जीवन में उन्नयन और अपने हक मानने के अवसर न मिले होते। ये स्वतंत्रता-लोकतंत्र भारतव्यापी है, सब धर्मों-जातियों-वर्णों-समुदायों में व्याप्?त हैं। उनकी तुलना में एक पुरानी मसजिद को तोड़कर, जिसके नीचे किसी मन्दिर के होने का कोई सुबूत सुप्रीम कोर्ट को नहीं मिला, एक मन्दिर बनाने को स्वतंत्रता मानना इस शब्द और अवधारणा का कृतघ्न अवमूल्यन है।

**दास्तानगोई के बीस बरस**

इक्कीसवीं सदी का एक चौथाई इस बरस बीत जायेगा। अगर हम इस दौरान प्रदर्शनकारी कलाओं में जो हुआ है उसका आकलन करें तो यह स्पष्ट होता है कि सबसे बड़ी घटना दास्तानगोई है। कई तरह से एक परिघटना। इस कथाकथन की विधा का बीसवीं सदी में लोप हो गया था पर वह इस सदी में वापस आ गयी है। इसका श्रेय पहले तो उर्दू के महान् साहित्यकार और विद्वान शमसुर रहमान फारूकी को जाता है जिन्होंने दास्तानों के छियालीस जिल्दें खोजकर उन्हें संपादित और प्रकाशित किया। महमूद फारूकी ने इसी भूली-बिसरी और बिला गयी विधा को पुनर्जीवन देने की सक्षम और सुविचारित पहल की। महमूद ने सिर्फ. दास्तान की समृद्ध परम्परा को सम्हाला नहीं बल्कि उसमें विस्तार और नवाचार किया। पुरानी दास्तानों में उन्होंने कई नयी दास्तानें जोड़ीं जिनमें 'घरे बाइरे', 'चौबोली', 'जयराम जी', 'मंटोइयत', 'एलिस', 'लिटिल प्रिंस', 'कर्ण', 'राग दरबारी', 'रजा', 'मीर', 'रेत समाधि' आदि शामिल हैं।

हम जिस दौर में हैं उसमें, एक तरह से, दो दास्तानों के बीच एक गृह युद्ध सा चल रहा हैः हिन्दुत्व की दास्तान और हिन्दुस्तान की दास्तान। यह सन्दर्भ दास्तानगोई को नये किस्म की धार और प्रासंगिकता देता है। वह हमारी संस्कृति की, पारंपरिक स्मृति की विधा होने के साथ-साथ प्रतिरोध की विधा भी बन जाती है। उसमें रवीन्द्रनाथ, सआदत हसन मण्टो, श्रीलाल शुक्ल, विजयदान देथा, गीतांजलि श्री, मीर तकी मीर जैसों की कथाएँ, महाभारत और दिनकर से सामग्री लेने का उपक्रम उसे विलक्षण और अकाट्य समकालीनता देता है।

इस कथाकथन की विधा का बीसवीं सदी में लोप हो गया था पर वह इस सदी में वापस आ गयी है। इसका श्रेय पहले तो उर्दू के महान् साहित्यकार और विद्वान शमसुर रहमान फारूकी को जाता है जिन्होंने दास्तानों के छियालीस जिल्दें खोजकर उन्हें संपादित और प्रकाशित किया। महमूद फारूकी ने इसी भूली-बिसरी और बिला गयी विधा को पुनर्जीवन देने की सक्षम और सुविचारित पहल की। महमूद ने सिर्फ.दास्तान की समृद्ध परम्परा को सम्हाला नहीं बल्कि उसमें विस्तार और नवाचार किया।

कई दास्तानें सुनते हुए इस पर ध्यान जाता है कि उनमें प्रायः विसंगति-विचलन-विपथगामिता की त्रयी बहुत सक्रिय रहती है। वे हमें याद दिलाती हैं कि यथार्थ न आज, न कभी सुसंगत, एकरैखिक, एकतान होता है। हमारे यहाँ तो इसका बड़ा ग्रन्थ महाभारत है। हम यह भी महसूस कर सकते हैं कि सच सिर्फ. यथार्थ में नहीं, कल्पना में भी होता है। बहुत सारा यथार्थ तो पहले कल्पित ही होता है।

हमारा समय बहुत टुच्चे सपने देखने से आक्रान्त है। दुनिया बदलने का सपना हमने लगभग तज दिया है। हम दी हुई सचाई से ही सन्तुष्ट होने लगे हैं, उसकी अपार अपर्याप्तता के बावजूद। दास्तानें हमें विकल्प खोजने, बड़े सपने देखने, दी हुई सचाई को प्रश्नांकित करने के लिए प्रेरित करती हैं। कई बार उनमें सचाई और सपने का द्वैत ध्वस्त हो जाता है।

दास्तानों का एक पक्ष यह भी है कि वे सर्वथा रहस्यहीन और विस्मयहीन समय में हमें फिर जताती हैं कि संसार रहस्मय है, हमेशा रहेगा और हमें विस्मित करता रहेगा। महमूद फारूकी की दास्तानगोई में अनेक भाषाओं जैसे उर्दू, हिन्दी, फारसी, संस्कृति, अंग्रेजी, यहाँ तक कभी-कभार फ्रेंच तक की आवाजाही होती रहती है। उसका भाषाई गुलदस्ता सुन्दर और शब्दों की कई तरह की सुगन्ध देता है।

चित्रकार सैयद हैदर रजा पर लगभग दो घण्टे की दास्तान महमूद फारूकी ने प्रस्तुत की और बहुत सारे दर्शनों की यह प्रतिक्रिया थी कि उससे उन्हें रजा की कला और आधुनिक कला के कई पहलुओं को समझने-सराहने में बड़ी मदद मिली।

**( लेखक वरिष्ठ कवि एवं साहित्यिक, सांस्कृतिक चिंतक हैं)**

# प्रतिबंधित क्यों नहीं हो रही जानलेवा 'चाईना डोर'

**प्रसंगवश**

**निर्मल रानी**



विश्व के सबसे बड़े बाजार के रूप में अपनी पहचान रखने वाले भारत में चीन जैसे पड़ोसी देश के अनगिनत उत्पाद पटे पड़े हैं। शायद ही कोई क्षेत्र ऐसा हो जिससे संबंधित सामग्री चीन निर्मित न कर रहा हो और भारत सहित पूरी दुनिया को उनकी आपूर्ति न कर रहा हो। छोटी से छोटी मामूली चीजों से लेकर बड़ी से बड़ी और भारी से भारी वस्तुएं चीन द्वारा निर्मित कर भारत भेजी जा रही हैं। मिसाल के तौर पर जहाँ चीन निर्मित मोबाईल फोन लैपटॉप व कंप्यूटर आदि भारतीय बाजार में भरे पड़े हैं वहीँ चाईना की रंग बिरंगी लाईट्स दीपावली,नववर्ष जैसे अनेक अवसरों पर पूरे देश में अपनी रंगबिरंगी छटायें बिखेरती हैं। सजावट, मशीनरी, कांच, पत्थर, प्लास्टिक, खिलौना, कपड़ा, बर्तन, क्रॉकरी, फर्नीचर, हार्डवेयर, आतिशबाजी, धार्मिक सामग्री, देवी देवताओं भगवानों के चित्र,फोटो फ्रेम,नजर बट्टू,कंठी माला टोपी तस्बीह मुसल्ला मेडिकल व सर्जिकल सामग्री जैसी तमाम क्षेत्रों से सम्बंधित सामग्रियों का निर्माण व इनकी आपूर्ति चीन द्वारा भारत सहित पूरे विश्व में की जाती है। इन्हीं चीन निर्मित सामग्रियों में कुछ सामग्री ऐसी भी हैं जिनका इस्तेमाल करना लोगों की जान से खिलवाड़ करने जैसा है। ऐसी ही मनोरंजन से जुड़ी एक सामग्री है 'चाईना डोर।'

'चाईना डोर ' का प्रयोग पतंगबाजी में किया जाता है। और भारत पूरे विश्व में पतंगबाजी के लिये प्रसिद्ध है। वसंत पंचमी जैसे अनेक त्योहारों पर तथा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर और इसके अलावा छुट्टियों के दिनों में तमाम लोग अपने फुर्सत के लम्हे पतंगबाजी कर बिताना चाहते हैं। चीन जहाँ भारत को तरह तरह की रंग बिरंगी छोटी बड़ी पतंगें निर्यात करता है वहीँ पतंग उड़ने में प्रयोग किया जाने वाला डोर /मांझा भी चीन से ही आता है। दरअसल पतंगबाजी में प्रयुक्त मांझा जो भारत में भी बनता है उसमें भी कुशाग्रता अथवा धार पैदा करने के लिये उसमें पिसे हुये कांच का पाउडर मिलाया जाता है। और भारत में चाईना डोर के आने की शुरूआत से पहले भी पतंग उड़ाने वाले मांझे में उलझकर अनेक लोग जख़्मी हो जाते थे। परन्तु आखिरकार वह भारतीय मांझा टूट जाया करता था। लेकिन जबसे भारतीय बाजार में चाइनीज मांझों ने अपनी दस्तक दी है तब से तो पतंगबाजी मनोरंजन से अधिक दहशत भरे व जानलेवा मनोरंजन के रूप में जाना जाने लगा है। हालत यह हो गयी है कि शायद ही कोई दिन ऐसा होता हो जिस दिन देश के किसी न किसी कोने से चाईना डोर के चलते होने वाले हादसों की खबरें न आती हों। दरअसल चाईना डोर में प्रयुक्त धागा किसी ऐसी सामग्री का बना हुआ तेज धार वाला धागा है जो किसी व्यक्ति,वाहन पशु पक्षी से उलझने के बावजूद खिंचने पर आसानी से टूटता नहीं।

पिछले दिनों हद तो यह हो गयी कि 14 जनवरी को मकर संक्रांति के दिन ही अकेले गुजरात में ही 6 लोग पतंगबाजी में मर गये। आश्चर्य तो यह कि स्वयं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी मकर संक्रांति के अवसर पर उसी दिन गुजरात में ही स्थानीय लोगों के साथ पतंग उड़ाने का आनंद लिया। उन्होंने उत्तरायण पर्व (मकर संक्रांति) के अवसर पर शहर के मेमनगर इलाके में शांतिनिकेतन अपार्टमेंट की छत पर पतंग उड़ाई। पूरे देश में उसी दिन चाईना डोर से अनेक लोगों की मौत हो गयी। इसका तीखापन,धार व मजबूती ऐसी है कि आजके दौर में दुपहिया व चारपहिया वाहनों में इस्तेमाल होने वाले फाईबर या प्लास्टिक के बने बम्पर,लेग गॉर्ड अथवा अन्य एसेसरीज को भी यह काट देता है। जाहिर है ऐसे में प्राणियों का बचने का सवाल ही नहीं है। उदाहरणार्थ गत दिनों लुधियाना में एक मोर के गले में यही प्लास्टिक टाइप चाइना डोर फँस गयी जिससे उसकी मौत हो गयी। समाचार यह भी है कि यह मांझा सुचालक होता है जिसके कारण इसमें करेंट प्रवाहित हो जाता है। चाईना डोर से करंट लगने से भी कई मौतें हो चुकी हैं। गले,कलाई और हाथों की नस कटना और अत्यधिक रक्त प्रवाह के चलते मौत होने की तो अनेकानेक घटनाएं घटित हो चुकी हैं।

पिछले दिनों अमृतसर व जालंधर में एक ही दिन में घटी दो अलग अलग घटनाओं में 19 वर्षीय पवनदीप व 45 वर्षीय की मौत हो गयी। इन दोनों की मौत चाईना डोर से गले में सांस की नस कट जाने के कारण हुई। इस मामले में दोनों ही जगह पुलिस द्वारा कुछ अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध मुकददमा दर्ज किया गया है। सवाल यह है कि किस पर चलना चाहिये हत्या का मुकद्दमा? इस तरह के हादसों का जिम्मेदार कौन हो सकता है ? ऐसी खतरनाक सामग्री बेचने वाला ? इसे खरीद कर इस्तेमाल करने वाला ? या फिर इसका निर्माण व आपूर्ति करने वाला ? कोई भी हो परन्तु कम से कम इस से उलझकर अपनी जान गंवाने वाला बेगुनाह तो हरगिज नहीं हो सकता ? चाईना डोर /मांझे से कटकर जान गंवाने की खबरें दशकों से हमारे देश के अखबारों में सुर्खियों में रहती हैं। अब तो यह जानलेवा मांझा दुकानों के अलावा ऑन लाइन भी उपलब्ध है। परन्तु सरकार की तरफ से इस दिशा में कोई कदम उठाने का कोई समाचार नहीं है.

जनता को उसके हाल पर छोड़ने की यह कुछ ऐसी ही मिसाल है जैसे कि कहीं मेनहोल का ढक्कन खुला पड़ा है या सड़कों पर गड्ढे हैं तो उसके चलते होने वाले किसी भी हादसे या मौत की जिम्मेदारी सरकार की नहीं होती बल्कि मरने या घायल होने वाला ही अपनी गलती सहर्ष स्वीकार कर या तो यमराज के हमराह चला जाता है या अस्पतालों के चक्कर लगता रहता है और लाखों रुपए के चक्कर में पड़ जाता है। परन्तु सरकार को केवल अपने रोड टैक्स और कमेटी टैक्स से ही वास्ता है। हाँ यदि आपसे टैक्स भरने में देर हो गयी तो जुरमाना वसूलना जरूर सरकार का काम है,सड़कों गड्ढों मेनहोल आदि को दुरुस्त व सुचारु रखना हरगिज नहीं ? सरकार को चाहिये कि आम लोगों की जान से खिलवाड़ करने वाली ऐसी जानलेवा सामग्रियों को तत्काल रूप से प्रतिबंधित करे। ऐसी सामग्रियों पर लगने वाले सीमा शुल्क अथवा जी एस टी से अधिक जरूरी है आम लोगों की जान सुरक्षित करना। पशु पक्षियों की जान बचाने की कोशिश करना तथा चाईना डोर /मांझे के चलते होने वाली दुर्घटनाओं को टालना। इसलिये सरकार को तत्काल प्रभाव से देश में चाईना डोर /मांझे के आयात को प्रतिबंधित कर देना चाहिये। आश्चर्य है कि इतनी मौतों व दुर्घटनाओं के बावजूद अभी तक जानलेवा 'चाईना डोर' प्रतिबंधित क्यों नहीं हो रही है ?

**( लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

# ट्रम्प की घास

**प्रमोद ताम्बट**



ट्रम्प ने हमें घास नहीं डाली। कितनी बड़ी ट्रेजडी है। इतनी बड़ी ट्रेजडी है कि इतिहास के गोदाम में इस साइज की दूसरी कोई ट्रेजडी हरगिज नहीं है। इतनी बड़ी ट्रेजडी तो ट्रम्प के जानी दुश्मनों के साथ भी नहीं हुई जिन्हें घास डलने की रत्ती भर भी उम्मीद नहीं थी, हम तो फिर भी उसके जिगरी दोस्त थे, और हमें पूरी उम्मीद थी कि हमारे सामने घास डलेगी, पक्का डलेगी । फिर भी ट्रम्प ने हमें बिल्कुल घास नहीं डाली। हमने घास डलवाने की बहुत कोशिश की, बहुत हाथ-पैर मारे, बहुत मिन्नतें कीं ताकि किसी तरह हमें भी ट्रम्प की घास चरने का मौका मिल जाए । लेकिन ट्रम्प नहीं पसीजा। पता नहीं कौन सा पाप हमसे हो गया कि हम ट्रम्प की घास के पहले नेचुरल हकदार होने के बावजूद अमरीकी ओर से घास हमारे पास फटकने भी नहीं दी गई।

हालांकि ट्रम्प के पास बहुत सारी घास मौजूद है। घास के बड़े-बड़े खेत-खलिहान, बड़े बड़े गोड़ाउन है उसके पास। कोई कमी नहीं उसके पास घास की। लेकिन उसने हमें नहीं डाली। पता नहीं क्यों नहीं डाली। थोड़ी सी डाल देता तो कोई कम तो पड़ जाती नहीं उसे घास ? क्या बिगड़ जाता उसका अगर तनिक सी हमें भी डाल देता । हम कौन उसकी घास खाकर भाग रहे थे।

ट्रम्प के पास भाँति-भाँति की घास है। हरी-हरी चाहो तो हरी-हरी। सुनहरी चाहो तो सुनहरी, सूखी सट्ट, जिसे भूसा कहते हैं वह भी। और तो और रंग-बिरंगी बेहद आकर्षक डिजाइनर घास भी है उसके पास। कमबख़्त डालता तो हम कितने अच्छे से घास चरते। दुनिया देखती कि हमारी घास चराई भी क्या घास चराई है। लेकिन हमारी किस्मत में ही नहीं थी ट्रम्प की घास, इसलिए तो उसने जरा सी भी नहीं डाली ।

इतनी सारी घास है ट्रम्प के पास कि वह बैठे-बैठे सारी दुनिया को चरा सकता है और उसने चराई भी । बस हमें चराना भूल गया। जाने कैसे भूल गया। बादाम तो हम बहुत एक्सपोर्ट कर रहे हैं अमेरिका को। फिर भी भूल गया। चराना भूल गया या जानबूझकर नहीं चराई यह तो वही जाने परंतु वह मेहरबानी करके हमें भी थोड़ी सी घास डाल देता तो उसके बाप का क्या कुछ चला जाता?

ट्रम्प घास डालता तो हम बड़ी शिद्दत से उसे चरते। तिनका-तिनका चर-चर कर हम घास को पूरा चर जाते। एक दाना भी जमीन पर नहीं छोड़ते कि कोई और आकर उसे चर जाए। हम घास के एक-एक तिनके का पूरा मान रखते और पूरे सम्मान के साथ उसे उदरस्त करते। हम घास को रबड़ी-मलाई की तरह चाट-चाटकर पूरा चट कर जाते। पूरी दुनिया को नाच-गाकर बताते कि हमें ट्रम्प की घास चरने का मौका मिला है और हम उसे रबड़ी-मलाई की मानिंद चट कर गए हैं । दुनिया एक नये और मानीखेज मुहावरे का लुत्फ उठाती - 'ट्रम्प की घास चाटना'। हिंदी के मुहावरा कोश में एक और मुहावरे की वृद्धि होती। हिंदी समृद्ध होती। कुछ लोग जरूर इस मुहावरे में से 'घास' शब्द का लोप करके अर्थ का अनर्थ करते लेकिन हम उसकी कतई चिंता नहीं करते। हम चरते। पूरी घास को रबड़ी-मलाई की तरह चट कर जाते।

ट्रम्प की घास का स्वाद भी कोई काजू-किसमिस से कम नहीं । चरो तो ऐसा लगता है मानो ड्रायफ्रूट का भंडार चर रहें हो। लेकिन ट्रम्प की घास डलती हमारे सामने तब न हम ड्रायफ्रूट का लुत्फ उठा पाते । डाली ही नहीं घास कमबख्त ट्रम्प ने। हम मायूस हैं । बहुत मायूस हैं लेकिन बता दें कि हतोत्साहित बिल्कुल नहीं हैं। हम कोशिश करेंगे। निरंतर कोशिश करेंगे। मरते दम तक कोशिश करते रहेंगे की ट्रम्प हमें घास डाले और हमें भी उसकी घास चरने का स्वर्णिम अवसर मिल सके। देर-सवेर कभी न कभी तो वह अवसर मिल ही जाएगा।

देखो भैया, जब तक हमारा देश एक बड़ी चरागाह है, और हम उसके चरवाहे हैं, तब तक कोई हमें घास डाले या ना डाले, उसे झक मार कर हमारे यहाँ चरने तो आना ही पड़ेगा। हम भी देखेंगे कि यह ट्रम्प का बच्चा कब तक हमें घास नहीं डालता । हमारी चरागाह को चरने की अगर रत्ती भर भी साम्राज्यवादी तमन्ना है तो उसके तो बाप को भी हमें घास डालना पड़ेगी। देखते हैं कैसे नहीं डालता।

**(बी-79 साईनाथ नगर, कोलार रोड, भोपाल, संपर्क 9893479106)**

# पुस्तक प्रकाशन के सोलह संस्कार

**व्यंग्य**

**बी. एल .आच्छा**



अपने लिखे का प्रकाशन भी प्राणों की भीतरी अकुलाहट है। यह जीवन है, कोई मैन्यूफेक्चरिंग यूनिट का प्रोडक्ट नहीं। यह नहीं कि मशीन में कच्चा माल डाला और प्रोडक्ट बाजार की यात्रा करने लगा । पुस्तक को भी यश चाहिए और अर्थ का बाजार भी। और यश यदि फेसबुकिया- इंस्टाग्रामिया हो जाए, अखबारी सुर्खियों में आ जाए, तो क्या कहने !

जब जन्म के सोलह संस्कार होते हैं, तो पुस्तक के क्यों नहीं? आखिर वह भी तो लेखक की साँसों का जीवित रूप है। दोनों की प्रसव पीड़ा के अपने रूपान्तर है। मनुस्मृति की तरह प्रकाशन- स्मृति भी जरूरी है। या भरत के नाट्?यशास्त्र की तरह प्रकाशन शास्त्र। इन दिनों प्रकाशन के सेन्सेक्स के हिसाब से पुस्तक प्रकाशन के सोलह संस्कारों का विधि- विधान सरेआम होना चाहिए । समय के साथ संस्कारों में अंतर भी आए, पर लेखक के गर्भगृह से प्रकाशन-गृह और सोशल मीडिया तक झलकियां तो दिखनी ही चाहिए । लाइक्स- कमेन्ट्?स और बधाइ?यों के बगैर पुस्तक का जन्म बेमानी है। लाइक्स का उतापा ही मीडिया प्रवाह में मल्टीविटामिनस हो जाता है। पुस्तक प्रकाशन के सोलह संस्कारों का प्रारूप विचारार्थ प्रस्तुत है-

**1-रचनाधान संस्कार** - उनींदे से भीतर कुछ फ्लैश होता है। कोई सृजन बिंब । दो नदियों का संगम । ग्लेशियर का टूटना । हरी घास पर क्षणभर का विचार । कसमसाते जीवन का कथासूत्र । कुछ मितली- सी? भीतर में उगने का आभास । अस्पताल की तरह कुछ पॉजीटिव संकेत ।

**2- भाव- गर्भ संस्कार** - लगता है कि दिशाओं' में पंछी उड़ रहे हैं। तिनका- तिनका घोंसला बना रहे हैं । कुछ नये - स्वाद, पुराने से उबकाई । विचाधाराएँ कुलबुलाने लगती हैं। दर्शन के मसाले आ टपकते हैं। शब्द हूक मचाते हैं, नयी इबारत के लिए । उठते-बैठते शिराओं में इनझनाहट मची रहती है ।

**3-शब्द -प्राशन संस्कार** - भाव लिपि शब्दलिपि के लिए बेचैन रहती है । जन्म से पहले ही किताब नामकरण के लिए फड़फड़ाती है । बच्चे और किताब में यही अंतर है । बच्चे के पैदा होने के बाद जलवा पूजन में नामकरण संस्कार होता है । किताब फेसबुकिया जलवा पूजन में पहले नामकरण मांगती है। एक नया- सा नाम ताकि प्रकाशक खिंचे चले आएं । मीडिया आकाश में नगाड़े बजें । लाइक्स- वाइक्स धुआँधार हो जाएं ।

**4- शब्द गिनावन संस्कार**- शब्दों का स्केल्टन जब कथानक रचने लगे तो लगता है ,अब यह पक्का आकार लेगी । तब फेसबुक पर कुछ लिख देते हैं-उपन्यास के दस हजार शब्द पूरे हुए। सत्तर हजार । एक लाख` कंप्यूटर बाबा का बेरोमीटर मुस्कान बढ़ा देता है।

**5-अंश- छपावन संस्कार**- उपन्यास की पूर्णता पर झलक दिखाऊ और प्रकाशन अगाऊ संस्कार भी बाजार की बानगी है। जैसे अंकुए से गेहूँ निकालकर या देशी घी को उल्टी हथेली पर सूंघकर उसकी क्वालिटी परखी जाती है । वैसे ही किसी पत्रिका में अंश छपावन संस्कार बिक्री और प्रकाशन का गेट खोल देता है ।

**6- प्रकाशन सगाई संस्कार** - समृद्ध और नामी-गिरामी परिवार के बच्चों को शादी सगाई तो पुराने जमाने में परात में बिठाकर हो जाती थी । वैसे ही नामी रचनाकारों को अग्रिम रॉयल्टी की परात मे बिठाकर खूँटाबद्ध कर लिया जाता है । अनामी के लिए नमूना अंश की बानगी सगाई संस्कार के लिए कंकू- कन्या बन जाती है । अपने ही जेबी रक्तचंदन से किताबी स्नान आज का यथार्थ है ।

**7 -कवर पेज दिखावन संस्कार**- प्रसव संस्कारों से अलग चेहरा दिखाऊ कवर? पेज संस्कार लुभावक होता है। दो तीन कवर पेज फेसबुक पोस्ट कर पाठकों की लोकतांत्रिक पसन्द से कोई कवर पेज का चयन के. बी. सी.के ओपीनियन पोल की तर्ज पर पाठकीय लोकतंत्र बन जाता है ।

**8- पुस्तक का गृह- प्रवेश संस्कार** - पुस्तक का गृहप्रवेश फेसबुक फोटो का तत्काल- चिपक संस्कार बन जाता है । यह पुस्तक प्रकाशन का चित्रात्मक राजपत्र हैं । पुस्तक खरीदी का ऑनलाइन गेटवे ।परस्पर सहकारी । कुछ लचकीले- दबकीले मित्र नम्बर घुमा ही देते हैं । वरना बधाई- बधाई और शुभकामनाओं का खाली लिफाफा टिका देते हैं ।

**9- विमोचन-लोकार्पण संस्कार**- सभाकक्ष की दीवारों के बीच लोकव्यापी संस्कार होता है । तीन सौ किताबों के प्रकाशन का संपूर्ण लोक के लिए समर्पण ।दो प्रशंसाधर्मी समीक्षक । कोई चहेता मगर नामी अध्यक्ष । पेट-पूर्ति, फोटो- फूर्ति और अखबार- सूरती से मीडिया आकाश में कवरेज से झंडा गाड़ देता है ।

**10- पुस्तक प्रेषण संस्कार** - कुंकुम- पत्रिका की तरह नामवर लेखकों से कुछ प्रशंसाधर्मी शब्दों के आशीर्वाद के लिए पुस्तकें रजिस्टर्ड यात्रा करने लगती हैं । नामवर पंक्ति में अपना प्लेटफार्म बनाने के लिए यह जरूरी संस्कार है ।यह दरख्वास्त भी कि पुस्तक पढ़ते समय कवर पेज का फोटो पठनीय मुद्राओं के साथ फेसबुक पर गुलाब की- सी सुन्दरता और मुस्कान के साथ पोस्ट हो जाए ।

**11- समीक्षा लिखावन संस्कार**- समीक्षा के भी अपने-अपने हर्बल ब्यूटी पार्लर हैं। समीक्षकों से सहकारिता मित्रता के सोपान रच जाती है ।पर पीले चावल की मनुहार के बिना पक्का मित्र- समीक्षक भी बाराती नहीं बन पाता। खासकर जब मशीनें किताबें उगल रही हैं और समीक्षकों के फसल हार्वेस्टर बहुत कम हैं।

**12- समीक्षा पोस्टिंग संस्कार**- समीक्षा की तलब जितनी लेखक को होती है, उससे कमतर समीक्षक को । आंखें टोह में रहती हैं ।मचलती हैं । पत्रिकाओं में छ्पा दिखते ही फेसबुक पर समीक्षा-वेध कर दर्शकों में लाइक्स का गणित रचाती हैं ।

**13- फेसबुकिया चर्चा संस्कार**- लेखक को भी कुछ दरवाजे खींचते हैं । नामी साहित्यकारों की अध्यक्षता और समीक्षकों के साथ सोशल मीडिया पर चर्चा के दौर फेसबुक और जूम के कंठहार बन जाते हैं । प्रकाशक भी इनमें अपना प्रोमो पा जाता है । शब्दों के पंख फड़फड़ाते हुए शिखराना कार्नर तालाशते हैं । सभी लोग धरती से कुछ उठा हुआ महसूस करते हैं ।

**14- सम्मान करावन संस्कार**- इन दिनों यह संस्कार चोटी की तरह मूर्धन्य है। मित्र लोग ही स्थानीय सम्मान रचा लेते हैं, स्थानीय सुर्खियों के लिए ।सम्मान योजना में प्रवेश शुल्क देकर पुरस्कार की छोटी -बड़ी राशि से चयन आधारित सम्मान अखिल विस्तार दे जाता है । आवागमन खर्च सध जाता है, और ब्याज में समारोही आनंद ।यों कुछ लोग सम्मानों से असहमत होते हुए भी सम्मान पा ही लेते हैं।

**15-समीक्षा संकलन प्रकाशन संस्कार** - अपने रक्त-चंदन से मिले शब्द-चंदन का समीक्षा-संग्रह यश का काल- पात्र है ।अर्थ भी यश का पिछलग्गू बन गया है । पुरानों की तरह जेब पर ताला लगाकर नहीं रखता । समीक्षा संग्रह की बेचैनी उसे अगले पायदान पर खड़ा करेगी । फिर से फेसबुकिया से लेकर पोस्टिंग प्रक्रिया तक ले जाएगी।

**16- शोध- करावन संस्कार**- इन दिनों लेखन भी शोध-प्रक्रिया से गुलाबी हो जाता है। ढाई सौ टंकित पन्नों का शोध ग्रंथ विश्वविद्यालय से स्वीकृत होते ही फेसबुक पेज पर ठप्पे का मानद अलंकार बन जाता है । इसके बाद तो जैसे प्रोडक्ट को आई. एस. ओ. मार्का मिल जाता है, वैसे ही लेखक को भी।

पुस्तकें सरस्वती का अभिदान हैं । लेखक का यशस्तिलक ।पारदर्शी अलमीरा की मूर्ति ।गूगल बाबा के घर सर्च पड़ताल । कोश और वेबसाइटों की अक्षर-वाल ।काल पात्र में शब्द ब्रह्म का यह प्रकाशन वासी भी हैं और प्रवासी भी । अपने युगप्रवाह से कौन बचा है? क्या व्यंग्यकार भी बच पाया है?

**( लेखक वरिष्ठ व्यंग्यकार हैं, संपर्क 9425083335)**

# कालीन नगरी में गणतंत्र दिवस पर शान से लहराया तिरंगा




**जनसंदेश न्यूज**

**उत्सवी माहौल**

**मदरसा जामिया शमशिया तेगिया मरियादपट्टी में चेयरमैन प्रतिनिधि अतहर अंसारी ने फहराया तिरंगा**

**सेंट मैरिज स्कूल में बच्चों ने दी एक से बढ़ कर एक प्रस्तुति**

**पूर्व ब्लॉक प्रमुख भदोही सुनीता यादव ने विभिन्न विद्यालयों में फहराया राष्ट्रीय ध्वज**

**नगर पालिका परिषद भदोही में पालिकाध्यक्ष नरगिस अतहर अंसारी ने फहराया झंडा**







**भदोही।** गणतन्त्र दिवस की 76वीं वर्षगाठ जनपद में बड़े धूमधाम एवं भव्यता के साथ मनाई गई। जनपद के सभी सरकारी व गैर सरकारी कार्यालय तथा शिक्षण संस्थानों में ध्वजारोहण के साथ राष्ट्रीयता पर आधारित विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम व खेलकूद का आयोजन किया गया।

मदरसा जामिया शमशिया तेगिया मरियादपट्टी में चेयरमैन प्रतिनिधि अतहर अंसारी ने तिरंगा झंडा फहराया और इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में उपस्थितजनों और बच्चों को सम्बोधित भी किया। इस दौरान प्रिंसपल मौलाना फैसल हुसैन अशरफी, नुरुल सलाम खान बाबा, सभासद अरविंद मौर्या, डॉ. अरशद महबूद, नुरैन खान, खुर्शीद खान, जमील अंसारी नेता, डॉ. अफरोज अंसारी, हाफिज तबरेज, जमाल खान, जुबैर खान आदि लोग मौजूद रहे। इसी तरह नई बाजार स्थित सेंट मेरिज स्कूल में डॉ विधु गुप्ता व फादर आनंद लाकरा ने संयुक्त रूप से झंडारोहण किया। बच्चों ने एक से बढ़ कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का दिल मोह लिया। इस मौके पर सिस्टर अनिता, सिस्टर रेनू, नीरज मिश्रा सहित सभी टीचर मौजूद रहे। इसी तरह सुनीता यादव पूर्व ब्लाक प्रमुख भदोही व पूर्व सदस्य जिला पंचायत भदोही ने जनपद के विभिन्न विद्यालयों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और संविधान के सुरक्षा और राष्ट्र की एकता की शपथ दिलाई। इसी तरह नगर पालिका परिषद भदोही में पालिकाध्यक्ष नरगिस अतहर अंसारी ने राष्ट्रीय ध्वज को फहराया। इस दौरान अधिशाषी अधिकारी धर्मराज सिंह, सभासद अतहर अंसारी, अशरफ अंसारी, गिरधारी जायसवाल, अरविंद मौर्या, अनस अंसारी आदि मौजूद रहे।

# 13 लाख की लागत के नाली निर्माण का पालिकाध्यक्ष ने किया भूमि पूजन



**गोपीगंज।** नगर पालिका परिषद गोपीगंज के अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार गुप्ता ने 15 वें वित्त, राज्य सेक्टर जल निकासी मद से पालिका पालिका अध्यक्ष ने गणतंत्र दिवस पर वार्ड वासियों को नालियों की सौगात दी।

रविवार को पालिका अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता वार्ड 12 नई बस्ती पहुचकर लगभग चार लाख छानबे हजार के लागत से भोनू बिंद के मकान से अकबर तक नाली निर्माण का मंत्रोच्चारण के बीच भूमि पूजन किए। वही वार्ड नंबर चार में आठ लाख 15 हजार की लागत से नाली निर्माण प्रमोद विश्वकर्मा के मकान से सोनू अग्रवाल तक का भूमि पूजन किया। बताते चले कि वार्ड वासी पिछले काफी समय से नाली की मांग कर रहे थे। जिसे अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता ने संज्ञान में लेते हुए नाली निर्माण का भूमि पूजन कर गणतंत्र दिवस पर वार्डवासियों को सौगात दी। जिसको लेकर वार्डवासियों में हर्ष रहा। इस दौरान इस दौरान वार्ड सभासद गुड्डी बेगम, नॉशाद, राजेश, जयशंकर, विष्णु पाण्डेय, विवेक कुमार, आशीष यादव, प्रशांत गुप्ता सहित वार्ड के सम्मानित लोग मौजूद रहे।

# आज छह घंटे बाधित रहेगी इंद्रामिल फीडर की विद्युत आपूर्ति

**भदोही।** विद्युत विभाग के सब स्टेशन भदोही 33/11 उपकेंद्र भदोही 11 केवी इंद्रामिल फीडर व ममहर फीडर में आरडीएसएस योजना के अंतर्गत जर्जर तार, पोल एवं कंडक्टरिंग का कार्य मंगलवार 28 जनवरी को प्रातः 10 बजे से सांय 4 बजे तक किया जाना है। अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड भदोही आरबी शर्मा ने बताया कि मंगलवार को 11 केवी इंद्रामिल फीडर व ममहर फीडर में आरडीएसएस योजना के अंतर्गत जर्जर तार, पोल एवं कंडक्टरिंग का कार्य होना है जिस कारण प्रातः दस बजे से सायं चार बजे तक उपकेंद्र भदोही से निर्गत 11 केवी इंद्रामिल फीडर, ममहर फीडर की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड भदोही ने इंद्रामिल व ममहर फीडर के उपभोगताओं से आह्वाहन करते हुए कहा कि प्रातः दस बजे से पहले ही विद्युत से सम्बंधित कार्य पूरा कर लें।

# गणतंत्र दिवसः शान से लहराया वुडवर्ड पब्लिक स्कूल में तिरंगा

**जनसंदेश न्यूज**



**भदोही।** नगर के सिविल लाइन रोड स्थित वुडवर्ड पब्लिक स्कूल में 26 जनवरी को देश का 76वां गणतंत्र दिवस बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ विद्यालय प्रबंधक पुनीत मेहरा के ध्वजारोहण और राष्ट्र गान के साथ आरम्भ हुआ।

इस अवसर पर कार्यक्रम के रूप मे गीत, नाटक, नृत्यनाटिका, प्रहसन कव्वाली आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ साथ हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषण के रूप मे गणतंत्र दिवस का शुभसन्देश प्रस्तुत किया प्रस्तुति के आरंभ मे हम होंगे कामयाब, सारे जहा से अच्छा हिंदुस्तान हमारा जैसे राष्ट्र गीतो को सामूहिक रूप से प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के प्री-प्राइमरी के छात्रो ने हम हैं हिंदुस्तानी जैसे प्रेरणाप्रद गीतो को सामूहिक रूप से प्रस्तुत किया गया। सीनियर छात्रो के द्वारा जय जय कारा, साथी देना साथ हमारा जैसे गीतो को प्रस्तुत किया गया। भाषण के माध्यम से छात्रो ने देश की प्रगति पर प्रकाश डालते हुये भावी पीढ़ी के प्रति संदेश दिया। विद्यालय प्रधानाचार्य शालिनी मेहरा ने आए हुए अभिभावकों और मेहमानों का आभार व्यक्त करते हुए 76वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी और छात्रों को गणतंत्र दिवस के बारे में जानकारी दी, और देश के भावी पीढ़ी से संविधान के अनुसार चलते हुए देश को स्वर्णिम भविष्य की ओर ले जाने के लिए प्रेरित किया।

# संस्कार भारती ने भारतीय संविधान पर की चर्चा



**नियामताबाद।** 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर संस्कार भारती के तत्वावधान में भारत माता पूजनोत्सव कार्यक्रम का आयोजन शिव मंदिर कैलाशपुरी प्रांगण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती के चित्र पर जिलाध्यक्ष एवं काशी प्रांत के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया गया। तत्पश्चात भारत माता की जय के उद्घोष के साथ भारत माता की आरती की गई। कार्यक्रम के अगले सोपान पर डा.अनिल यादव के निर्देशन में देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति एवं भारतीय संविधान पर चर्चा भारत माता की जय घोष के साथ की गई। इसके क्रमशः लोगों ने अपने विचार व्यक्त किये। विचार व्यक्त करने वाला सतीश जिंदल, ओम प्रकाश जिंदल, सुधीर भास्कर पांडेय, अनिता कुशवाहा, शरद चन्द्र मिश्रा, स्थानीय वार्ड की प्रथम महिला सभासद निधि तिवारी, योग के महारथगुरु मनुश्री गुप्ता, सुनील कुमार, डॉक्टर मनोज सिंह उपस्थित रहे। अंत में वन्देमातरम् गाकर कार्यक्रम का समापन किया गया। संचालन जिला कोषाध्यक्ष संजय राय ने किया।

## संक्षेप

### पड़ाव चौराहे पर लगा भीषण जाम, कराह उठे आमजन



**पड़ाव।** स्थानीय चौराहा सोमवार को दिन भर जाम लगा रहा। इस दौरान सबसे ज्यादा परेशानी छात्र–छात्राओं और जाम में फंसे एम्बुलेंस व रोजमर्रा कार्य पर जाने वाले लोगों को झेलनी पड़ी। विदित हो कि मौनी अमावस्या नहान महाकुम्भ को लेकर वाराणसी में विभिन्न प्रान्तों और जनपदों के श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़ को लेकर वाराणसी जिला प्रशासन द्वारा रविवार की देर रात्रि से सुजाबाद चौकी के समीप वाराणसी आरटीओ रजिस्टर्ड वाहन को छोड़कर अन्य राज्यों व जनपद के वाहनों को वाराणसी जाने से रोक लगा दिया गया, जिससे सुबह गाड़ियों के दबाव बढ़ने के कारण पड़ाव चौराहे पर जाम लगना शुरू हो गया। इससे पड़ाव पीडीडीयूनगर मार्ग, पड़ाव रामनगर मार्ग और पड़ाव बहादुरपुर मार्ग पर गाड़ियों की लंबी कतारें लग गया, जिससे पड़ाव चौराहा पूरी तरह जाम की गिरफ्त में जकड़ गया। इस दौरान स्कूली छात्र छात्राएं, ट्रेन पकड़ने वाले यात्री, रोजमर्रा कार्य करने वाले लोग सहित एम्बुलेंस वाहन और सैकड़ों वाहन जाम में फसे रहे। वही जाम में गाड़ियों की लंबी कतार इस कदर लगा रहा कि पैदल चलने वाले राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। महाकुंभ होने के बावजूद रोजाना की भांति पड़ाव चौराहे पर एक टीएसआई, तीन सिपाही व दो गॉर्ड ही चौराहे पर डयूटी लगाई गई है। वाराणसी शहर में बाहरी गाड़ियों का प्रवेश वर्जित होने के बाद पड़ाव पीडीडीयू नगर मार्ग पर सड़क के किनारे गाड़ियों की लंबी कतारें लगी हुई है। प्रशासन द्वारा साहूपुरी मार्ग पर स्थित खाली पड़ी जमीन में बाहरी वाहनों का वैकल्पिक स्टैंड बनाया गया है।

### धानापुर व्यापार मंडल का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न



**धानापुर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल धानापुर बाजार के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह शनिवार को हनुमान मंदिर का प्रांगण में सम्पन्न हुआ। व्यापार मंडल के शपथ ग्रहण कार्यक्रम मे व्यापारियों में काफी उत्साह दिखाई दिया व्यापारियो ने मोटरसाइकिल जुलूस निकाला और पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों को माल्यार्पण कर बैंड बाजे के साथ पूरे बाजार का भ्रमण किया। व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष लक्ष्मीकांत अग्रहरि ने नये पदाधिकारियो की घोषणा की, जिसमें पवन गुप्ता को कोषाध्यक्ष, सत्यप्रकाश वर्मा को जिला मंत्री,अजहर को युवा जिला उपाध्यक्ष, दीपक प्रजापति को युवा जिला मंत्री, चन्दन मौर्या को युवा संगठन मंत्री बनाया गया। तत्पश्चात नवनिर्वाचित व्यापार मण्डल के अध्यक्ष दिनेश रस्तोगी, महामंत्री धनंजय रस्तोगी के साथ सभी पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता का शपथ दिलाई। इस मौके पर शत्रुघन केशरी, प्रदेश मंत्री चंद्रेश्वर जायसवाल, भदोही जिलाध्यक्ष/चेयरमैन घनश्याम गुप्ता, राकेश मोदनवाल, अशोक केशरी, शंकर गुप्ता, मुकुंद रस्तोगी, मृत्युंजय सिंह, गुरदीप सिंह, प्रदीप कुमार, महमूद आलम, राजीव अग्रहरी, रामजी कुशवाहा, शशिकांत रस्तोगी, मुराहु सेठ उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन सतीश सेठ व संचालन विपिन रस्तोगी ने किया।

### क्रास कंट्री रेस आयोजित


**चंदौली।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला खेल विभाग की ओर से क्रास कंट्री रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रेस को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट डा हर्षिका सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। क्रास कंट्री रेस जिलाधिकारी आवास से प्रारंभ होकर पुरुष वर्ग का सकलडीहा मार्ग पर बर्थरा नहर तक व महिला वर्ग का फगुइया नहर से वापस पुनः डीएम आवास पर समाप्त हुई। पुरुष वर्ग में प्रथम से छठे स्थान पर क्रमशः बालेश्वर बिंद, दिलीप कुमार, सतेंद्र कुमार, नितेश यादव, आशीष कुमार व गौतम यादव रहे। वहीं महिला वर्ग प्रथम स्थान से छठे स्थान क्रमशः सुमन तिवारी, आंचल, रागनी कुमारी, पुष्पा, प्रिया मौर्या व अनिता रहीं। विजयी प्रतिभागियों को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

### खेल से शारीरिक व बौद्धिक क्षमता का होता है विकासः सजाउद्दीन

**शहाबगंज।** क्षेत्र के इसरौलिया गांव में सोमवार को शानदार कैनवास क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन ग्राम प्रधान सजाउद्दीन ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि जिस तरह मनुष्य को जीवन जीने के लिए भोजन जरूरी है ठीक उसी प्रकार शरीर को स्वस्थ रखने के लिए खेल भी जरूरी है। खेल से आपस में भाईचारा बढ़ता है। कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। अच्छा खिलाड़ी छोटे गांवों से भी निकल कर देश का नाम रोशन कर सकता है। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय भी किया। उद्घाटन मैच अमांव व सिकन्दरपुर गाँव के बीच खेला गया।जिसमें टॉस जीतकर अमांव की टीम ने फील्डिंग का निर्णय लिया। आठ ओवर के मैच में सिकन्दरपुर ने पहले बैटिंग करते हुए 56 रन बनाए जवाब में अमांव की टीम आठ ओवर में 35 रन ही बनाकर आल आउट हो गयी।मैन आफ द मैच समशाद को मिला। उद्घाटन समारोह में राजू बीडीसी, रिंकू यादव, मकबूल आलम, जियाउद्दीन, जियावारिस, सादिक, आसिफ, आकिब, अफजाल, महफूज आलम, रहीमुद्दीन तौफीक, शाकिब, राजू आदि उपस्थित थे।

# भीमराव अंबेडकर के अपमान का जनता देगी जवाबः मनोज डब्लू

**जनसंदेश न्यूज**



पीडीए पंचायत को संबोधित करते सपा के राष्ट्रीय सचिव मनोज सिंह डब्लू।

**धानापुर।** सपा के राष्ट्रीय सचिव व सैयदराजा के पूर्व विधायक मनोज सिंह डब्लू ने शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर सोमवार को क्षेत्र के रामरूपदापुर, बिंदपुरवा और मुरलीपुर में पीडीए पंचायत लगाई। इस दौरान उन्होंने संसद में संविधान निमार्ता बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर के अपमान के लिए गृहमंत्री व भाजपा सरकार को घेरा। कहा कि ये लोग जनहित में काम करने में विश्वास नहीं रखते और ना ही इनका विश्वास देश के संविधान पर है।

इस दौरान उन्होंने कहा कि देश की जनता ने देखा कि कैसे भाजपा सरकार के गृह मंत्री ने संविधान निमार्ता का सदन में अपमान किया।

इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना से पूरे देश में आक्रोश है। हम सभी को इसका बदला लेना होगा, लेकिन संवैधानिक तरीके से। भाजपा को अपने वोट के चोट से संविधान की ताकत का ऐहसास कराना होगा। क्योंकि बाबा साहब ने संविधान देकर देश को एकता के सूत्र में बांधा। संविधान देश के गरीब, अमीर, अगड़े, पिछड़े सभी को ताकत देने के लिए बना है। कहा कि सैयदराजा में 10 सालों से विकास कार्य रूका हुआ है और जनता दुश्वारियों का दंश झेल रही है। सरकार इतनी तानाशाह व दमनकारी हो गयी है, लोग अपनी बातों को जनप्रतिनिधियों व सरकार से कह पाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। क्योंकि बोलने वालों का सत्ता-शासन द्वारा दबाया जा रहा है। कहा कि सपा सरकार में क्षेत्र के सभी पम्प कैनालों की क्षमता वृद्धि की गई। सड़कें बेहतर बनाई गयी। क्योंकि वह अखिलेश यादव की सरकार थी। कहा कि अखिलेश यादव की सरकार, आम जनता की सरकार है। आपकी सरकार है, जिसे दोबारा सूबे की सत्ता में लाना होगा। कहा कि आज हम सभी बाबा साहब डा.भीमराव अंबेडकर को याद करने व सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के संदेश को लेकर आपके बीच में आए हैं। कहा कि सपा सरकार बनी तो जनता की जो भी मांगें होंगी पूरी की जाएगी। सड़क, पुल-पुलिया निर्माण के साथ बेहतर बिजली व्यवस्था व किसानों के सिंचाई के संसाधन सुदृढ़ होंगे। इस अवसर पर रामजनम यादव, लल्लन बिन्द, बिहारी बिन्द, लालता कनौजिया, रामदुलारे कनौजिया, देवमूरत खरवार, राम भुवन मौर्या, अनिल विश्वकर्मा, राजेश यादव, दया यादव, संतोष उपाध्याय, महमूद अली, अमित उपाध्याय उपस्थित रहे।

# औद्योगिक इकाइयों व गोदामों पर अधिकारियों की टीम ने मारे छापे

**छापेमारी**

**अनुदानित यूरिया के प्रयोग को किया चेक, एकत्रित किए दो नमूने**



औद्योगिक इकाइयों पर छापेमारी करती अधिकारियों की टीम।

**चंदौली।** सरकार के निर्देश पर जनपद में स्थापित औद्योगिक संस्था जैसे-कैटल फीड, कुक्कुट फीड, साबून, पेंट, बार्निस, मुद्रण स्याही, लिबास चादरें, प्लाईवूड, लेमिन बोर्ड, पार्टीकल बोर्ड के निर्माण में प्रयोग किये जा रहे अनुदानित यूरिया की जांच कर अनुदानित यूरिया के प्रयोग किये जाने पर सम्बन्धित फर्मों पर वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने हेतु सोमवार को जिला कृषि अधिकारी एवं उपायुक्त उद्योग द्वारा संयुक्त छापे की कार्यवाही की गयी। टीम का गठन जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे के आदेश के क्रम में जिला कृषि अधिकारी विनोद कुमार यादव एवं डा. पूजा त्रिपाठी, वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप-ए तथा के उपायुक्त उद्योग सिद्धार्थ यादव द्वारा छापे के दौरान कुल 05 औद्योगिक इकाईयों एवं उनके गोदामों का गहन निरीक्षण किया गया। परीक्षण हेतु टेक्निकल ग्रेड यूरिया का 02 नमूना संग्रहित किया गया। जनपद चन्दौली में औद्योगिक इकाईयों पर पर अनुदानित यूरिया का उपयोग जनपद के उत्पादों के विर्निमाण में किया जाना नही पाया गया। जनपद के समस्त औद्योगिक संस्था जैसे-कैटल फीड, कुक्कुट फीड, साबून पेंट, बार्निस, मुद्रण स्याही, लिबास चादरें, प्लाईवूड, लेमिन बोर्ड, पार्टीकल बोर्ड के निर्माण के प्रोपराइटर को निर्देशित किया जाता है कि जिन भी उत्पाद में यूरिया का प्रयोग किया जाता है, उसमें अनुदानित यूरिया का प्रयोग कदापि न करें अन्यथा निरीक्षण व परीक्षण में यह पाया जाता है कि अनुदानित यूरिया का प्रयोग किया जा रहा है तो उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 के सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। अवैध रूप से उर्वरकों की कालाबाजारी करने वाले बिक्रेताओं के विरूद्ध यह अभियान निरंतर चलता रहेगा। वर्तमान समय में जनपद में समस्त उर्वरक उपलब्ध है। जनपद के प्रत्येक क्षेत्र में उर्वरक की कोई कमी नहीं है।

# 10 लाख के गांजे के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**जनसंदेश न्यूज**



चकिया कोतवाली में पकड़े गए गांजा तस्कर और बरामद गांजा।

**चकिया।** कोतवाली पुलिस ने तीन तस्करों को 39 किलो गांजा के साथ गरला गांव के पास से रविवार की देर रात को गिरफ्तार किया। गांजे की कीमत लगभग दस लाख रुपए आंकी जा रही है। पुलिस क्षेत्राधिकारी राजीव सिसौदिया ने बताया कि कोतवाली पुलिस की टीम चकिया नौगढ़ मार्ग पर गरला तिराहे के पास गणतंत्र दिवस की सायं चेकिंग अभियान चला रही थी। इस दौरान बिहार नंबर की आटो को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो वह भागने लगी।

पुलिस ने पीछा करते हुए घेराबंदी कर ऑटो को कब्जे में ले लिया। तलाशी के दौरान ऑटो में दो बोरे में भरकर रखे गए 39.350 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। इसके अलावा पुलिस ने तीन तस्कर कन्हैया यादव पुत्र महेन्द्र यादव निवासी ग्राम कल्यानीपुर भैंसहट थाना चौनपुर जिला कैमूर भभुआ बिहार, सतीश कुमार पुत्र भरत यादव निवासी ग्राम टोढ़ी थाना भगवानपुर जिला कैमूर भभुआ बिहार और जयप्रकाश यादव पुत्र अरविन्द यादव निवासी ग्राम कलौरा थाना चांद जनपद कैमूर भभुआ बिहार को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए गांजे की अनुमानित कीमत 10 लाख रुपए बताई जा रही है। थाना प्रभारी अतुल प्रजापति ने बताया कि गिरफ्तार तस्करों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई अभिनव कुमार गुप्ता, अनिल कुमार पाण्डेय, दीपचन्द्र गिरी, जलभरत यादव सहित कई पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

जनसंदेश टाइम्स
वाराणसी, मंगलवार, 28 जनवरी, 2025



# सपा सरकार बनते ही चंदौली में बनेगा खेल स्टेडियम: मनोज



इस्लामपुर में प्रतियोगिता के उद्घाटन के बाद खिलाड़ियों से मिलते मनोज सिंह डब्लू।

प्रतियोगिता

## सपा के राष्ट्रीय सचिव ने इस्लामपुर में फुटबॉल प्रतियोगिता का किया उद्घाटन

**चंदौली।** इस्लामपुर स्पोर्टिंग क्लब की ओर से आयोजित स्वर्गीय हमीदुल्ला अंसारी मेमोरियल फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन रविवार को किया गया। इस दौरान सपा के राष्ट्रीय सचिव व पूर्व विधायक मनोज सिंह डब्लू बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शरीक हुए। इस दौरान उन्होंने प्रतिभागी टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। साथ ही कबूतर उड़ा कर उसका औपचारिक उद्घाटन किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि जिले में खेल मैदान का ना होना दुर्भाग्य की बात है। जो सरकार बच्चों के पढ़ने व खेलने का बंदोबस्त ना कर सके उस सरकार को खुद के कामकाज का स्वयं मूल्यांकन करने की जरूरत है। कहा कि जिला चंदौली खेल प्रतिभाओं से भरा हुआ है, लेकिन यहां खेल मैदान के अभाव व संसाधनों की कमी है। यही वजह है कि बच्चे आज ऐसे छोटे स्थान पर खेलने को मजबूर हैं। कहा कि सपा सरकार ने खिलाड़ियों, नौजवानों, किसानों के साथ ही आम लोगों के हितों का ध्यान रखा और सूबे की सत्ता में वापसी के बाद यह सिलसिला फिर से चलेगा। भरोसा दिया कि सपा सरकार बनते ही चंदौली में अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस खेल मैदान का निर्माण होगा। कहा कि भाजपा सरकार नौजवान 17 साल की उम्र में सेना की नौकरी करता है और 21 साल में वह अग्निवीर योजना के नाम पर रिटायर कर दिया जाता है। अग्निवीर स्कीम लाकर युवाओं के भावनाओं के खिलवाड़ कर रही है। सरकार आने के बाद युवाओं को सेना में स्थायी भर्ती के बंदोबस्त किए जाएंगे। इसके साथ ही युवाओं को सेना भर्ती में जाने के भर्ती रैली फिर से आयोजित की जाएगी। आह्वान किया बच्चों को पढ़ाएं, लिखाएं और खेल गतिविधियों से जोड़े रखें। क्योंकि खेलकूद से बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास होता है। इस मौके पर डिग्घी और डीडीयू नगर के बीच मैच हुआ, जिसमें डीडीयू नगर की टीम विजेता रही। दूसरा मैच दिलदारनगर और डीडीयू नगर के बीच हुआ, डीडीयू नगर की टीम जीता। इसके पूर्व आयोजन कमेटी के लोगों ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत एवं सम्मान किया। इस अवसर पर सीओ आशुतोष, अजीत कुमार सोनी, गुड्डू सिंह, वकार जाहिद सभासद, आबिद अली, शहर अफरोज, अबू शहमा, जिसान, फैज, इरशाद, संचालन तारिक अब्बास ने किया।

# सूबे के गरीब परिवारों के कल्याण कर रही योगी सरकार: छत्रबली सिंह



शहाबगंज में नवविवाहित जोड़ों प्रमाण-पत्र देते छत्रबली सिंह व सरिता सिंह।

**शहाबगंज।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत स्थानीय विकास खण्ड कार्यालय के परिसर में 22 जोड़ो का विवाह पारम्परिक रीति-रिवाज व मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न हुआ। सामूहिक शादी समारोह में पहुंचे पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष छत्रबली सिंह, सरिता सिंह, ब्लाक प्रमुख गीता देवी व खण्ड विकास अधिकारी दिनेश सिंह ने नवविवाहित जोड़ों के खुशहाल दांपत्य जीवन का आशीर्वाद व उपहार दिया और नव दाम्पत्य जीवन के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर छत्रबली सिंह ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की बेटियों के हाथ पीला कराना का वीणा उठाया है। लड़की के पिता को शादी के लिए दूसरों के सामने हाथ फैलाना पड़त था ऐसे गरीब व्यक्ति को अब दूसरे के सामने हाथ फैलाने की जरुरत नहीं पड़ेगी, क्योंकि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत गरीब परिवार में जीवनयापन करने वाले वर-वधु की शादी करायी जा रही है जिसका पूरा खर्च सरकार उठा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने संकल्प लिया है कि प्रदेश में कोई ऐसा गरीब परिवार नहीं होगा जिसके परिवार के बेटा एवं बेटी की शादी आर्थिक तंगी की वजह से बाधित हो। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का उद्देश्य समाज में सामाजिक समरसता व सर्वधर्म-समभाव को बढ़ावा देना है।


इस अवसर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सरिता सिंह, श्यामजी सिंह, भाजपा मण्डल अध्यक्ष रिंकू विश्वकर्मा, प्रतिनिधि राकेश सिंह, एडीओ पंचायत अरविन्द सिंह, एडीओ अजय सिंह, प्रेम प्रकाश आर्या, सुरेन्द्र कुमार विन्द, रामसुचित दूबे, पवन प्रताप सिंह, मुन्ना भाष्कर, सिरताज, शमशाद, अखिलेश, राकेश कुमार आदि उपस्थित थे।

## सोमवारी बाजार को लेकर दुकानदार व पटरी व्यवसायियों में तनातनी

**डीडीयू नगर।** मुगलसराय नगर क्षेत्र में लगने वाले साप्ताहिक सोमवारी बाजार को लेकर पटरी व्यवसाइयों व दुकानदारों में तनातनी हो गई है। पटरी व्यापारियों का आरोप है कि दुकानदार उन्हें दुकान लगाने से रोक दिया गया हैं। अतिक्रमण और जाम के नाम पर उनसे उनकी रोजी-रोटी छीना जा रहा है। इसको लेकर पटरी व्यवसाइयों ने कोतवाली में जाकर पत्रक दिया। मांग किया कि पहले की भांति उन्हें सोमवारी बाजार लगाने की अनुमति प्रदान की जाए। पटरी व्यवसायी पप्पू यादव ने बताया कि पिछले 20-25 सालों से मुगलसराय में सोमवारी बाजार लगता है। इस दिन साप्ताहिक बंदी रहती है। उस दौरान पटरी व्यवसायी दुकान लगाते हैं। अब दुकानदारों द्वारा उन्हें दुकान लगाने से रोका जा रहा है। अतिक्रमण और जाम के नाम पर उन्हें दुकान लगाने से मना किया जा रहा है। विक्रम राज चौहान ने कहा कि हमेशा से सोमवारी बाजार लगता है। हालांकि अब उत्तरी तरफ के दुकानदार उन्हें दुकान लगाने से रोक रहे है। कहा जा रहा कि सोमवारी बाजार से अतिक्रमण और जाम की स्थिति पैदा हो रही है। सभी लोग पीडब्ल्यूडी की जमीन में हैं। जब पीडब्ल्यूडी नाला निर्माण के लिए खोदाई कराएगा तो अपने आप सब लोग हट जाएंगे। तब तक उन्हें दुकान लगाने की अनुमति दी जानी चाहिए। अधिकारियों ने इस संबंध में उच्चाधिकारियों से बात कर कोई न कोई हल ढूंढने का भरोसा दिलाया। वहीं व्यापारियों ने भी कोतवाली जाकर बताया कि सोमवारी बाजार लगने से नगर में जाम की स्थिति पैदा हो जाती है। इसलिए नगर के दुकानदारों ने अपने-अपने सामने से उन्हें दुकान लगाने से मना कर दिया।

## कुंभ मौनी अमावस्या स्नान के मद्देनजर उमड़ी स्नानार्थियों की भारी भीड़

**डीडीयू नगर।** प्रयागराज महाकुंभ में सबसे महत्वपूर्ण मौनी अमावस्या पर अमृत स्नान के लिए स्नानार्थियों की भीड़ स्थानीय रेलवे स्टेशन पर उमड़ने लगी है। सोमवार को स्थानीय रेलवे स्टेशन पर पचास हजार से अधिक भीड़ उमड़ पड़ा। भीड़ को संभालने में आरपीएफ, जीआरपी स्टेशन अधीक्षक,वाणिज्य विभाग के अधिकारियों के पसीने छूट गये। यात्रियों की भीड़ को संभालने के लिए वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त जेतिन बी राज ने स्वयं संभाल ली है। वहीं मंडल रेल प्रबंधक पल पल की निगाह रखे हुए हैं। यही नहीं जोनल अधिकारियों की भी निगाह जुटी है। माघ माह में अमावस्या तिथि को स्नान का अत्यधिक महत्व है। प्रयागराज महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर प्रयागराज में दस करोड़ लोगों के पहुंचने का अनुमान है। इसकी बानगी डीडीयू स्टेशन पर दिखाई दे रही है। रविवार से ही स्टेशन पर अप और डाउन की ट्रेनो में अत्यधिक भीड़ रही है। विशेष कर प्रयागराज जाने वाली ट्रेनों में यात्री भूसे की तरह लद कर जा रहे हैं। रविवार को यात्रियों की भीड़ को देखते हुए वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त जेतिन बी राज स्वयं रेलवे स्टेशन पर पहुंचे और व्यवस्था का जायजा लिया। सोमवार को भी 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं की भीड़ डीडीयू स्टेशन पर जुट गई। प्रयागराज से आने वाली ट्रेनों से भी स्नानार्थी भर-भर कर पहुंच रहे हैं। यहां से पटना और गया रूट की ट्रेनों में यात्रियों को सुरक्षित सवार कराना टेढ़ी खीर साबित हो रही है। आरपीएफ निरीक्षक प्रदीप कुमार रावत, जीआरपी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह, स्टेशन अधीक्षक एसके सिंह, सीएसजी एनके मिश्र आरि की देख रेख में टीम जुटी हुई है। वरीय मडल सुरक्षा आयुक्त जेतिन बी राज ने कहा कि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए पूरा प्रयास किया जा रहा है। सुरक्षा के पूरा इंतजाम किया गया हैं।



















# संविधान की रक्षा के लिए अंतिम सांस तक होगा संघर्षः धर्मेन्द्र तिवारी

**गणतंत्र दिवस**

### जनपद में स्कूलों व पार्टी कार्यालयों पर फहराया गया राष्ट्रीय ध्वज

जनसंदेश न्यूज


चंदौली कांग्रेस कार्यालय पर ध्वजारोहण करते जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी।

**चंदौली।** 76वें गणतंत्र दिवस पर जनपद के राजनीतिक दलों के कार्यालयों पर वहां के प्रमुखों द्वारा ध्वजारोहण किया। इसके बाद राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गयी। साथ ही संविधान निर्माण डा.बीआर अंबेडकर के साथ ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को याद किया गया। इस दौरान चंदौली कांग्रेस कार्यालय पर जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने ध्वजारोहण किया और तिरंगे को सलामी दी।

इसके बाद उन्होंने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू व बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की सोच एवं समर्पण द्वारा निर्मित भारतीय संविधान हमारे अखंड तथा एक भारत के स्वतंत्रता, समता, बंधुत्व और न्याय का प्रतीक है। यह संविधान भारत की आत्मा है। इसकी रक्षा करना प्रत्येक भारतवासी का प्रथम और नैतिक कर्तव्य है। आज ही के दिन 1950 को लागू संविधान हमारे देश को सम्प्रुभतासम्पन्न गणराज्य का दर्जा देता है और विश्व के महान लोकतांत्रिक देशों की श्रेणी में खड़ा करता है। कहा कि देश में साम्प्रदायिक ताकतें संविधान को कमजोर करने तथा बदलने का मंसूबा पाले हुई है। कांग्रेस के रहते हुए उनके मंसूबे कामयाब नहीं होंगे। कांग्रेसी संविधान की रक्षा के लिए आखिरी सांस तक प्रतिबद्ध है। संविधान बचना भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का मुख्य एजेंडा है। इस अवसर पर रामजी गुप्ता,आनंद शुक्ला,श्रीमती मधु राय,गंगा प्रसाद,राहुल सिंह, प्रदीप पांडेय, प्रदीप मिश्रा, राम मूरत गुप्ता, चंद्रवंश यादव, अमरदेव राम, हमीर शाहङ्क श्रीकान्त पाठक,राधेश्याम यदुवंशी, गुलाब राम, संजय मिश्रा,सरफराज खान, सहित कई कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

इसके अलावा सपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष सत्यनारायण राजभर, भाजपा कार्यालय पर काशीनाथ सिंह और बसपा कार्यालय पर घनश्याम प्रधान में ध्वजारोहण किया। इसके अलावा महेंद्र टेक्निकल इंटर कॉलेज में प्रमोद सिंह, आलोक इंटर कॉलेज में डॉक्टर आजाद कुमार व डा.आनंद कुमार, अभिषेक नर्सिंग कॉलेज में डॉक्टर संजय यादव, चंदौली अस्पताल में डॉक्टर बीके वर्मा, पंडित कमलापति त्रिपाठी से जिला चिकित्सालय में डॉक्टर सत्य प्रकाश, विकास भवन पर सीडीओ एसएन श्रीवास्तव जिला न्यायालय कार्यालय पर जिला जज रविंद्र सिंह, जिलाधिकारी कार्यालय पर डीएम निखिल टीकाराम फुंडे, एसपी कार्यालय पर एडिशनल एसपी विनय कुमार सिंह डेमोक्रेटिक कार्यालय में अध्यक्ष अमरेंद्र प्रताप सिंह, सिविल बार में विनय कुमार सिंह, सीएमओ कार्यालय पर डा.युगल किशोर राय बाबा कीनाराम मेडिकल कॉलेज पर प्राचार्य अमित कुमार सिंह ने ध्वजारोहण किया। वहीं नेगुरा स्थित गुरुकुल स्कूल में प्रबंधक इसरार अहमद ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न प्रस्तुतियां की। कार्यक्रम में यूथ अवार्ड से सम्मानित समाजसेवी अजीत कुमार सोनी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए शिक्षा की महत्ता पर प्रकाश डाला।

## दवा विक्रेताओं ने मनाया गणतंत्र दिवस

**चंदौली।** आल इंडिया केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट एसोसिएशन से सम्बद्ध दवा विक्रेता समिति जनपद-चंदौली के द्वारा मुख्यालय स्थित मुंसफ कटरे स्थित कार्यालय पर 76वां गणतंत्र दिवस पर धूमधाम से मनाया गया। जिलाध्यक्ष जयप्रकाश मौर्या द्वारा ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी गयी। इस दौरान जिलाध्यक्ष जयप्रकाश मौर्य द्वारा दवा विक्रेताओं को आवश्यक सेवाएं प्रदान करने वाला एवं स्वास्थ्य एवं कल्याण में अहम भूमिका प्रदान करने वाला बताया। कहा कि दवा व्यवसायी विधि संगत एवं मानव कल्याण को ध्यान में रखते हुए राष्ट्र को स्वस्थ जीवन के द्वारा मजबूत करें। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष आशीष अग्रवाल, संगठन मंत्री विकास सिंह, आशीष जायसवाल, राजेश जायसवाल, नीरज गोस्वामी, गोविंद अग्रहरि, ऋषि कुमार सिंह, पारस जायसवाल आदि उपस्थित रहे। संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष आशुतोष शरण प्रसाद ने किया।

### स्कूल व कॉलेज के आसपास न हो नशीली वस्तुओं की बिक्री

**चंदौली।** जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे की अध्यक्षता में सोमवार को कानून व्यवस्था एवं नाश मुक्ति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। इस दौरान डीएम ने स्कूल व कालेजों के आसपास पान, सिगरेट तम्बाकू सहित अन्य नशीली वस्तुओं की बिक्री होने से रोकने का निर्देश दिया। साथ ही जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति से सम्बंधित जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाए। इसका व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार बैनर पोस्टर, नुक्कड़ नाटक एवं अन्य माध्यमों से कराया जाए। स्कूल कालेजों में संस्थाओं के माध्यम से नशा मुक्ति जागरूकता का कार्यक्रम कराया जाए। कहा यदि कही पर कोई मामला संदिग्ध दिखाई दे तो अपने उच्चस्तरीय अधिकारी को अवगत कराते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को दायित्वों को अच्छे ढंग से निभाते हुए प्रगति में तेजी लाने का निर्देश दिया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी सुरेन्द्र सिंह मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. वाईके राय, अपर पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट हर्षिका सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### देश को विकसित व मजबूत बनाने में दें योगदानः विरेंद्र बिंद


ध्वजारोहण करते सपा पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष विरेंद्र बिंद।

**धानापुर।** 76वें गणतंत्र दिवस पर क्षेत्र के कवई पहाड़पुर स्थित रामरती देवी कान्वेंट स्कूल व श्री श्री सदगुरू धर्मानन्द महाराज माध्यमिक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सपा पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष विरेंद्र बिंद डाक्टर बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस दौरान ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत ही एक ऐसा देश है जहां हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सभी लोग एक साथ बैठकर एक थाली में खाना खाते हैं। हमारा देश विविधता में एकता के लिए जाना जाना है। आज इसी एकता को खंडित करने का षड्यंत्र हो रहा है। ऐसे में हम सभी को अपने दायित्वों का निर्वहन करने की जरूरत है, ताकि देश विकसित और मजबूत हो। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व वीर शहीदों को याद किया। कहा कि जिन वीर सपूतों ने हमारे देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा के लिए अनगिनत बलिदान दिए। उनका योगदान हमें हमेशा प्रेरित करता रहेगा।

### संदिग्ध परिस्थितियों में नाबालिग की मौत

**डीडीयू नगर।** क्षेत्र के अमोघपुर गांव में सोमवार की दोपहर में दस वर्षीय एक नाबालिग की संदिग्ध मौत हो गई। परिजनों ने आनन-फानन में शव का गंगा घाट पर दाह-संस्कार कर दिया। अलीनगर थाना क्षेत्र के अमोघपुर में एक नाबालिग लड़का फांसी लगाकर कर आत्महत्या कर लिया। लोगों का कहना है कि नाबालिग की मौत किन कारणों से हुई। यह कोई बताने को तैयार नहीं है। बच्चे की हालत गंभीर होने पर आसपास के लोगों ने पास के एक नीजि चिकित्सालय में ले गए। जहा जांचोंपरान्त चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दीए शव का दाह-संस्कार कर दिया, जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### 32 युगल जोड़े दामपत्य सूत्र बन्धन में बंधे



**चहनियां।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह कार्यक्रम योजना अंतर्गत विकास खंड चहनिया ब्लाक मुख्यालय परिसर में सोमवार को 32 युगल जोड़े दामपत्य सूत्र बन्धन मे बंधे। जिससे ठोल नगाड़े बैंड बाजे कि गुज व मंत्रोच्चार के बीच वर -वधु ने अग्निकुंड को साक्षी मानकर एक साथ जीने की कसम खाई। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पंडित रोशन मिश्रा, पंडित रतन पांडेय, पंडित रजनीश पांडेय पंडित परमानन्द पांडेय ने नव दम्पती को जयमाला व सिन्दूर दान कराते हुए सात बचन का संकल्प दिलाते व साथ निभाते हुए विवाह को संपन्न कराया। मुख्य अतिथि सैयदराजा विधायक सुशील सिंह ने नव विवाहितों को आशीर्वाद दिया। अतिथि विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख अरुण कुमार जायसवाल ने वर वधू को शुभकामनाएं व प्रमाण पत्र वितरित करते हुए नव दाम्पत्य जीवन सुखमय जीवन की कामना की। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष सर्वेश कुशवाहा, खंड विकास अधिकारी प्रकाश प्रसाद, ग्राम प्रधान सावित्री गुप्ता, एडीओ पंचायत अधिकारी राकेश दीक्षित, गृजेश सिंह, बब्बू सिंह, डोमन राम आदि लोग मौजूद रहे। संचालन दीनानाथ यादव ने किया।

## अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने मनाया गणतंत्र दिवस


कार्यालय पर राष्ट्रीय ध्वज फहराते जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा।

**चंदौली।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने मुंसफ कटरा स्थित व्यापार मंडल के कार्यालय पर रविवार को गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रीय गान हुआ और संविधान के विषय मे बताया। महापुरुषों को भी याद किया गया। वही राकेश शर्मा जिलाध्यक्ष ने कहा हम सब जानते हैं कि 26 जनवरी 1950 को भारत का संविधान लागू हुआ था। इसी कारण हर साल 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अनुसार रिपब्लिक डे 2025 देश का 76वां गणतंत्र दिवस हम सब मना रहे है। उन्होंने कहा कि तिरंगा हमारी शान है। कहा कि गणतंत्र दिवस एक उत्सव मात्र नहीं है, बल्कि आत्मनिरीक्षण करने, देश के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाने की प्रेरणा देने वाला रिमाइंडर डे भी है। इस मौके पर अर्चना देवी, शीला गुप्ता, मकबूल आलम, शीतल, सुधा देवी, कंचन शर्मा, लक्ष्मीना, मंजू जायसवाल, प्रमोद चौरसिया, रजनीश गुप्ता उपस्थित रहे।

## पुलिस परेड व भव्य झांकियां को सराहा

**गणतंत्र दिवस**

### महेंद्र टेक्निकल इंटर कॉलेज के मैदान पर गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित


गणतंत्र दिवस पर महेंद्र टेक्निकल इंटर कॉलेज में कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं।

**चंदौली।** 76वें गणतंत्र दिवस पर रविवार को महेंद्र टेक्निकल इंटर कालेज में गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस महकमे की ओर से परेड व झांकी निकाली गयी है। पैंथर दस्ता, कमांडो दस्ता, रेडियो शाखा, यूपी 112, एंटी रोमियो फायर ब्रिगेड बाल विवाह रोकथाम, स्वच्छ सुरक्षित व सुव्यवस्थित महाकुंभ-2025 झांकियों को अतिथियों ने जमकर सराहा। उन्होंने मुख्य अतिथि ने कहा कि देश को आजादी दिलाने वाले वीर क्रांतिकारियों की विचारधारा को आत्मसात कर उनके दिखाए मार्ग पर चलना होगा। देश की जनता तय करती है कि देश प्रदेश में कैसी सरकार चाहिए। कहा कि संविधान से अलग होकर कोई भी कार्य करता है चाहे मंत्री हो, अधिकारी हो या कोई आमजन उसे सजा देने के लिए न्यायपालिका कदम उठाती है। सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय को संकल्पित मोदी सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। आज उत्तर प्रदेश दुग्ध उत्पादन में नंबर वन है।

इसके अलावा गन्ना, चीनी उत्पादन, सब्जी उत्पादन, तरबूज फल उत्पादन में भी उत्तर प्रदेश नंबर वन पर है। प्रदेश के किसानों की अथक मेहनत से देश-विदेश में विभिन्न क्षेत्रों में उत्तर प्रदेश शीर्ष स्थान पर बना है। उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसके पूर्व विद्यालयों के बच्चों की ओर से गीत, संगीत व नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश रविंद्र सिंह, राज्य सभा सदस्य साधना सिंह, जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे, पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे आदि उपस्थित रहे।

### कमालपुर में मनाया गया गणतंत्र दिवस

**कमालपुर।** 76वें गणतंत्र दिवस पर क्षेत्र के सेंट जोसफ स्कूल कमालपुर पर नेलसन चैरियन, रस्तोगी होंडा ऑटो शोरूम पर गिरधारी रस्तोगी, कमालपुर पंचायत भवन पर ग्राम प्रधान व ब्यापार मण्डल अध्यक्ष सुदामा जायसवाल, ढोढ़ीयाँ पंचायत भवन पर ग्राम प्रधान डॉ फिरोज खान, दृष्टि क्लासेस कमालपुर पर प्रबंधक दया यादव, एसबीबी पब्लिक स्कूल हेतमपुर पर प्रबंधक सुनील उपाध्याय, कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय पर क्षेत्र पंचायत सदस्य इमरान अली, राष्ट्रीय इंटर कॉलेज कमालपुर पर प्रधानाचार्य अभिमन्यु यादव ने ध्वजारोहण किया।

## सकलडीहा में धूमधाम से मना 76वां गणतंत्र दिवस

**सकलडीहा।** गणतंत्र दिवस पर विभिन्न संगठन और जनप्रतिनिधियों ने झंडारोहण किया। इस क्रम में सीएचसी पर भाजपा नेता सूर्यमुनी तिवारी और सीएचसी अधीक्षक डा.संजय यादव ने झंडा रोहण किया। नईबाजार पूर्व माध्यमिक विद्यालय पर प्रधान जितेन्द्र यादव और शिक्षक अरूण रत्नाकर ने शिक्षकों के साथ झंडा रोहण किया। सकलडीहा में प्रधान मंजू वर्मा, नागेपुर में चंदा देवी और सुरेन्द्र यादव,नईकोट में विरेन्द्र शर्मा, मनियारपुर में प्रधान अमरनाथ खरवार,कम्हारी में प्रधान अश्वनी श्रीवास्तव,घरचित में डा.पीएन दूबे, टिमिलपुर में प्रधान अशोक और प्रतिक्षा हास्पीटल के प्रबंधक रामविलास और डा.अश्वनी ने झंडा रोहण किया। इसके अलावा रोजगार संघ अध्यक्ष भवेश त्रिपाठी, मुराहू विश्वकर्मा, अरूण द्विवेदी, लेखपाल संघ अध्यक्ष चंदन यादव, विनय सिंह, बीरेन्द्र कौशल, राजेश पासवान, डा.धीरेन्द्र, अमरज्योति केन्द्र पर निदेशक ज्ञान प्रकाश, सुजीत कुमार, रितेश तिवारी, डेढ़ावल प्रधान शिवमिलन तिवारी और सुनीता तिवारी ने झंडा रोहण किया। दूसरी ओर गणतंत्र दिवस पर सरकारी कार्यालय तहसील मुख्यालय पर एसडीएम अनुपम मिश्रा,तहसीलदार अजीत सिंह और नायब तहसीलदार आरिफ अहमद,दिनेश शुक्ला के नेतृत्व में झंडा रोहण हुआ। ब्लॉक मुख्यालय पर बीडीओ विजय सिंह,ब्लॉक प्रमुख अवधेश सिंह,एडीओ पंचायत बजरंगी पांडेय के नेतृत्व में झंडा रोहण हुआ। वही सीओ कार्यालय पर सीओ रघुराज, कोतवाल हरिनारायण पटेल,बिजली थाना और उपकेन्द्र पर एक्सईएन विपिन कुमार,एसडीओ सतीश कुमार के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों ने झंडा रोहण किया। सीडीपीओ कार्यालय पर विमलेश पाल,विपणन निरीक्षक विजय कुमार गुप्ता, भूपेश सागर, बीईओ अवधेश राय ने धरहरा में झंडा रोहण किया। गणतंत्र दिवस पर रविवार को सरकारी और गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों में भी धूमधाम से झंडा रोहण किया गया। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पर डायट प्राचार्य विकायल भारती के नेतृत्व में झंडा रोहण हुआ। वही सकलडीहा पीजी कॉलेज में प्राचार्य प्रोफेसर प्रदीप कुमार पांडेय ने झंडा रोहण किया। इसके अलावा सकलडीहा इंटर कॉलेज में प्रबंधक पंकज कुमार पांडेय और प्रधानाचार्य कमलापति पांडेय सहित एनसीसी लेफ्टिनेंट सत्यमूर्ति ओझा ने झंडा फहराया। इसके अलावा सकलडीहा कंपोजिट विद्यालय में संगीया जासवाल, सुरेश गौतम, बीआरसी पर बीईओ अवधेश राय,चन्द्रधर दिक्षित,संजय सिंह,हिमांशु पांडेय, बृजनंदनी में निदेशक बिरजू अग्रहरी,डा.अखिलेश अग्रहरी और प्रिंसिपल आशुतोष त्रिपाठी ने झंडारोहण किया। वही डा.आंबेडकर स्कूल भोजापुर में निदेशक रामकुमार, प्रबंधक इंद्रावती प्रसाद,प्रिंसिपल रविकुमार,ज्ञानदीप में प्रबंधक डा.पारस जायसवाल, मुकेश जायसवाल, अम्ब्रोसिया स्कूल ताजपुर में प्रबंधक अरूण कुमार और प्रिंसिपल अरविंद सिंह ने बच्चों के साथ झंडा रोहण किया। वही बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में प्रिंसिपल शशीधर चौबे,स्टैड फोर्ड इंटरनेशनल स्कूल में प्रबंधक अमित गुप्ता, प्रिंसिपल बी गुंजन, ऑक्सफोर्ड विद्यालय खोर में राहुल पांडेय और प्रिंसिपल सुनील ने झंडा रोहण किया।

## गणतंत्र दिवसः ध्वजारोहण कर वीर क्रांतिकारियों को किया याद


जिला पंचायत कार्यालय पर ध्वजारोहण करते अध्यक्ष दीनानाथ शर्मा, साथ में पूर्व अध्यक्ष छत्रबली सिंह व सरिता सिंह।

**चंदौली।** 76वें गणतंत्र दिवस रविवार को जनपद में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान सरकारी, अर्द्धसरकारी व गैरसरकारी भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज शान से फहराया। विभिन्न कार्यक्रमों गोष्ठी, समारोह व सांस्कृतिक मंच के जरिए देश को आजादी दिलाने वाले वीर क्रांतिकारियों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इसी कड़ी में जिला पंचायत अध्यक्ष दीनानाथ शर्मा ने जिला पंचायत कार्यालय पर रविवार को गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण किया।

इसके बाद पौधरोपण कर पर्यावरण की सुरक्षा का भी संदेश दिया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष दीनानाथ शर्मा के साथ पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सरिता सिंह, छत्रबली सिंह व अपर मुख्य अधिकारी अमित राय, प्रशासनिक अधिकारी आनंद कुमार सिंह ने ध्वजारोहण के बाद सभी को संविधान का शपथ दिलाया। इस दौरान राजेश यादव, पुष्कर कुमार, अनिल कुमार, सुदर्शन राम, शैलेंद्र यादव,रणजीत सिंह उपस्थित रहे। वहीं जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे ने कलेक्ट्रेट परिसर में 08:30 बजे ध्वजारोहण किया। तत्पश्चात सभागार में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व उनके स्वजनों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। स्वतंत्रता सेनानियों की ओर से देश को आजादी दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले वीर सपूतों को याद किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि संविधान से जो अधिकार हमें प्राप्त हुए हैं उस पर सभी को चलने का प्रयास करना होगा। कहा कि हम सभी अपनी जिम्मेदारी का बेहतर ढंग से निर्वहन करें। स्वच्छता पर विशेष ध्यान रखें। यदि आप भारत के नागरिक होने का अधिकार मानते हैं तो जिम्मेदारी निभानी जरूरी है। भारत को विकसित राज्य बनाने में अहम योगदान दें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी सुरेंद्र सिंह, अविनाश कुमार, विराग पाण्डेय, चंदन सिंह, विकास मित्तल सहित अन्य संबंधित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

## यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल में मना 76वां गणतंत्र दिवस

जनसंदेश न्यूज


यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल में ध्वजारोहण करते भाजपा नेता सूर्यमुनि तिवारी।

**बबुरी।** 76वें गणतंत्र दिवस पर यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल बबुरी, चकरिया में विद्यालय प्रबंधक व भाजपा नेता सूर्यमुनी तिवारी ने ध्वजारोहण किया। बच्चों ने संगीत कार्यक्रम प्रस्तुत करके सबका मनमोह लिया। इस दौरान भाजपा नेता सूर्यमुनी तिवारी ने कहा कि देश को आजाद कराने में मां भारती के कई वीर सपूतों ने अपना बलिदान दिया आज उन वीर सपूतों को हम सब श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं। आज देश अमृतकाल का 76वां गणतंत्र दिवस मना रहा है।

सरकार ने आज स्वर्णिम भारत विरासत और विकास का थीम दिया है, ये आजादी हमें हमारे महापुरुषों ने अंग्रेजी हुकूमत की तमाम यातनाओं को झेल कर पाई है। इसे याद रखना हम सब का नैतिक जिम्मेदारी है। 15 अगस्त 1947 को देश आजाद होने के बाद 26 जनवरी 1950 में देश में संविधान लागू हुआ। उस दिन से भारत गणतंत्र के रूप में लगातार तरक्की कर रहा है। संविधान बनाने में लगभग 2000 संशोधन किया गया और 15 महिलाओं का योगदान रहा। देश का संविधान 2 वर्ष 11 महिने 18 दिन में बनकर तैयार किया गया था। इस मौके पर भाजपा नेता सूर्यमुनी तिवारी, डॉ शंभूनाथ, प्रिंसिपल अरविंद मिश्रा, गुज्जू दुबे, आलोक चौबे,सूरज पाण्डेय, राजकुमार त्रिपाठी, अरविंद त्रिपाठी,संतोष सिंह, वैभव त्रिपाठी, कमलेश्वर तिवारी, रविंद्रनारायण त्रिपाठी, अजय अकेला,बसंती सिंह, अभिलाषा पाठक, जेबा परवीन, मंजू केशरी, अरुण मौर्या, संगीता सिंह, सिद्धांत सहित इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## डीडीयू नगर में हर्षोल्लास के साथ मना गणतंत्र दिवस


गणतंत्र दिवस पर निरीक्षण करते आरपीएफ के सुरक्षा आयुक्त जेथिन बी राज।

**डीडीयू नगर।** नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में 76वां गणतंत्र दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। नगरपालिका परिषद कार्यालय पर चेयरमैन सोनू किन्नर व ईओ-एसडीएम अविनाश कुमार ने ध्वजारोहण किया। बाकले रेल ग्राउंड पर आयोजित मुख्य समारोह में मंडल रेल प्रबंधक राजेश गुप्ता ने ध्वजारोहण किया। मंडल रेल प्रबंधक ने रेल सुरक्षा बल और एनसीसी पलटन का निरीक्षण कर परेड की सलामी ली। वही आरपीएफ सीएनटी मैदान में वरीय सुरक्षा आयुक्त जेथिन बी राज ने ध्वजारोहण किया।

इस दौरान रस्साकसी प्रतियोगिता आयोजित किया गया।विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। वहीं विक्रम सिंह कन्या महाविद्यालय में प्रबंधक मनोज यादव ने ध्वजारोहण किया। वही जयपुरिया स्कूल में प्रबंध निदेशक मनोज बजाज ने ध्वजारोहण किया। प्लांट डिपो स्थित ईस्ट सेंट्रल एंप्लाइज यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष एस के शर्मा ने ध्वजारोहण किया। वही अलीनगर स्थित ज्योति कॉन्वेंट स्कूल में प्रबंधक कृष्ण मोहन बंटी ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान बच्चों में मिठाई वितरित किया गया। एलारसा मंडल कार्यालय में मंडल अध्यक्ष वसीम उल हक व मंडल सचिव डीके मिश्रा ने ध्वजारोहण किया। वही नीमा चंदौली के कैम्प कार्यालय पर अध्यक्ष एस के यादव कोषाध्यक्ष डा मृत्युंजय प्रसाद, सचिव डॉक्टर आरके शर्मा ने ध्वजारोहण किया। वही छत्रधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय दयालपुर सदलपुरा में प्रबंधक डॉक्टर अरुण कुमार सिंह ने ध्वजारोहण किया। वही मारकंडे स्नातकोत्तर महाविद्यालय तारापुर में प्रबंधक कैलाश यादव व कोरी गांव में प्रधान उमाशंकर यादव ने ध्वजारोहण किया। वही वही लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्रबंधक राजेश तिवारी ने ध्वजारोहण किया। मुगलसराय कोतवाली में विजय बहादुर सिंह राजकीय रेलवे पुलिस थाना सुनील सिंह आरपीएफ स्टेशन पोस्ट पर प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार रावत ने ध्वजारोहण किया। नगर स्थित पत्रकार तिराहे पर पत्रकारों ने ध्वजारोहण किया। नगर क्षेत्र में विभिन्न राजनीतिक दलों समाजसेवियों ने अपने-अपने कार्यालय पर ध्वजारोहण कर मिष्ठान वितरण किया।

### प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मान

**चंदौली।** 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर रविवार जनपद पुलिस की ओर से महेंद्र टेक्निकल इंटर कालेज के मैदान में परेड का आयोजन किया गया। परेड में सम्मिलित विभिन्न विभागों की ओर से भव्य झांकियों का प्रदर्शन किया गया। पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे ने 58 पुलिसकर्मियों, एक चौकीदार व सराहनीय कार्य करने वाले छह गोताखोर, पुलिस को सहयोग प्रदान करने वाले 16 सम्मानित नागरिकों प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। वहीं उत्कृष्ट और सामाजिक कार्य व कानून व्यवस्था में सहयोग करने के लिये पूर्व सभासद व पत्रकार वैभव मिश्रा को पुलिस अधीक्षक आदित्य लाग्हें.ने प्रशस्ति पत्र देकर के सम्मानित किया।

## ब्रेथ ईजी टीम ने किया ध्वजारोहण




**वाराणसी।** ब्रेथ ईजी अस्पताल अस्सी व रामनगर की ओर से वरिष्ठ टीबी चेस्ट, एलर्जी रोग विशेषज्ञ डॉ. एसके पाठक के नेतृत्व में ध्वजारोहण हुआ। उन्होंने भारतीय तिरंगे को सलामी दी और भारतीय शूरवीरों के आन-बान-शान की गाथा सुनायी। कहा कि स्वस्थ्य भारत के निर्माण के लिए समाज का स्वस्थ्य होना अति आवश्यक हैं। कार्यक्रम में ब्रेथ ईजी चेस्ट फाउंडेशन फॉर ह्यूमैनिटी के सदस्यों सुनील उपाध्याय, अभिषेक केशरी, अश्विनी पाठक, मनोज, रतन, अखिलेश आदि शामिल हुए।

## स्वर्वेद मंदिर में फहराया तिरंगा

**चौबेपुर।** स्वर्वेद मंदिर परिसर में संत प्रवर विज्ञान देव महाराज ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। कहा कि राष्ट्र सेवा का अर्थ है अपने कर्त्तव्य और दायित्व का पूरी जिम्मेदारी व ईमानदारी से पालन करना। जहां हम है, जिस स्थान पर है, जिस कार्य में हैं, उस कार्य को अच्छे ढंग से करना। समाज व लोक का हित देखना। स्वार्थ के बंधन से अलग होना



राष्ट्र भक्ति है। इस अवसर पर गुरुकुलम के छात्रों आरुष, अमित, मयंक, तत्वदर्शी, कामेंद्र, सत्यम सोनी, आयूष राज और हर्ष मिश्र ने सांस्कृतिक, बौद्धिक व शौर्य प्रदर्शन का कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस दौरान संजय पंडा, राम भजन सिंह, सुरेन्द्र सिंह यादव, प्रदीप गुप्ता, सुशील मिश्र, शैलेन्द्र द्विवेदी, नितोष आर्य, नारायण दत्त तिवारी आदि रहे।

## करेंट मॉन्टेसरी स्कूल में हुआ ध्वजारोहण




**वाराणसी।** सिगरा-छित्तूपुर स्थित करेंट मॉन्टेसरी स्कूल में मुख्य अतिथि अमर बहादुर सिंह ने ध्वजारोहण किया। विद्यालयों के बच्चों हरलीन कौर, शुभांगी मिश्रा, आदरिका, अराध्या राय, आदरिता सान्याल ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नन्हें-मुन्ने बच्चों ने फैंसी ड्रेस के जरिए महान व्यक्तियों का परिचय दिया। शिनांश व अक्षय ने गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। चेयरमैन एसएन सिंह ने कहा कि हमारा देश तभी आगे बढ़ेगा, जब हर व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें। इस अवसर पर विकास सिंह, चंद्रकांत पांडेय आदि थे। संचालन पूजा वर्मा व अफीफा शामीम ने किया। धन्यवाद प्रधानाचार्य निधि मिश्रा ने दिया।

# व्यापार मंडलों ने धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस






**वाराणसी।** विभिन्न व्यापार मंडलों से जुड़े व्यापारियों ने भी 76वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। वाराणसी फर्नीचर एवं फर्निशिंग व्यापार मंडल की तरफ से जंगमबाड़ी में आयोजित कार्यक्रम में अध्यक्ष अजय गुप्ता ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने पर बल दिया। इस अवसर पर रमेश यादव, प्रकाश सुनेजा, नवीन वर्मा, मनीष मेहरोत्रा, प्रमोद यादव, डॉ. यादवेंद्र सिंह, संजय अरोड़ा, राजकुमार, दीपक जायसवाल, सौरभ गुहा आदि थे। वाराणसी व्यापार मंडल के अध्यक्ष अजीत सिंह बग्गा ने मैदागिन स्थित कंपनी गार्डेन, तेलियाबाग व्यापार मंडल की तरफ से चौरा माता मंदिर के समक्ष एवं लहुराबीर व्यपार मंडल के कार्यक्रम में ध्वजारोहण किया। उन्होंने कहा कि देश आज सुरक्षित हाथों में हैं। व्यापारी आज खुलकर सांस ले पा रहा है। क्योंकि हमारे देश की सीमा ईमानदार हाथों में हैं। कार्यक्रमों में गुनगीत सिंह बग्गा, रमेश दत्त पांडे, रमेश भारद्वाज, संजय गुप्ता, सत्यप्रकाश गुप्ता, दीप्तिमान देव, राजीव वर्मा, सुजीत वर्मा, अरविंद गुप्ता, शाहिद कुरैशी, प्रिया अग्रवाल, आरती शर्मा, कन्हैया गुप्ता आदि थे। मंडुवाडीह व्यापार मंडल के अध्यक्ष विनय गुप्ता ने कार्यालय पर ध्वजारोण किया।

## ग्राम सचिवालय जगापट्टी में फहराया राष्ट्रीय ध्वज

**सेवापुरी।** आदर्श मॉडल ग्राम पंचायत जगापट्टी के ग्राम सचिवालय पर ग्राम प्रधान घनश्याम सिंह यादव ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान मुस्लिम बंधुओं ने गंगा-जमुनी तहजीब के तहत भाई-चारा का संदेश दिया। शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया गया। गांव में प्रभातफेरी निकाली गयी और महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। इस दौरान ग्राम विकास अधिकारी श्याम नारायण, अनीश सिंह, राजेश यादव,, महाबली त्रिपाठी, गया तिवारी, राजेंद्र सिंह, लालजी, असरफ अली, अब्बास अली, फारुख अली, कासिम अली, अप्पू, राजपति सिंह, अवधेश यादव, बिनोद राम, बबलू राम, सतेंद्र यादव, साधु सरोज, सतीश सरोज, बाबू दीपू सिंह आदि थे।




# बिजलीकर्मियों ने निकाला विशाल मोमबत्ती जुलूस

**निजीकरण का विरोध**

### यूपीपीसीएल प्रबंधन पर औद्योगिक अशांति उत्पन्न करने का आरोप




**वाराणसी।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उप्र के बैनर तले सोमवार को बिजली कर्मचारियों, संविदा कर्मियों और अभियंताओं ने भिखारीपुर स्थित हनुमानजी मंदिर पर विरोध सभा करने के पश्चात प्रबंध निदेशक कार्यालय तक विशाल कैंडल जुलूस निकाला।सभा को संबोधित करते हुए मायाशंकर तिवारी ने बताया कि मोमबत्ती जुलूस के माध्यम से बिजलीकर्मियों ने पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों के निजीकरण के प्रति अपना विरोध दर्ज किया। पावर कारपोरेशन प्रबंधन पर आरोप लगाया कि प्रबंधन जान-बूझकर मौनी अमावस्या स्नान के पहले कर्मचारियों पर कार्यवाही करने का आदेश जारी कर अनावश्यक तौर पर औद्योगिक अशान्ति का वातावरण बना रहा है। वेद प्रकाश राय ने कहा कि पावर कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक ने सभी विद्युत वितरण निगमों के प्रबंध निदेशकों को निर्देश दिया है कि सभा और मोमबत्ती जुलूस में भाग लेने वाले बिजली कर्मचारियों और अधिकारियों की वीडियोग्राफी की जाये। उन्हें कोई छुट्टी न दी जाये और उन पर कार्यवाही की जाये। संचालन सौरभ श्रीवास्तव ने किया। सभा को विजय सिंह, नरेंद्र वर्मा, रमाशंकर पाल, अभय यादव, अंकुर पांडेय, संतोष कुमार, जमुना पाल, मोनिका केशरी, अनिल कुमार आदि ने संबोधित किया।

## बड़े स्कूल-कॉलेज में बने पार्किंग तो मिले जाम से निजात

वाराणसी। उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष रवि प्रकाश जायसवाल ने महाकुंभ के पलट प्रवाह के चलते काशी में जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए कुछ सुझाव के साथ जिलाधिकारी, पुलिस कमिश्नर और कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव को पत्र लिखा गया है। सुझाव दिया है कि जाम से निजात के लिए शहर के बड़े स्कूल और कॉलेज में पार्किंग बनाया जाना नितांत आवश्यक हो गया है। उन्होंने पत्र लिखकर सुझाव दिया है कि प्रयागराज महाकुंभ स्नान कर दर्शनार्थियों की भीड़ आने से जाम की समस्या बढ़ गयी है। ऐसे में बड़े स्कूल-कॉलेज में वाहन पार्किंग, दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए पार्किंग स्थलों पर मोबाइल चार्जिंग, शौचालय एवं पानी के टैंकरों की व्यवस्था की जानी चाहिए। संभव हो तो पार्किंग स्थलों पर रैन बसेरा जैसी व्यवस्था भी होनी चाहिए। उन्होंने अनुरोध किया है कि तीर्थयात्रियों के वाहनों का किसी भी दशा में चालान न किया जाए, बल्कि उन्हें गाइड किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा है कि यदि इन सुझावों पर अमल किया गया तो संभवत शहरवासियों और तीर्थयात्रियों की राह सुगम होगी और जाम की समस्या से निजात भी मिल सकती है।

### सपा कार्यालय पर हुआ ध्वजारोहण

**वाराणसी।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय अर्दली बाजार में 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिलाध्यक्ष सुजीत यादव लक्कड़ ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर भारत के वीर सपूतों को नमन करते हुए संविधान की रक्षा करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में जिला प्रवक्ता संतोष यादव बबलू एडवोकेट, हीरू यादव, दिनेश यादव, गोपाल पांडेय, मनोज यादव गोलू, रामकुमार यादव, संजय पहलवान, अवधेश कुमार, आरपी यादव, सचिन प्रजापति, संतोष पाल, धर्मवीर पटेल, जवाहर लाल, कमलाकांत प्रजापति, अजय कुमार, विनोद शुक्ला आदि उपस्थित थे।


### लहरतारा कबीर मठ में हुआ ध्वजारोहण

**वाराणसी।** लहरतारा स्थित कबीर मठ में महंत गोविंद दास शास्त्री की उपस्थिति में संजय गुप्ता ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान उपस्थित लोगों में तिरंगा व प्रसाद का वितरण हुआ। कार्यक्रम में अरविंद रस्तोगी, अशोक मिश्रा, विनोद भारद्वाज, वेद प्रकाश, नीरज शर्मा, अमित, अनूप, अमित, सौरभ, अंकित आदि थे। वहीं, श्याम सुंदर सिंह स्मृति सेवा संस्थान की तरफ से क्रांतिपल्ली कालोनी विनायका एवं बिरदोपुर विकास समिति के बैनर तले कमच्छा स्थित शायरीमाता मंदिर प्रांगण में गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया।








# कार्यालय नगर पंचायत केराकत-जौनपुर

**स्वच्छ सर्वेक्षण-2024-25**

नगर पंचायत केराकत जौनपुर द्वारा 26 जनवरी 2025 गणतन्त्र दिवस के शुभ अवसर पर समस्त सम्मानित नगर वासियों से अपील की जाती है कि स्वच्छ व सुन्दर केराकत को विकास के पथ पर अग्रसर व जनोपयोगी समस्याओं के समाधान हेतु कटिबद्ध नगर पंचायत केराकत आप सभी नगर वासियो से निम्नलिखित अपेक्षा करती है :-

1- नगर को स्वच्छ बनायें रखनें में नगर पंचायत केराकत का सहयोग करें।
2- सूखें एवं गीले कूड़े को अलग-अलग संग्रह कर निर्धारित कूड़ेदान में रखें।
3- जल ही जीवन है, जल को व्यर्थ न बहाये।
4- जन्म एवं मृत्यु का पंजीकरण 21 दिन के अन्दर अवश्य करायें।
5- नगर पंचायत के समस्त करों का भुगतान समय से करें।
6- प्रतिबन्धित पॉलीथीन बैग व थमाकौल निर्मित थाली, प्लेट आदि का प्रयोग न करें। दैनिक जीवन में जूट व कपड़े के थैलो का प्रयोग करे एवं दूसरे को प्रेरित करे।
7- अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर पर्यावरण संरक्षण में सहयोग प्रदान करें।
8- बिना नक्शा स्वीकृत करायें अपने भवन का निर्माण न करायें।
9- नगर पंचायत की सड़क, पटरी एवं नाली आदि पर अतिक्रमण न करें।
10- खुले में शौच न करें। शौचालय का प्रयोग करें एवं शौचालय प्रयोग करने हेतु दूसरों को भी जागरूक करें।
11- नगर में दिन में जल रही स्ट्रीट लाईटों को बन्द कर दें या इसकी सूचना नगर पंचायत कार्यालय को दें।

**(सना सगीर)**
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत केराकत
जौनपुर

**(ज्योति कृष्णा जायसवाल)**
अध्यक्ष
नगर पंचायत केराकत
जौनपुर

पत्रांक- मेमो/न०प०केराकत/2024-25 दिनांक 24.01.2025

# कार्यालय मुख्य चिकित्साधिकारी सोनभद्र

पत्रांक मु.चि.अ./विज्ञ. स्व. दिवस/2024-25/106 दिनांक 20 जनवरी 2025

## शुभकामना संदेश एवं अपील

**चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, सोनभद्र की तरफ से 26 जनवरी 2025 76वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। जनपद के स्वास्थ्य विभाग द्वारा समस्त जनपदवारियों से निम्न अपील की जाती है-**

1. स्वास्थ विभाग द्वारा चलाये जा रहे सघन 100 दिवसीय क्षयरोग अभियान के अन्तर्गत जनपद को टी०बी० (क्षयरोग) से मुक्त करने में आप सभी जनपदवासी अपना सहयोग दें। जिस किसी भी व्यक्ति को लगातार दो सप्ताह से ज्यादा अवधि से खासी आ रही हो, बुखार आ रहा हो, रात में पसीना आ रहा हो, वजन घट रही हो, भूख न लग रही हो, खून आ आ रहा हो, सीने में दर्द रहता हो, सांस फूलती हो, अथवा बांझपन की समस्या हो, ऐसे सभी व्यक्ति तत्काल स्वास्थ्यकर्मियों से सलाह लें और नि:शुल्क जांच, उपचार एवं जांच में क्षयरोग की पुष्टि होने पर प्रतिमाह रू. 1000/- की दर से 06 माह तक पोषण भत्ता का लाभ उठायें। जोखिम युक्त व्यक्ति जैसे 60 वर्ष से ज्यादा के व्यक्ति डायबिटीज के मरीज, नशा करने वाले टीबी पीडित व्यक्ति के परिवार के सदस्य या टीबी की पूर्व में दवा कर चुके व्यक्ति के परिवार के सदस्य, एच०आई०वी० से पीड़ित व्यक्ति के परिवार के सदस्य, अपना नि:शुल्क जांच अनिवार्यरूप से करायें। टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में नि:शुल्क उपचार सुविधा का लाभ लेते हुए टी०बी० मुक्त भारत अभियान में सहयोग दें।
2. प्रत्येक पुरुष, महिला व बच्चों को स्वस्थ रखने के लिए व्यक्तिगत साफ-सफाई के साथ-साथ अपने आस-पास रखें। मच्छरदानी का प्रयोग अनिवार्यरूप से करें।
3. अयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत वर्ष 2011 के जनगणना के आधार पर सामाजिक आर्थिक एवं जातिगत चिन्हित पात्र परिवारों, लेबर कार्ड धारक व अन्त्योदय योजना कार्ड धारक को को प्रतिवर्ष 05 लाख रुपए तक का मुफ्त ईलाज सूचीबद्ध सरकारी एवं प्राईवेट चिकित्सालयों द्वारा प्रदान किया जाता है। दिनांक 01 जनवरी 2024 को आधार कार्ड के अनुसार 70 वर्ष पूर्ण कर चुके वरिष्ठ नागरिक नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर जाकर आयुष्मान कार्ड बनवायें। पंजीकृत परिवार अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहे किसी भी प्रकार के रोग को अनदेखा न करें तथा आवश्यकतानुसार चिह्नित चिकित्सालय में समुचित उपचार नि:शुल्क करायें। इस हेतु आयुष्मान भारत की सर्वे टीम को पूर्ण सहयोग करें।
4. प्रत्येक मास की 01, 09, 16 व 24 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अन्तर्गत सभी ब्लॉक स्वास्थ्य केन्द्र एवं जिला संयुक्त चिकित्सालय में कुशल चिकित्सकों द्वारा गर्भवती की जांच की जाती। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत गर्भवती माताओं की जांच अवश्य करायें जिससे कि खून में हीमोग्लोबिन की कम मात्रा को पूरा करते हुए, हाईरिस्क प्रिग्नेंसी अथवा जोखिम प्रसव से बचाव करते हुए, जच्चा-बच्चा को स्वस्थ्य रखें।
5. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के एन०सी०डी० कार्यकम के अन्तर्गत, 30 वर्ष से ऊपर का प्रत्येक व्यक्ति स्वास्थ्य विभाग के आयुष्मान आरोग्य मंदिर/प्रा०स्वा०केन्द्र / सानु०स्वा० केन्द्र एवं जिला अस्पताल में जाकर नि:शुल्क ब्लड प्रेशर एवं मधूमेह (सुगर) की जांच करायें एवं चिकित्सकीय सलाह लेकर दवा लें। इसके साथ ही मुख कैंसर, स्तन कैंसर ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर की नि:शुल्क जांच कराकर सलाह लें। एन०सी०डी० काउन्सलर से मुख रोग से बचाव हेतु आवश्यक सलाह एवं उपचार प्राप्त करें।
6. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत नि:शुल्क प्रसव, जननी शिशु सुरक्षा योजना के अन्तर्गत गर्भवती व प्रसूता को नि:शुल्क सेवा लाभ, राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यकम में बच्चों को सभी आवश्यक टीका, परिवार को सीमित रखने के लिए स्थायी व अस्थायी विधि एवं जिला संयुक्त चिकित्सालय पर नि:शुल्क मोतियाबिन्द आपरेशन व अन्य सेवायें दी जाती है। इस हेतु अपने नजदीकी स्वास्ख्य केन्द्र अथवा आशा/ए०एन०एन० बहन से सम्पर्क स्थापित करके लाभ उठायें।
7. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत जिला संयुक्त चिकित्सालय में संचालित एन०आर०सी०-पोषण पुनर्वास केन्द्र एस०एन० सी०यू०-नवजात शिशु देखभाल केन्द्र तथा सभी ब्लाक केन्द्र पर एन०बी०एस०यू० में नवजात शिशु का प्राथमिक उपचार व देखभाल नि:शुल्क करायें।
8. कोल्ड वेव से बचाव जाड़े के मौसम में वायरस जनित रोग (इन्फ्लुयेंजा लाईक इलनेस, लक्षण सर्दी, खांसी, जुकाम छींक व बुखार आना) से घबराये नहीं। मास्क और रूमाल का प्रयोग करें। भीड़-भाड़ वाली जगह न जायें। लगातार सान्त फूलने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर जाकर, सलाह एवं उपचार लें।
9. टीकाकरण कार्यक्रम के दौरान बच्चों का टीकाकरण करवाना सुनिश्चित करें। नियमित आयोजित होने वाले वी०ए०एस०एन०डी सत्र में जाकर, समस्त बच्चों / गर्भवतियों का टीकाकरण अनिवार्यरूप से करायें।



**डा. अश्वनी कुमार**
मुख्य चिकित्सा अधिकारी
सोनभद्र






**श्री बी०एन० सिंह**
(आई०ए०एस०) जिलाधिकारी
सोनभद्र

# स्पोर्ट्स

# बुमराह और मंधाना को मिला आईसीसी अवार्ड



**दुबई।** भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और महिला क्रिकेटर को आईसीसी टेस्ट क्रिकेटर स्मृति मंधाना को अच्छे प्रदर्शन के लिए आईसीसी अवार्ड से सम्माननित किया गया है। बुमराह को आईसीसी टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर 2024 चुना गया है। वहीं मंधाना को महिला एकदिवसीय क्रिकेटर ऑफ द ईयर का अवॉर्ड दिया गया है। बुमराह साल 2018 के बाद यह अवॉर्ड जीतने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर हैं। साल 2018 में विराट कोहली टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवार्ड मिला था।

आईसीसी ने 2024 में अलग-अलग

## मंधाना तीसरी बार विमेंस वनडे प्लेयर ऑफ ईयर

प्रारुप के श्रेष्ठ क्रिकेटरों के नाम जारी किए हैं। आईसीसी ने हर प्रारुप में चार-चार खिलाड़ियों को नामांकित किया था। टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर के लिए बुमराह सबकी पसंद रहे।

बुमराह ने इंग्लैंड के जो रूट, हैरी ब्रूक और श्रीलंका के कामिंडु मेंडिस को पीछे छोड़ा। बुमराह का 2024 में गजब का प्रदर्शन शानदार रहा। उन्होंने इस साल 13 टेस्ट मैचों में 14.92 की औसत से 71 विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भी ने सबसे अधिक 32 विकेट लिस।

### 2024 के 13 टेस्ट में 71 विकेट झटके

बुमराह ने साल 2024 में खेले 13 टेस्ट में 71 विकेट झटके। वे भारत के लिए एक कैलेंडर ईयर में 70 से ज्यादा विकेट लेने वाले चौथे गेंदबाज हैं। उनसे पहले रविचंद्रन अश्विन, अनिल कुंबले और कपिल देव ने यह कारनामा अपने नाम किया है। अब तक टेस्ट क्रिकेट के एक कैलेंडर ईयर में 17 बॉलर्स ने 70 से ज्यादा विकेट लिए हैं, लेकिन किसी का भी औसत बुमराह के 14.92 के बराबर नहीं रहा।

वहीं इंग्लैंड के जो रूट ने 2024 में 17 टेस्ट में 1556 रन और हैरी ब्रूक ने 12 टेस्ट में 1100 रन बनाए थे। श्रीलंका के कामिंडु मेंडिस ने 9 टेस्ट में 1049 रन बनाये थे।

महिला क्रिकेट की बात करें तो मंधाना ने ऑस्ट्रेलिलिया की लौरा वोल्वाड्र्ट, श्रीलंका की चमारी अटापट्टू और ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड को पीछे छोड़ते हुए आईसीसी महिला एकदिवसीयश क्रिकेटर ऑफ द ईयर 2024 अवॉर्ड अपने नाम किय।. मंधाना ने इस साल 13 वनडे मैच में 4 शतकों की मदद से सबसे अधिक 747 रन बनाए थे।

## साल 2024 के लिए आईसीसी के सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय पुरुष क्रिकेटर का अवार्ड उमरजई को मिला

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने साल 2024 के सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय पुरुष क्रिकेटर का अवार्ड अफगानिस्तान के ऑलराउंडर अजमतुल्लाह उमरजई को दिया है। उमरजई के अच्छे प्रदर्शन से ही साल 2024 में अफगानिस्तान की टीम अच्छा प्रदर्शन करने में सफल रही थी। उमरजाई पिछले साल दुनिया के



सबसे अच्छे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों में भी शामिल रहे थे। उमरजई ने टी20 अंतरराष्ट्रीय और फ्रेंचाइजी क्रिकेट में भी शानदार प्रदर्शन किया हालांकि एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अधिक सफल रहे और रहमानुल्लाह गुरबाज के बाद उन्होंने अपनी टीम की ओर से सबसे अधिक रन बनाये। वहीं गेंदबाजी की बात करें तो केवल एएम गजनफर ही उनसे अधिक विकेट ले पाये। अफगानिस्तान की टीम साल 2024 में अपनी पांच में से चार एकदिवसीय सीरीज जीतने में सफल रही थी। उमरजई ने इस दौरान 14 मैच में 17 विकेट लेने के अलावा 417 रन बनाए। उनके लगातार अच्छे प्रदर्शन की सहायता से ही अफगानिस्तान की टीम आयरलैंड, दक्षिण अफ्रीका, बांग्लादेश और जिम्बाब्वे के खिलाफ लगातार चार सीरीज जीतने में सफल रही। उमरजई ने पूरे साल बल्ले और गेंद से बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 52.12 की औसत से रन बनाए और 20.47 की औसत से विकेट लिए।

# तीसरे टी20 में इंग्लैंड को हराकर सीरीज अपने नाम करने उतरेगी भारतीय टीम

## भारतीय टीम पांच मैचों की इस सीरीज में 2-0 से आगे है




राजकोट। पहले दो टी20 मैचों में जीत से उत्साहित भारतीय टीम मंगलवार को यहां मेहमान टीम इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टी20 में भी जीत के इरादे से उतरेगी। भारतीय टीम पांच मैचों की इस सीरीज में 2-0 से आगे है। उसका लक्ष्य तीसरा मैच जीतकर सीरीज अपने नाम करना रहेगा।

अब तक हुए दोनो ही मुकाबलों में भारतीय टीम हावी रही है। भारतीय टीम ने पहला मैच 7 विकेट जबकि दूसरा 2 विकेट से जीता था। वहीं दूसरी ओर मेहमान टीम भी इस मैच को किसी भी हाल में जीतकर सीरीज में वापसी करना चाहेगी हालांकि इसके लिए उसे बल्लेबाजी ओर गेंदबाजी में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

इस मैच में पिच बल्लेबाजों के अनुरुपस है। यहां पर बल्लेबाजों को ज्यादा सहायता मिलती है। अच्छी पेस और उछाल होने की वजह से गेंद बल्ले पर अच्छी तरह से आती है। यहां पर बड़े स्कोर वाला मैच होने की संभावना है। अब तक इस मैदान पर कुल पांच टी20 मैच पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने जबकि दो बार दूसरी बार बल्लेबाली करने वाली टीम ने जीते हैं।

यहां पर टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने को देख सकती हैं, इससे यह फायदा होगा कि पहले बल्लेबाजी करके टीम अच्छा स्कोर खड़ा कर सकती है और विरोधी टीम पर रनों का दबाव डाल सकती है। बता दें कि खेल जैसे-जैसे आगे बढ़ता है पिच बल्लेबाजों के लिए थोड़ी कठिन होती जाती है। पहली पारी की तुलना में यहां दूसरी पारी में रन बनाना इतना आसान नहीं है। भारतीय टीम की ओर से पहले टी20 में अभिषेक शर्मा जबकि दूसरे टी20 में तिलक वर्मा ने शानदार बल्लेबाजी की थी। अब इन दोनो का ही लक्ष्य इसी प्रदर्शन को बनाये रखना रहेगा।

वहीं इंग्लैंड की बात करें तो अब तक दोनों टी-20 मुकाबलों में कप्तान जोस बटलर को छोड़कर अन्य बल्लेबाज विफल रहे हैं। ऐसे में तीसरे मुकाबले में अन्य खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे। गेंदबाजी की बात करें तो जोफ्रा आर्चर और मार्क वुड अच्छी लय में थे पीर हालांकि, अन्य गेंदबाजों को उनका साथ देना होगा।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**भारत-** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अक्षर पटेल (उपकप्तान), संजू सैमसन (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, मोहम्मद शमी , अर्शदीप सिंह, अभिषेक शर्मा, वरुण चक्रवर्ती, तिलक वर्मा, रवि बिश्नोई, वाशिंगटन सुंदर, शिवम दुबे, रमनदीप सिंह, हर्षित राणा।

**इंग्लैंड-** जोस बटलर (कप्तान), हैरी ब्रूक, फिल साल्ट (विकेटकीपर), लियाम लिविंगस्टोन, साकिब महमूद, जेमी ओवरटन, बेन डकेट, रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, मार्क वुड, ब्रायडन कार्स, गस एटकिंसन, जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), आदिल राशिद , जैकब बेथेल।

## भारत और ऑस्ट्रेलिया ग्रुप ए से अंडर-19 महिला टी20 विश्कप सेमीफाइनल में पहुंची

**क्वालालंपुर।** भारत और ऑस्ट्रेलिया ने ग्रुप एक से अंडर-19 महिला टी20 विश्कप सेमीफाइनप में जगह बनायी है। भारतीय टीम ने सुपर-6 में बांग्लादेश को हराकर अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। भारतीय टीम अपने ग्रुप में सबसे अधिक अंकों के साथ ही नंबर एक स्थान पर है। अब भारतीय टीम को अंतिम मैच स्कॉटलैंड से खेलना है और उसका लक्ष्य उसे भी जीतना रहेगा। सुपर-6 राउंड में कुल 12 टीमें शामिल हैं, जिन्हें 6-6 के दो समूहो में रखा गया है। दोनों ग्रुप से टॉप-2 टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। ग्रुप-1 की अंक तालिका में अभी भारतीय टीम शीर्ष पर है। भारतीय टीम के 3 मैचों में कुल 6 अंक हैं और उनका नेट रन रेट 6.009 का है। ये टूनामेंट में सबसे अधिक है। भारतीय टीम के अलावा ग्रुप-1 में ऑस्ट्रेलिया की टीम भी अपने सभी मैच जीती है पर पर उसका नेट रन रेट भारतीय टीम से कम 2.176 होने के कारण वह दूसरे नंबर पर है। भारतीय टीम को नेट रन रेट 6.009 है।

# ज्वेरेव को हराकर सिनर ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस का पुरुष खिताब जीता

**मेलबर्न।** इटली के शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी यानिक सिनर ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस का पुरुष एकल खिताब जीत लिया है। सिनर ने खिताबी मुकाबले में जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव को सीधे तीन सेटों में 6-3, 7-6 (4), 6-3 से हराया।

23 साल के सिनर ने बिना कोई ब्रेक प्वाइंट खोये दूसरी वरीयमता प्राप्त ज्वेरेव को करीब तीन घंटे तक चले मुकाबले में 6-3, 7-6 (4), 6-3 से हराया। इस जीत के साथ ही वह जिम कूरियर के बाद लगातार दो बार ये ट्रॉफी जीतने वाले कम उम्र के दूसरे खिलाड़ी बने हैं। सिनर इटली के पहले खिलाड़ी हैं जिन्होंने अब तीन ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं। इस मैच में दूसरे सेट को

## नडाल के एक रिकार्ड की बराबरी की



ज्वेरेव को सीधे तीन सेटों में 6-3, 7-6 (4), 6-3 से हराया

छोडकर सिनर हावी रहे। उन्होंने ज्वेरेव के 25 विनर्स के मुकाबले 32 विनर्स लगाए। ज्वेरेव ने जहां 45 सहज गलतियां कीं। वहीं सिनर ने इस केवल 27 गलतियां ही की। ज्वेरेव दूसरे सेट में 5-4 की बढ़त लेने के बाद सिनर की सर्विस पर गेम में 30-0 से गेम में आगे चल रहे थे।

वह हालांकि ब्रेक और सेट अंक का अवसर बनाने में विफल रहे। सिनर ने स्कोर को 5-5 से बराबर करने के बाद टाई ब्रेकर में विरोधी खिलाड़ी को कोई मौका नहीं दिया। मैच के बाद ज्वेरेव ने सिनर की प्रशंसा करते हुए उन्हें बेहतरीन खिलाड़ी करार दिया। सिनर की यह लगातार 21वीं जीत है। पिछले 5 ग्रैंड स्लैम में वह तीसरी बार विजेता बने हैं।

पिछले साल से अब तक उनके जीत हार का रिकॉर्ड 80-6 है और इस दौरान उन्होंने कुल 9 टूनामेंट जीते हैं। सिनर ने खिताबी जीत बनने के बाद कहा कि यह शानदार है। पुरुष एकल में सिनर अपने पहले ग्रैंड स्लैम खिताब का बचाव करने में सफल रहे हैं। इससे पहले स्पेन के राफेल नडाल ने 2005 और 2006 में फ्रेंच ओपन के अपने खिताब का बचाव किया था।

वहीं सिनर से हार से निराश ज्वेरेव ने कहा कि मैं अपनी ओर से परा प्रयास कर रहा था पर आज मेरे खेल का स्तर उतना ऊंचा नहीं था। मैच के बाद पुरस्कार समारोह के दौरान ज्वेरेव जैसे से माइक के पास पहुंचे दर्शकों में से किसी ने उनकी दो पूर्व महिला मित्रों का जोर से नाम लिया। इन दोनों महिलाओं ने ज्वेरेव पर शारीरिक शोषण का आरोप लगाया था।

## सिनियाकोवा, टाउनसेंड ने सु-वेई और जेलेना ओस्टापेंको की जोड़ी को हराकर ऑस्ट्रेलियन ओपन टेनिस का महिला युगल खिताब जीता

**मेलबर्न।** चेक गणराज्य की कैटरीना सिनियाकोवा और अमेरिका की टेलर टाउनसेंड ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस का महिला युगल खिताब जीता है। इस जोड़ी ने खिताबी मुकाबले में तीसरी वरीयता प्राप्त हसीह सु-वेई और जेलेना ओस्टापेंको को 6-2, 6-7(4), 6-3 से हराया। सिनियाकोवा और टाउनसेंड की जोड़ी ने अपने इस मुकाबले में अच्छा प्रदर्शन करते हुए 2 घंटे और 27 मिनट में मैच अपने नाम कर लिया। सिनियाकोवा ने अब तब महिला युगल में 10 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं।

## संक्षेप

### आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में बांग्लादेश या यूएई से अभ्यास मैच खेल सकती है भारतीय टीम

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट टीम आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में अपने मुकाबले शुरू होने से पहले एक अभ्यास मैच खेल सकती है। उसका ये मैच दुबई में बांग्लादेश या संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से हो सकता है। ये अभ्यास मैच कब खेला जाएगा। इसकी अभी घोषणा नहीं हुई है। एक रिपोर्ट के अनुसार उस समय दुबई में केवल बांग्लादेश की टीम ही रहेगी। इसलिए उसके साथ अभ्यास मैच होने की अधिक संभावना है। अगर बांग्लादेश नहीं रहेगी तो फिर यूएई से सामना होगा। भारतीय टीम इस टूनार्मेंट में अपना पहला मैच बांग्लादेश से और उसके बाद पाकिस्तान और फिर न्यूजीलैंड से खेलेगी। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से 9 मार्च तक खेली जाएगा। इस टूनार्मेंट में कुल आठ टीमें भाग लेंगी। भारतीय टीम 20 फरवरी को दुबई में बांग्लादेश से अपना पहला मैच खेलेगी। इसके बाद 23 फरवरी को भारत और पाकिस्तान का मुकाबला होगा। भारतीय टीम अपना तीसरा और अंतिम ग्रुप ए मैच 2 मार्च को दुबई में न्यूजीलैंड से खेलेगी।

### 38वें राष्ट्रीय खेलों का आगाज 28 जनवरी से देहरादून में

हल्द्वानी। उत्तराखंड में 28 जनवरी से 38वें राष्ट्रीय खेलों की शुरूआत होगी। देश भर से लगभग 10 हजार से अधिक खिलाड़ियों के इन खेलों में भाग लेने की उम्मीद है। 26 जनवरी को ट्रायथलॉन प्रतियोगिता के साथ हल्द्वानी में इन खेलों का आगाज होगा। शनिवार को खिलाड़ियों का पहला जत्था हल्द्वानी पहुंचा, जहां उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। खेल मंत्री रेखा आर्य ने व्यक्तिगत रूप से खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए कहा, मैं देवभूमि उत्तराखंड की धरती पर विभिन्न राज्यों की टीमों का हार्दिक स्वागत करती हूं। सभी खिलाड़ियों को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं। हमने उनके स्वागत, परिवहन, आवास और भोजन के लिए आवश्यक सभी प्रबंध किए हैं।इस बार 38वें राष्ट्रीय खेलों का आयोजन देहरादून, ऋषिकेश, हरिद्वार, हल्द्वानी और रुद्रपुर जैसे प्रमुख शहरों में किया जा रहा है। खेलों का भव्य उद्घाटन समारोह 28 जनवरी को देहरादून के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में होगा।

### सर्वश्रेष्ठ महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम की घोषणा, टीम में 3 खिलाडी शामिल

दुबई । आईसीसी ने साल 2024 की सर्वश्रेष्ठ महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम की घोषणा की। इसमंव भारतीय सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना, विकेटकीपर ऋचा घोष और हरफनमौला दीप्ति शर्मा को शामिल किया गया। इन तीनों खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन ने भारतीय क्रिकेट को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाई। स्मृति मंधाना के लिए यह साल खासतौर पर शानदार रहा। उन्होंने 23 मैचों में 763 रन बनाए, जिसमें 8 अर्धशतक शामिल हैं। मंधाना का औसत 42.38 और स्ट्राइक रेट 126.53 रहा। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज जैसी मजबूत टीमों के खिलाफ शानदार पारियां खेलीं। उनकी निरंतरता और आक्रामक बल्लेबाजी ने उन्हें टी20 रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचा दिया। ऋचा घोष की विस्फोटक बल्लेबाजी ने भारत के लिए कई अहम मुकाबले जिताए। उन्होंने 21 मैचों में 365 रन बनाए, जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 156.65 का रहा। उनकी सबसे यादगार पारी यूएई के खिलाफ 64 रन की नाबाद पारी थी, जो सिर्फ 29 गेंदों में आई। ऋचा की ऐसी पारियों ने भारतीय टीम को मुश्किल हालात से उबारा। हरफनमौला दीप्ति शर्मा ने अपने ऑलराउंड प्रदर्शन से भारतीय टीम को 2024 में कई महत्वपूर्ण जीत दिलाई।

# अंडर-19 महिला टी20 विश्वकप सेमीफाइनल में पहुंचा इंग्लैंड

## न्यूजीलैंड बाहर हुई

**क्वालालंपुर।** इंग्लैंड की टीम ने न्यूजीलैंड को पर छह विकेट से हराकर अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। इस प्रकार इंग्लैंड सेमीफाइनल में पहुंचने वाली चौथी टीम बन गयी है। भारत, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच गयी थीं।

इंग्लैंड की जीत में टिली कॉर्टीन-कोलमैन ने आठ रन देकर चार विकेट और प्रिशा थानावाला ने 19 रन देकर तीन विकेट लेकर अहम भूमिका निभाई। इन दोनों की शानदार गेंदबाजी से इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को 89 रन पर ही समेट दिया। उसकी ओर से केवल केट इरविन ने ही सबसे ज्यादा 35 रन बनाए। इसके बाद इंग्लैंड ने 90 रन का लक्ष्य 11.4 ओवर में ही चार विकेट के नुकसान पर हासिल कर दिया। इंग्लैंड की तरफ से सलामी बल्लेबाज जेमिमा स्पेंस ने 29 और डेविना पेरिन ने 21 रन बनाकर अपनी टीम की जीत तय की। इस जीत से यह सुनिश्चित हो गया कि इंग्लैंड सुपर सिक्स के ग्रुप दो में पहले दो स्थान पर रहेगा।

### होबार्ट हरिकैंस बनी बीबीएल चैंपियन, 14 साल में पहला खिताब, सिडनी थंडर को 7 विकेट से फाइनल हराया

**होबार्ट।** होबार्ट हरिकैंस ने बिग बैश लीग के 14वें सीजन का खिताब जीत लिया है। सोमवार को टीम ने फाइनल में सिडनी थंडर को 7 विकेट से हराया। होबार्ट में पहले बैटिंग करते हुए सिडनी ने 7 विकेट खोकर 182 रन बनाए। हरिकैंस ने ओपनर मिचेल ओवन की सेंचुरी के दम पर 14.1 ओवर में ही टारगेट हासिल कर लिया। हरिकैंस ने पहली बार इझछ का खिताब जीता है, टीम ने पॉइंट्स टेबल में टॉप पर रहकर ग्रुप स्टेज फिनिश किया था। सेंचुरी लगाने वाले मिचेल ओवन ही प्लेयर ऑफ द फाइनल भी रहे।

# मुल्तान टेस्ट : वॉरिकन की शानदार गेंदबाजी से वेस्टइंडीज ने दूसरे टेस्ट में पाकिस्तान को हराया

**मुल्तान।** जमेल वॉरिकन की शानदार गेंदबाजी से वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान को यहां खेले गये दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में 120 रनों से हराकर दो मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर दी। इसी के साथ ही वेस्टइंडीज को 34 साल बाद पाकिस्तान में किसी टेस्ट मैच में जीत मिली है। इससे पहले उसे अंतिम बार 1990 में पाक में टेस्ट जीत मिली भी। वेस्टइंडीज की जीत में वॉरिकन की अहम भूमिका रही। इस क्रिकेटर ने दूसरी पारी में शानदार गेंदबाजी करते हुए पांच विकेट लिए थे।

इस मैच में पाकिस्तान ने तीसरे दिन के खेल में जीत के लिए मिले 244 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए चार विकेट पर 76 रनों से आगे खेलना शुरू किया पर उसके बल्लेबाज वॉरिकन, सिंक्लेयर और गुडाकेश मोती की घातक गेंदबाजी के सामने टिक नहीं पाये। 44 ओवरों में 133 रनों पर ही पूरी टीम सिमट गयी।

## 34 साल बाद पाक में कोई टेस्ट जीता




वॉरिकन इस सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने। उन्होंने पूरे मैच में 70 रन देकर 9 विकेट लिए। इस प्रकार वेस्टइंडीज ने इस जीत से दो मैचों की सीरीज बराबर पर ला दी है।

तीसरे दिन सिंक्लेयर की गेंद पर पाक बल्लेबाज साउद शकील कैच हो गये। इसके अगले ही ओवर में वॉरिकन ने काशिफ अली को पेवेलियन भेजकर पाकिस्तान की मुश्किलें बढ़ा दीं। इसके बाद मोहम्मद रिजवान और सलमान अली आगा ने स्कोर 39 रनों तक पहुंचाया पर वॉरिकन ने से सलमान को एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया। फिर उन्होंने रिजवान को भी आउट किया। मोती ने नोमान अली को मिड-ऑफ पर कैच कराया। इसके बाद वॉरिकन ने साजिद खान को पेवेलियन भेज दिया। उन्होंने इस सीरीज में कुल 19 विकेट लिए। उन्हें मैच और सीरीज के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का अवार्ड मिला। इस सीरीज को पहला टेस्ट पाकिस्तान ने जीता था।

### डब्ल्यूसीएल के आगामी 2025 सीजन के लिए खेलेंगे धवन

**नई दिल्ली।** पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन को वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूसीएल) के आगामी 2025 सीजन के लिए इंडिया चैंपियंस टीम में शामिल किया गया है। टीम के सह-मालिक सुमंत बहल ने शिखर धवन को साइन करने की घोषणा करते हुए कहा कि उनकी मौजूदगी से टीम को न केवल अनुभव मिलेगा।

# ईशान, किशन सहित तीन क्रिकेटरों ने पूर्व सीएम रघुवर दास से मुलाकात की

**जमशेदपुर।** भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर चल रहे विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन ने भाजपा के वरिष्ठ नेता और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के साथ मुलाकात की है। इस मुलाकात की तस्वीरें आते ही ईशान के भविष्य में भाजपा में शामिल होने की अटकलें भी लगनी शुरू हो गयीं। ईशान के साथ इस दौरान झारखंड क्रिकेट टीम के कप्तान विराट सिंह और चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाड़ी रहे मोनू सिंह भी थे। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास से तीनों क्रिकेट खिलाड़ियों ने उनके आवास पर ये मुलाकात की। इस मुलाकात की तस्वीरें स्वयं रघुवर दास ने सोशल मीडिया पर साझा की हैं। उन्होंने इस दौरान तीनों खिलाड़ियों को उनके सफल और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दीं।ईशान के पिता पहले से ही सक्रिय राजनीति में हैं, जिसके कारण ईशान किशन के भी राजनीति में आने की अटकलें लगायी जाने लगीं है। ईशान का झारखंड क्रिकेट से भी जुड़ाव रहा है, जिसके कारण भी माना जा रहा है कि उन्होंने रघुवर दास से मुलाकात की है।

## भविष्य में भाजपा में शामिल होने की अटकलें



जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।

**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**

**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**

पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।

फोन नं. 8177008889

आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**

डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

## एसए 20 लीग में जॉबर्ग सुपर किंग्स ने सनराइजर्स को 9 विकेट से हराया

**जोहान्सबर्ग।** यहां खेली जा रही एसए20 क्रिकेट लीग में जॉबर्ग सुपर किंग्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सनराइजर्स ईस्टर्न केप को नौ विकेट से हरा दिया। जॉबर्ग सुपर किंग्स की जीत में तेज गेंदबाज लुथो सिपामला और हार्डस विल्जोएन की अहम भूमिका रही। इन दोनो के सामने सनराइजर्स ईस्टर्न केप के बल्लेबाज टिक नहीं पाये। इस मैच में जॉबर्ग सुपर किंग्स की ओर से सिपामला ने 13 रन देकर तीन विकेट लिए। सिपामला ने बल्लेबाज जैक क्रॉली को स्लिप में कैच कराया। इसके अलावा टॉम एबेल को भी बोल्ड किया। इस तरह सनराइजर्स की टीम ने बिना कोई रन बनाये दो विकेट खो दिये। इसके बाद जॉर्डन हरमैन और एडन मार्करम के आउट होने से सनराइजर्स टीम की मुश्किलें बढ़ गयीं। इसके बाद डेविड बेडिंगम 48 और ट्रिस्टन स्टब्स ने 37 रन बनाये पर इनके आउट होते ही टीम ढ़ह गयी। हार्डस विल्जोएन ने 24 रनों में चार खिलाड़ियों को आउट कर सनराइजर्स टीम को 118 रन पर ही आउट कर दिया। जॉबर्ग सुपर किंग्स की ओर से बल्लेबाजी करते हुए डेवोन कॉन्वे ने नाबाद 76 नाबाद और विहान लुब्बे ने नाबाद 25 रन बनाकर अपनी टीम को छह ओवर पहले ही लक्ष्य तक पहुंचा दिया।



जकार्ता में इंडोनेशियाई मास्टर्स बैडमिंटन में विजेता दक्षिण कोरियाई खिलाड़ी किम हेयी जियांग और कोंग ही योंग रनर अप व अन्य खिलाड़ियों के साथ पोज देती हुई।

# कुछ समय के लिए लगा लघु भारत, विद्यापीठ के गांधी अध्ययन पीठ में उतर आया है

# लोगों का प्यार, कुछ यादें और अपनापन सहेजकर लौटे छात्र

राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा का देश भर में स्वागत हो रहा है, सील के अंतर्गत अलग-अलग राज्यों की यात्रा से भारतीय मूल्यों को पूर्वोत्तर के युवा गले लगा रहे हैं,अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के अंतर-राज्य छात्र-जीवन? दर्शन (सील) के अंतर्गत चल रही 'राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा' का देश के अलग-अलग राज्यों में स्वागत हो रहा है। इस वर्ष राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा में प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा से पूर्वोत्तर भारत के इन महान व्यक्तित्वों के बारे में भी शेष भारत की जनता परिचित हो रही है तथा इस यात्रा में शामिल पूर्वोत्तर के युवा भारत की 'विविधता में एकता' के 'ब्रांड एंबेसडर' सिद्ध हो रहे हैं। राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा' के अंतर्गत अलग-अलग समूहों के प्रतिनिधि दिल्ली, कानपुर, भुवनेश्वर, गोरखपुर, संभाजीनगर, कोलकाता, धनबाद आदि प्रमुख शहरों की यात्रा कर चुके हैं, इन शहरों के प्रमुख स्थानों तथा शैक्षणिक संस्थानों के भ्रमण के साथ यहां रह रहे नागरिक परिवारों के साथ यात्रा के प्रतिनिधियों का संवाद हुआ है। इसी क्रम में वाराणसी आये पूर्वोत्तर राज्यों के छात्रों के दल ने काशी के विभिन्न परिवारों में पांच दिन एक साथ रह उनकी संस्कृति, रहन-सहन को दिल में उतारा वहीं यहां के खानपान को समझा व साझा भी किया। पांच दिनी इस यात्रा के समापन पर विद्यापीठ के गांधी अध्ययन पीठ में नागरिक अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया।

## अभिनंदन समारोह

### पांच दिनों तक काशी के विभिन्न परिवारों में रहने वाले छात्रों की आंखें विदाई के वक्त छलकी

### अंतर राज्यीय छात्र जीवन दर्शन यात्रा-2025 के पांच दिनी यात्रा का भव्य समापन



पूर्वोत्तर राज्य के आये छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति








नागरिक अभिनंदन समारोह में एक मंच पर उपस्थित छात्र



पांच दिवसीय यात्रा के दौरान परिवारों में रुके छात्रों के अनुभवों पर आधारित पुस्तक का विमोचन

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के गांधी अध्ययन पीठ में आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच आयोजित समारोह में सभी ने पूर्वोत्तर राज्यों के विभिन्न शहरों की संस्कृतियों को एक मंच पर देख भारत की अनेकता में एकता का रूप देखा। एक से बढ़कर एक कार्यक्रमों को देख सभी ने अपने देश की संस्कृतियों को समझा इसमें कुछ ऐसे भी थे जिन्होंने काशी के उन परिवारों के बीच रहने का अपना अनुभव भी साझा किया। एक ओर जहां हर हर महादेव के जयघोष से पूरा प्रांगण गूंज उठा तो वहीं दूसरी ओर असम, मणिपुर, त्रिपुरा मिजोरम मेघालय के अपने जयघोष की गूंज दिखी।

पांच दिनी छात्र जीवन दर्शन यात्रा के समापन पर आयोजित समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि काशी के डीसीपी आकाश पटेल सहित अन्य अतिथियों ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। काशी में पांच दिनों तक विभिन्न परिवारों में रहने के अनुभवों पर आधारित लिखित एक पुस्तक का विमोचन भी अतिथियों द्वारा किया गया, जिसमें उनके खानपान रहन सहन सहित यहां और वहां की संस्कृतियों को साझा किया गया था। इसके साथ ही मंच पर पूर्वोत्तर राज्य के विभिन्न शहरों से आये छात्रों ने अपने शहरों की लोक कलाओं पर आधारित ना सिर्फ नृत्य कर लोगों को एकता का परिचय दिया बल्कि वहां की लोक संगीत को भी सुनाकर लोगों को मन मोह लिया। छात्रों के एक से बढ़कर एक कार्यक्रम से पूरा गांधी अध्ययन पीठ गुलजार हो उठा। अतिथि के रूप में मंच पर उपस्थित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय सह-संगठन मंत्री गोविंद नायक ने कहा कि परिषद की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम का उदेश्य एक दूसरे राज्यों की संस्कृतियों को समझना व वहां के अनुभवों को अपने जीवन में उतारना। बताया कि वर्ष 1965-66 में जब इस यात्रा का शुभारम्भ किया गया तो लोगों को इसके बारे में बहुत जानकारी नहीं थी लेकिन आज यह यात्रा अपने नये अनुभवों को साझा करती है। बताया कि पूरे देश की यात्रा का समापन गोवाहटी में एक साथ किया जायेगा। वहां भी नागरिक अभिनंदन समारोह आयोजित किया जायेगा। बताया कि पूरे देश में कुल 238 छात्रों का दल सील यात्रा पर निकला है। आज जो भी यह कार्यक्रम पूरा हुआ इसमें काशी के लोगों को पूरा सहयोग रहा जो ताउम्र भुलाया नहीं जा सकता है।



प्रांत अध्यक्ष के घर रुके छात्र



पूर्वोत्तर राज्य के एक शहर से आयी और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत अध्यक्ष सुचित्रा त्रिपाठी के घर पर रहकर काशी की संस्कृति को देखने वाली शिलोलीन ने बताया कि अपने घर से काशी आने की खुशी कम नहीं थी, लेकिन अब जबकि विदाई लेनी पड़ रही है तो गम से दिल भर आया है। क्योंकि यहां के लोगों का जो प्यार मिला, वह अविस्मरणीय है। पहली बार पता चला कि हमारे देश में काशी भी एक शहर है जहां के लोग सहज ही जुड़ जाते हैंऔर लगता नहीं कि कुछ वक्त पहले अजनबी थे। **-शिलोलीन**



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत अध्यक्ष सुचित्रा त्रिपाठी के घर पर रहने वाली यूमी रिग्या ने बताया कि यहां की संस्कृति अपनापन व ढेर सारा प्यार लेकर अपने घर लौट रही हूं। **-यूमी रिग्या**




मिजोरम के जो कंसाना ने बताया कि वह काशी आकर पूरा भारत घूमने का अनुभव कर रहे हैं, काशी एक ऐसा जीवंत शहर है जहां हर वर्ग का रूप देखने को मिला है। भारत के हर प्रांत के लोगों को यहां देखने का मौका मिला है। ये खुशमिजाजी किसी दूसरे शहर में नहीं है। बताया कि जिस परिवार में वह रुके थे, वहां एक पारिवारिक माहौल मिला, इतना ही नहीं, वहां के लोगों से बिछुड़ने में ऐसे लग रहा है, जैसे कुछ दिन पहले परिवार को छोड़कर मिजोरम से चला था। बताया कि यहां की यादें लेकर जा रहा हूं, जो ताउम्र साथ रहेंगी, जीवन में जब भी मौका मिला, काशी में दोबारा आयेंगे और उसी परिवार के बीच रहेंगे। **-जो कंसाना**



त्रिपुरा की साधना रानी सोमात्या ने बताया कि पांच दिनों से अपना घर छोड़ा, लेकिन परिवार की याद नहीं आयी क्योंकि काशी के जिस परिवार में रुकी थी, वहां सिर्फ अपनापन ही नहीं बल्कि परिवार का पूरा माहौल मिला। कहा कि काशी भी एक लघु भारत के रूप में है, जीवन में हर बार काशी आने का मन करेगा। यहां की संस्कृति, घाट और उसका किनारा, गंगा, कुजीन, मंदिर और गलियों की यादें लेकर त्रिपुरा लौट रही हूं, जो जीवन के हर पल मेरे जेहन में रहेगी। **-साधना रानी सोमात्या**

### इनकी रही उपस्थिति

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय सह-संगठन मंत्री गोविंद नायक, डीसीपी वाराणसी आकाश पटेल,अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की प्रांत अध्यक्ष सुचिता त्रिपाठी, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद प्रांत मंत्री अभय प्रताप सिंह, सील यात्रा प्रमुख काशी प्रांत प्रदेश सह-मंत्री नमन श्रीवास्तव, कार्यक्रम संयोजक कामदेश्वर, असम ग्रुप कोऑर्डिनेटर रुबुल राजखोवा, ग्रुप कोकार्डिनेटर सेनोलिन के संगमा (मेघालय)।









### आरजीयू के कुलपति ने किया सह संगठन मंत्री का स्वागत

**वाराणसी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री गोविंद नाईक के काशी पहुंचने पर सोमवार को अरुणाचल प्रदेश, इटानगर स्थित राजीव गांधी यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो. साकेत कुशवाहा ने मार्ल्यापण व दुशाला भेंटकर उनका स्वागत व अभिनंदन किया।

# पिछले साठ सालों से चल रहा अभाविप का अंतरराज्य छात्र जीवन दर्शन प्रकल्प

**वाराणसी।** युवाओं को भारत के अलग-अलग राज्यों की संस्कृति व सभ्यता से परिचित कराने व संपूर्ण भारत को एकता के सूत्र में पिरोने के उद्देश्य से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा पिछले साठ वर्षों से अंतरराज्य छात्र जीवन दर्शन प्रकल्प का संचालन किया जा रहा है। इसके तहत प्रतिवर्ष पूर्वोत्तर भारत के विद्यार्थियों को शेष भारत के राज्यों में और शेष भारत के विद्यार्थियों को पूर्वोत्तर भारत के विभिन्न शहरों में ले जाकर उन्हें वहां की सभ्यता और संस्कृति से परिचित कराने के साथ ही वहां के पठन-पाठन व अन्य क्रिया कलापों से रूबरू कराया जाता है। इसका उद्देश्य मात्र यह है कि 'अलग भाषा-अलग देश फिर भी अपना एक देश' व 'एक जन-एक संस्कृति व एक राष्ट्र' के भाव युवाओं में जागृत करना है।

अभाविप के इस महत्वपूर्ण प्रकल्प के बारे में जानकारी देते हुए परिषद के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री गोविंद नाईक ने बताया कि अपने छात्र जीवन काल में सन् 1966 में पद्मश्री पद्मनाभ आचार्य मुंबई से अपने साथी के साथ पूर्वोतर भारत के भ्रमण पर गए। इस दौरान वह विभिन्न शहरों के विद्यालयों में गए तो उन्हें पता चला कि वहां के विद्यार्थी शेष भारत के अन्य राज्यों से कटे हैं, वहां की सभ्यता व संस्कृति के बारे में भी वे कुछ नहीं जानते। उस समय की सरकारें भी उनके लिए कुछ नहीं सोचती थीं। ऐसे में पद्मश्री आचार्य जी ने 1966 में अंतरराज्य छात्र जीवन दर्शन के नाम से इस प्रकल्प को शुरू किया।

इसी के तहत प्रतिवर्ष परिषद द्वारा पूर्वोत्तर भारत के विद्यार्थियों के ग्रुप को लेकर शेष भारत के राज्यों में और शेष भारत के विद्यार्थियों को पूर्वोत्तर भारत में भ्रमण के लिए ले जाया जाता है। इसके तहत अलग-अलग ग्रुपों में विद्यार्थी विभिन्न शहरों में जाते हैं और वहां के अलग-अलग परिवारों में मेहमान की तरह रहकर परिवारों के रहन-सहन के साथ क्रिया-कलापों से अवगत होते हैं और वहां के शिक्षण संस्थानों व स्थलों पर जाकर वहां की सभ्यता और संस्कृति की जानकारी लेते हैं। पुनः अपने घर लौटकर परिवार के लोगों के साथ ही अन्य लोगों को राज्यों की संस्कृति व सभ्यता के बारे में बताते हैं। इसी के तहत पूर्वोत्तर भारत के 337 विद्यार्थियों का समूह अलग-अलग ग्रुपों में बंटकर शेष भारत के राज्यों में भ्रमण पर निकला है। इसी के तहत 28 छात्रों का दल पिछले 23 जनवरी से बनारस में है। इस दल का नेतृत्व असम के छात्र रूबल कर रहे हैं। छात्रों का यह दल काशी हिंदू विश्वविद्यालय, काशी विद्यापीठ समेत अन्य शिक्षण संस्थानों का भ्रमण किया। इसके अलावा गंगा में नौका भ्रमण, मां गंगा की आरती, बनारस रेल इंजन कारखाना का अवलोकन करने के साथ ही चुनार का एतिहासिक किला का भी भ्रमण किया। सोमवार को महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के गांधी अध्ययनपीठ सभागार में इन छात्रों का नागरिक अभिनंदन किया गया। साथ ही सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से यहां की संस्कृति से अवगत कराया गया। पूर्वोत्तर भारत के छात्रों का यह समूह दूसरे राज्य के भ्रमण के तहत रात में ही महाराष्ट्र के नंदुरबार के लिए प्रस्थान कर जाएगा।

## संचालन

### पूर्वोत्तर व शेष भारत के छात्रों के समूह को प्रतिवर्ष कराया जाता है राज्यों का भ्रमण

### सोच-विचार के बाद ही किया जाता है परिवारों का चयन

इस प्रकल्प में शामिल युवा विद्यार्थियों के रहने के लिए विभिन्न शहरों में रहने वाले परिवारों का चयन भी अपने आप में एक अनूठी प्रक्रिया है। परिषद के सह संगठन मंत्री गोविंद नाईक ने बताया कि इसके तहत अभाविप के पदाधिकारी व कार्यकर्ता पहले विश्वविद्यालय, महाविद्यालय के शिक्षकों, समाजसेवियों व अन्य प्रतिष्ठित परिवारों में जाकर परिषद द्वारा संचालित इस प्रकल्प की जानकारी देने के साथ ही प्रत्येक युवाओं को परिवार के साथ रखने के लिए सहमति लेते हैं। इसके बाद एक परिवार पर एक विद्यार्थी को रखने व भोजन आदि के लिए सहमति ली जाती है। इस दौरान परिवार को यह भी बताया जाता है उनके घर रहने वाले विद्यार्थी को परिवार के रहन-सहन, संस्कृति व खान-पान से संबंधित बातों को साझा भी करें। उन्होंने बताया कि इसका एक फायदा यह भी है कि जब कभी परिवार के लोग पूर्वोत्तर भारत घूमने जाते हैं तो यही युवा उन्हें वहां की जीवन शैली से रूबरू कराने के साथ ही अपने परिवार में रखते हैं। इस तरह से दोनों परिवारों के बीच प्रगाढ़ता भी बढ़ती है। विद्यार्थियों को यह भी आभास होता है के स्वयं के घर से दूर भी उनका एक घर और परिवार है। इस तरह परिषद द्वारा यह देश को जोड़ने व एकता के सूत्र में पिरोने का प्रयास चल रहा है।

# शिक्षण संस्थानों में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस

**वाराणसी।** शिक्षण संस्थानों में 76वां गणतंत्र दिवस समारोह के रूप में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान जहां राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया, वहीं देश की एकता-अखंडता की शपथ ली गयी। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के जरिए देश भक्ति की भावना को प्रस्तुत किया।

## जैपुरिया स्कूल बाबतपुर में ध्वजारोहण




सेठ एमआर जैपुरिया स्कूल्स बनारस के बाबतपुर कैम्पस में प्रबंध निदेशक मनोज कुमार बजाज ने ध्वजारोहण किया। चेयरमैन दीपक कुमार बजाज ने कहा कि लोकतंत्र की खूबसूरती यहीं है कि इसमें सभी को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। लोकतंत्र में सामान्य से विशेष का सफर आसान हो जाता है। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने गायन व नृत्य के जरिए देश भक्ति से जुड़ी मनमोहक प्रस्तुतियां दी। नन्हें-मुन्ने बच्चों की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र रही। संचालन अगस्त्य बिसेन ने किया। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक श्याम सुंदर बजाज, निदेशक अनिल के जाजोदिया, शैक्षणिक प्रबंधक नरेंद्र पांडेय, गोपा गौतम, जोसेफ पगारे, पूजा पांड्या, ताहिर अली, रत्नम कुमार, दीपक जायसवाल आदि थे।

## जीवनदीप शिक्षण समूह में फहराया राष्ट्रीय ध्वज




बड़ा लालपुर स्थित जीवनदीप शिक्षण समूह में चेयरपर्सन डॉ. अशोक कुमार सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उन्होंने बच्चों को ईमानदारी के साथ सत्य की राहत पर चलने की प्रेरणा देते हुए अपने और अपने परिवार से पहले देश को रखने की बात कही। वीर शहीदों को नमन करने के साथ ही सीमा पर शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरन बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर देश भक्ति से सबको सराबोर कर दिया। संचालन वशिष्ठ श्रीवास्तव व सृष्टि रघवंशी ने किया। इस अवसर पर वाइस चेयरपर्सन डॉ. अंशु सिंह, प्रधानाचार्या डॉ. ममता सिंह, प्राचार्य इंद्रेश चंद्र सिंह, प्रधानाचार्य सीबीन केडी, प्रधानाचार्य ओपी सिंह, संबद्धता निदेशक शैलेश त्रिवेदी समेत समस्त अधिकारी, अध्यापक, कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## स्वामी हरसेवानंद पब्लिक स्कूल में हुआ ध्वजारोहण

स्वामी हरसेवानंद पब्लिक स्कूल बनपुरवा, गड़वाघाट व जगतगंज परिसर में उल्लास के साथ ध्वजारोहण हुआ। मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रबंधक बाबा प्रकाशध्यानानंद ने ध्वजारोहण किया। कहा कि देश की रक्षा-सुरक्षा ही देश भक्ति कहलाती है। इस दौरान केसरिया, सफेद और हरे रंग के परिधान धारण किये बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। स्वागत प्रधानाचार्य डॉ. एके चौबे व संचालन मिर्जा विलायत बख्त ने किया। धन्यवाद छात्रावास अधीक्षक ले. एमएस यादव ने किया। इस अवसर पर विनोद कुमार, नीरज यादव, वरुण पांडेय, आलोक पाठक, नदीम असगर, तृप्ति शुक्ला, अमित कुमार, सौरभ यादव, मंजूलता शर्मा, अनुराधा दीक्षित, फूल कुमारी, शीला श्रीवास्तव, नम्रता सिंह, प्रमोद श्रीवास्तव आदि थे।



## सेंट जॉन्स स्कूल मढ़ौली में फहराया तिरंगा

सेंट जॉन्स स्कूल मढ़ौली में मुख्य अतिथि विद्यालय के मैनेजर केजे अगस्टिन ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने मातृभूमि के प्रति समर्पण, एकता, बलिदान और भाईचारे का संदेश दिया और अपने जीवन में सहयोग, संगठन और अनुशासन जैसे चारित्रिक गुणों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही देश के लिए बलिदान देने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानाचार्य फॉदर सुसई रज ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमारे देश की विभिन्न भाषाओं, परंपराओं और सांस्कृतिक विविधता का उत्सव है। संविधान हमें एक राष्ट्र के रूप में साथ रहने का खाका प्रदान करता है।



## गणतंत्र दिवस पर छात्राओं ने निकाली प्रभातफेरी



**चोलापुर।** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में 'स्वर्णिम भारत.. विरासत और विकास' थीम पर 76 वें गणतंत्र दिवस को बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। छात्राओं तथा शिक्षिकाओं द्वारा विद्यालय से लेकर चोलापुर बाजार तक प्रभात फेरी निकाली गई। प्रधानाचार्या अंजू सिंह द्वारा ध्वज फहराया गया। छात्राओं के द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों.. सामूहिक नृत्य, नाटक आदि की प्रस्तुति की गई। गणतंत्र दिवस शिक्षा मंत्री एवं शिक्षा निदेशक माध्यमिक के संदेश को छात्राओं को सुनाया गया। संचालन रंजना दुबे ने किया। इस अवसर पर डा. अनीता गिरी, सरिता कुशवाहा, चंद्रिका, नंदिता यादव ,अंजू यादव, आरती कुमारी, डा. रीता राय, रंजना दुबे, डा. विशालाक्षी देवी, अनुरमा शास्त्री, वंदना, सुधा, निधि त्रिपाठी, कैलाश, कन्हैया, विजय, अभिषेक सिंह आदि समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहे।

## त्रिपदा पब्लिक स्कूल में हुआ रंगारंग कार्यक्रम



**पिंडरा।** त्रिपदा पब्लिक स्कूल गांगकला बड़ागांव में ध्वजारोहण प्रबंध निदेशक कन्हैया लाल पटेल ने किया। विद्यालय के नन्हें-मुन्ने बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस मौके पर वार्षिक खेलकूद में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को मुख्य अतिथि विधायक डॉ. अवधेश सिंह ने पुरस्कृत किया। इस दौरान विद्यालय परिवार मौजूद रहा।